(क) अनुज्ञप्ति का प्रारंभिक मंजूर के लिए उदग्रहीत की जाने वाली पूर्ण फीस का उदग्रहण कर सकेगा; और

(ख) यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि विलंब उचित या माफ करने योग्य नहीं है और न ही इतना गंभीर है कि अनुज्ञप्ति का प्रतिसंहरण या अनुज्ञप्तिधारी का अभियोजन किया जाए तो वह दो हजार रुपए की विलंब फीस का उदग्रहण कर सकेगा:

परंतु यदि किसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए कोई आवेदन प्ररूप 3 में, अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीक से एक मास के भीतर किया जाता है, वहां कोई विलंब फीस उदग्रहणीय नहीं होगी।

(3) केन्द्रीय सरकार, कोई साधारण या विशेष आदेश जारी करके और लिखित में कारणों को लेखबद्ध करके तथा ऐसी शर्तों के, यदि कोई हों, जिन्हें वह आदेश में विनिर्दिष्ट करे, किसी अनुज्ञप्ति के संबंध में संदेय फीस के संबंध में छूट या उसमें कमी मंजूर कर सकेगा:

परंतु प्ररूप 3 में किसी अनुज्ञप्ति की मंजूरी या नवीकरण के संबंध में प्रभार्य फीस से संदाय से प्रत्येक छूट के लिए यह शर्त होगी कि यदि ऐसी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन, अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीख से एक मास के भीतर नहीं किया जाता है तो अनुज्ञापन प्राधिकारी, जब तक कि आवेदक अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह समाधान न कर दे कि उक्त अवधि के भीतर आवेदन न करने के लिए पर्याप्त कारण था, अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट दर पर नवीकरण फीस का उदग्रहण कर सकेगा।

(4) नियम 18 के दूसरे परंतुक के अधीन किसी मंजूर की गई अनुज्ञप्ति में प्रविष्ट आयुध या गोला बारूद के अर्जन के लिए उसकी किस्म में परिवर्तन के संबंध में उस समय अंतरणीय फीस प्रभार्य होगी, यदि इस प्रकार परिवर्तित आयुध या गोला बारूद के संबंध अनुज्ञप्ति फीस मूल आयुध या गोला बारूद की फीस से अधिक है।

28. प्रतियों और द्वितीय प्रतियों के लिए संदेय फीस: जहां इन नियमों के अधीन मंजूर या नवीकृत की गई अनुज्ञप्ति गुम हो जाती है या दुर्घटनावश नष्ट हो जाती है, वहां ऐसी अनुज्ञप्ति को मंजूर करने के लिए सशक्त प्राधिकारी मूल अनुज्ञप्ति के लिए प्रभार्य फीस के संदाय पर अनुज्ञप्ति की द्वितीय प्रति मंजूर कर सकेगा।

29. फीस का संग्रहण- सभी फीसों का संदाय आवेदन के समय नकद में या बैंक संदाय आदेश या मांग ड्राफ्ट या इलैक्ट्रानिक बैंककारी अंतरण के माध्यम से किया जाएगा।

30. अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा आयुधों का निरीक्षण – ऐसा प्राधिकारी, जिसके द्वारा प्ररूप 2, प्ररूप 3, प्ररूप 4 या प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति मंजूर अथवा नवीकृत की गई है, स्वयं का यह समाधान करने के प्रयोजन के लिए कि ऐसी अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले कोई आयुध, अनुज्ञप्ति के नवीकरण के समय या अनुज्ञप्ति के प्रवृत्त रहने के दौरान किसी भी समय अनुज्ञप्तिधारी के कब्जे में हैं, लिखित आदेश द्वारा अनुज्ञप्तिधारी से, ऐसे समय और स्थान पर तथा ऐसे अधिकारी द्वारा, जैसाकि आदेशमें विनिर्दिष्ट किया जाए, निरीक्षण के लिए आयुध या आयुधों को प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

31. **अनुज्ञप्तियों को प्रस्तुत करना** – ऐसा कोई व्यक्ति, जो इन नियमों के अधीन मंजूर या नवीकृत की गई कोई अनुज्ञप्ति या कोई अनुज्ञापत्र या प्रमाणपत्र धारण करता है, किसी मजिस्ट्रेट या किसी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी से अन्यून पंक्ति के पुलिस अधिकारी से मांग किए जाने पर ऐसी अनुज्ञप्ति, अनुज्ञापत्र या प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करेगा ।

32. **सार्वजनिक स्थान पर अग्न्यायुध साथ रखने पर निर्बंधन** – (1) कोई व्यक्ति, तब तक किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई अग्न्यायुध अपने पास नहीं रखेगा जब तक कि इस प्रकार पास रखे जाने वाला अग्न्यायुध –

(क) किसी हैंडगन की दशा में –

(i) किसी होल्सटर में या किसी हैंडगन को साथ रखने के लिए तैयार किए गए, विनिर्मित अनुकूलित समान होल्डर में है और वह उसके शरीर से जुड़ा हो; या

(ii) किसी रकसैक या समान प्रकार के होल्डर में है; या

(ख) किसी अन्य अग्न्यायुध की दशा में, किसी अग्न्यायुध को साथ रखने के लिए तैयार किए गए, विनिर्मित अनुकूलित समान होल्डर में है ।

(2) उपनियम (1) में अनुध्यात किसी अग्न्यायुध को पूर्ण रूप से आवरण से ढका होना चाहिए और अग्न्यायुध को साथ रखने वाला व्यक्ति, ऐसे अग्न्यायुध पर प्रभावी नियंत्रण रखने में समर्थ होना चाहिए ।

(3) किसी सार्वजनिक स्थान या किसी अग्न्यायुध मुक्त जोन में अग्न्यायुध को लहराना या उसे दागना या उससे हवा गोली चलाना पूर्णतया प्रतिषिद्ध है ।

(4) इस नियम का कोई उल्लंघन, अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण के लिए दायी होगा और साथ ही अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट शास्ति के उदग्रहण के साथ अग्न्यायुध का भी अभिग्रहण कर लिया जाएगा ।

33. **सूचना को ठीक करना** – (1) किसी अनुज्ञप्ति में अंतर्विष्ट किसी ऐसी सूचना को, जिसे एनडीएलएल प्रणाली पर अशुद्ध रूप से अपलोड कर दिया गया है, ठीक करने के लिए कोई अनुरोध, संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी को समर्थनकारी दस्तावेजों के साथ लिखित आवेदन में प्रस्तुत किया जाएगा ।

(2) जहां उपनियम (1) में निर्दिष्ट कोई आवेदन किसी ऐसे अग्न्यायुध के ब्यौरे से संबंधित है, जिसे अनुज्ञप्ति में अशुद्ध रूप से उपदर्शित किया गया है, वहां अनुज्ञापन प्राधिकारी, अग्न्यायुध के ब्यौरों की पुष्टि करने के लिए अग्न्यायुध को उसके भौतिक निरीक्षण के लिए मंगा सकेगा या प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले किसी बंदूक बनाने वाले या रक्षा बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस बलों में कार्यरत किसी शस्त्रसाज से जारी किसी प्रमाणपत्र की मांग कर सकेगा ।

(3) उपनियम (2) में निर्दिष्ट बंदूक बनाने वाला या शस्त्रसाज या अग्न्यायुध की परीक्षा करने के पश्चात् एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा, जिसमें अग्न्यायुध के कार्य, डिजाइन, किस्म, मेक, माडल, कैलिबर और क्रम संख्यांक या अतिरिक्त चिह्नों का कथन होगा ।

(4) सूचना को ठीक करने के लिए आवेदक से उस समय कोई लागत नहीं ली जाएगी, जहां सूचना को अपलोड करने में हुई त्रुटि अनुज्ञापन प्राधिकारी के कारण हुई थी ।

34. **अग्न्यायुधों पर पहचान चिह्न** – (1) ऐसा कोई व्यक्ति, जिसके कब्जे में ऐसा कोई अग्न्यायुध है, जिस पर विशिष्ट रूप से विनिर्माता का नाम, संख्यांक या अन्य पहचान चिह्न अंकित नहीं है, अनुज्ञापन प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अग्न्यायुध पर पहचान चिह्न अंकित कराएगा, जिसमें निम्नलिखित क्रम में अग्न्यायुध के बैरल और फ्रेम या बैरल और रिसीवर पर निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, -

(क) ऐसे विशिष्ट अक्षर, जो इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा विहित किए जाएं;

(ख) आयुध अनुज्ञप्ति का क्रम संख्यांक; और

(ग) स्टांप लगाने का वर्ष ।

(2) जब किसी आयातित अग्न्यायुध को व्यौहारी द्वारा विक्रय के लिए रखा जाता है, जिस पर विनिर्माता का नाम नहीं है, वहां राज्य सरकार द्वारा यथा आबंटित आयातकर्ता के विशिष्ट चिह्न को, अनुज्ञापन प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के पश्चात्, अग्न्यायुध के बैरल और फ्रेम या बैरल और रिसीवर पर उत्कीर्णित किया जाएगा:

परंतु यदि बैरल पर एक से अधिक संख्यांक चिह्नित हैं तो मूल बीजक पर उपदर्शित संख्यांक को विशिष्ट चिह्न के रूप में अंकित किया जाएगा;

परंतु यह और कि जहां विनिर्माता का संख्यांक केवल ट्रिगर गार्ड या किसी अन्य प्रतिस्थापनीय भाग पर उपदर्शित किया गया है, वहां ऐसे संख्यांक को अग्न्यायुध के बैरल और फ्रेम या बैरल या रिसीवर पर भी उत्कीर्णीत किया जाएगा ।

अध्याय 3

अनुज्ञप्तियों के विशेष प्रवर्ग

35. ऐसे जंगली पशुओं को मारने के लिए अनुज्ञप्ति, जो मानवों या मवेशियों को क्षति और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं - (1) इस नियम के अधीन आयुध अनुज्ञप्तियों की मंजूरी, ऐसे राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के संबंध में, जहां वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) लागू है, उसके उपबंधों के अधीन होगी ।

(2) प्ररूप 4 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए इस नियम के अधीन किए जाने वाले आवेदन में ऐसी भूमि और कृषि के, जिसे सुरक्षा की आवश्यकता है तथा उस क्षेत्र के, जहां आयुध और गोला बारूद को साथ में रखा जाना अपेक्षित है, ब्यौरे विनिर्दिष्ट किए जाएंगे ।

(3) जहां फसल कटाई के मौसम की समाप्ति पर, राज्य सरकार किसी क्षेत्र में वन्य जीव के संरक्षण के लिए ऐसा करना समीचीन समझती है कि प्ररूप 4 में किन्हीं आयुध या गोला बारूद को किसी पुलिस थाने या अनुज्ञप्त व्यौहारी के पास जमा किया जाना चाहिए , वहां वह आदेश द्वारा किसी अनुज्ञप्तिधारी से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह ऐसी अवधि के लिए, जिसके दौरान ऐसे प्रयोजनों के लिए जिसके हेतु अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है और जो विनिर्दिष्ट किए गए हों, आयुध या गोला बारूद अपेक्षित नहीं हैं, उन्हें जमा करने की अपेक्षा कर सकेगी और तदुपरांत अनुज्ञप्तिधारी ऐसे आदेश का अनुपालन करने के लिए आबद्ध होगा ।

36. प्रशिक्षण और लक्ष्य को साधने के अभ्यास के लिए अनुज्ञप्ति - (1) इक्कीस वर्ष से कम किंतु बारह वर्ष से अधिक आयु के किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण के प्रयोजनों के लिए अनुज्ञेय प्रवर्ग के आयुधों का उपयोग करने की अनुज्ञा दी जा सकेगी, जो ऐसे आयुधों का उपयोग किसी वयस्क अनुदेशक या अनुज्ञप्तिधारी की उपस्थिति या प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के अधीन कर सकेगा:

परंतु इक्कीस वर्ष के कम आयु के किसी व्यक्ति को, ऐसे किसी व्यक्ति की, जो अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ऐसे आयुधों को अपने साथ रखने के लिए विधिपूर्वक प्राधिकृत है, उपस्थिति में और पर्यवेक्षण के अधीन सिवाय सार्वजनिक स्थान पर अनुज्ञेय प्रवर्ग के ऐसे आयुध को साथ रखने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगा, जिसके लिए कोई अनुज्ञप्ति अपेक्षित है ।

(2) ऐसे किसी व्यक्ति, जो निशानेबाजी की क्रीड़ा हेतु अभ्यास करने के लिए प्ररूप 3 में आयुधों के अनुज्ञेय प्रवर्ग को कब्जे में रखने के लिए अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करता है, से इस बात का साक्ष्य दर्शित करने की अपेक्षा की जाएगी कि वह ऐसे क्रियाकलापों में भाग लेता है और वह संरचनाबद्ध पठन प्रक्रिया का पालन कर रहा है ।

(3) ऐसे किन्हीं आयुधों का, जिन्हें निशानेबाजी की क्रीड़ा के प्रयोजनों के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त है, उपयोग क्रीड़ा निशानेबाजी क्लबों या निशानेबाजी रेंज में अभ्यास और प्रतियोगित तक ही सीमित होगा ।

(4) प्ररूप 3 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई समर्पित खिलाड़ी, केवल क्रीड़ा के प्रयोजन के लिए किसी अन्य समर्पित खिलाड़ी को जो विधिक रूप से इस किस्म के आयुधों को कब्जे में रखने के लिए हकदार है, तीन मास से अनधिक अवधि के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए अपने आयुधों को उधार देन के लिए समर्थ होगा,-

(क) उधार लेने वाले व्यक्ति द्वारा आयुध का उपयोग किसी अनुज्ञप्ति धारक की उपस्थिति में या उसकी अनुज्ञप्ति की प्रमाणित प्रति के साथ किसी लिखित प्राधिकार के अधीन किया जाता है, जिसमें आयुध का संख्यांक और अन्य पहचान चिह्न और उसे उधार दिए जाने की अवधि दर्शित होगी;

(ख) उधार लेने वाले व्यक्ति की घोर अनदेखी के कारण आयुध का दुरुपयोग किए जाने या उसके चोरी या गुम हो जाने की दशा में, उधारकर्ता की अनुज्ञप्ति प्रतिसंहरण किए जाने की दायी होगी और साथ ही वह अधिनियम के उपबंधों के अधीन अभियोजन के लिए भी दायी होगा; और

(ग) उधार लेने वाला व्यक्ति, मांगे जाने पर इस प्रकार उधार लिए जाने का सबूत प्रस्तुत करेगा ।

(5) जहां उधारकर्ता की अनुपस्थिति में उपनियम (4) के अधीन आयुधों को उधार लेने वाला व्यक्ति प्रशिक्षण या निशानेबाजी के अभ्यास या किसी निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयुध और गोला बारूद को किसी निशानेबाजी रेंज में ले जाने का आशय रखता है, वहां वह आयुध और गोला बारूद के संबंध में उधारकर्ता द्वारा प्ररूप 5क में हस्ताक्षरित लिखिति प्राधिकार अपने साथ रखेगा, जिसमें क्षेत्र और अवधि भी विनिर्दिष्ट की जाएगी और साथ ही उधारकर्ता की आयुध अनुज्ञप्ति की एक प्रमाणित प्रति भी लगी होगी ;

परंतु जहां आयुध या गोला बारूद को राज्य से बाहर ले जाना आशयित है, वहां लिखित प्राधिकार को ऐसे जिला या राज्य राइफल संघ, जहां उधारकर्ता रजिस्ट्रीकृत है, अध्यक्ष या सचिव द्वारा अनुप्रमाणित किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण – इस नियम के प्रयोजन के लिए, "वयस्क" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने इक्कीस वर्ष की आयु पूरी कर ली है ।

37. निशानेबाजी क्रीड़ा संघ के अनुज्ञप्ति - (1) संबद्ध राज्य राइफल संघ या भारत के राष्ट्रीय राइफल संघ के साथ प्रत्यायित कोई निशानेबाजी क्रीड़ा संघ या कोई क्लब या कोई सेना मैस प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन करने के लिए पात्र होंगे और साथ ही अपने परिसरों पर आयुधों और गोला बारूद को अर्जित करने तथा कब्जों में और उनका उपयोग और/या भंडारण करने के लिए भी पात्र होंगे ।

(2) अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए उपनिमय (1) के अधीन कोई आवेदन, प्रारंभिक मंजूरी के समय या उसके प्रत्येक पश्चातवर्ती नवीकरण के समय किए जाने वाला आवेदन, यथा लागू निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, अर्थात्:-

(क) उसके ज्ञापन और संघ अनुच्छेदों और सदस्यता नियमों;

(ख) पदधारियों और स्थायी सदस्यों की सूचियों;

(ग) प्रशिक्षण और निशानेवाजी के अभ्यास के लिए प्रत्यायित निशानेबाजी रेंज की विशिष्टियां;

(घ) निशानेबाजी की क्रीड़ा के संवर्धन या प्रोत्साहन के लिए किए गए प्रशिक्षण/निशानेबाजी अभ्यास संबंधी क्रियाकलापों के ब्यौरे;

(ङ) आयोजित किए गए निशानेबाजी क्रीड़ा टूर्नामेंट या प्रतियोगिताओं के ब्यौरे;

(च) नियम 10 के अधीन आयुधों और गोला बारूद के सुरक्षित भंडारण के ब्यौरे; और

(छ) क्लब या संघ और/या उसके द्वारा उपभोग किए गए गोला बारूद के पूर्ण अभिलेख।

(3) जहां प्ररूप 5 में कोई अनुज्ञप्ति किसी निशानेबाजी क्रीड़ा संघ या क्लब या किसी सेना मैस के नाम पर मंजूर की गई है, वहां ऐसी मैस, क्लब या संघ के किसी सदस्य के लिए, अनुज्ञप्ति की शर्तों के अधीन रहते हुए प्रशिक्षण और निशानेवाजी के अभ्यास के प्रयोजन के लिए अनुज्ञप्ति में उल्लिखित निशानेबाजी रेंज पर अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले आयुध या गोला बारूद का उपयोग करना विधिपूर्ण होगा ।

(4) जहां किसी राइफल क्लब या संघ का कोई सदस्य, मरम्मत या प्रशिक्षण या निशानेबाजी अभ्यास के लिए किसी शूटिंग रेंज में जाने के लिए या किसी निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के प्रयोजन के लिए क्लब या संघ के परिसरों से बाहर आयुध या गोला बारूद को ले जाने का आशय रखता है, वहां उससे यह अपेक्षा की जाएगी की वह आयुध और गोला बारूद के संबंध में और क्षेत्र तथा पारपत्र में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए क्लब या संघ के अध्यक्ष या सचिव द्वारा हस्ताक्षरित प्ररूप 5ख में एक पारपत्र अपने पास रखे ।

38. शूटिंग रेंज के लिए अनुज्ञप्ति-(1) कोई व्यक्ति किसी आंतरिक या बाहरी प्राइवेट शूटिंग रेंज के लिए अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर रहा है केंद्रीय सरकार द्वारा इस लिमिट साधारण या विशेष आदेश द्वारा पारित तकनीकी और सुरक्षा मांगों को पूरा करने की अपेक्षा होगी :

परंतु एयर पिस्टन और एयर राइफल से लक्ष्य अभ्यास के लिए उपयोग की जाने वाली 10 मीटर की दूरी तक की आंतरिक रेंज को अनुज्ञापन अपेक्षाएं लागू नहीं होगी >

(2) इस नियम के अधीन कोई अनुज्ञप्ति अनुदत्त नहीं की जाएगी जब तक की ऐसी शूटिंग रेंज के स्वामी या प्रचालक के पास तृतीय पक्षकार बीमा कवर या अज्ञापक बैंक प्रतिभूति बंधपत्र अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयाप्त वित्तीय प्रबंध न हो:

परंतु सैनिक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस विभाग के स्वामित्वाधीन या प्रचालित रेंज संबंधित आंतरिक मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार जोखिम को स्वयं कवर करते हैं ।

(3) भारतीय खेल प्राधिकरण या भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम उनसे संबद्ध संघो, निकायों का नियमित निरीक्षण संचालित करेंगे, नियमित अंतराल पर ऐसे रेंज के स्वामी है या प्रचालन करते हैं ताकि शूटिंग रेंज के लिए अधिकृत सुरक्षा मानकों और अन्य मानदंडो का कठोरता से पालन का सुनिश्चित किया जा सके।

(4) अनुज्ञापन प्राधिकारी उसके क्षेत्राधिकार के अधीन आने वाले फायरिंग रेंज के सभी प्रवर्गों का अवधिक या औचक निरीक्षण भी कर सकेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे रेंजो को लागू तकनीकी और सुरक्षा शर्तों का पालन किया जा रहा है ।

(5) आयुधों के सुरक्षित और दक्षित रखरखाव के संबंध में तथा आयुधों के परीक्षण के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत गोला-बारूद को फायर करना भी है ऐसे प्रत्यायित शूटिंग रेंज में किया जाएगा जिसके पास प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति है ।

39 प्रत्यायित प्रशिक्षकों के लिए अनुज्ञप्ति-(1) कोई व्यक्ति जो प्रत्यायित प्रशिक्षक की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर रहा है, से इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने से पूर्व पात्रता परीक्षण पूरा करने और प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा होगी :

परंतु प्रत्यायित पर प्रशिक्षकों की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और उसके संचालन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत अंतर्विष्ट करते हुए नीति केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में साधारण या विशेष आदेश पारित करते हुए विनिर्दिष्ट की जाएगी ।

(2) कोई व्यक्ति मास्टर प्रत्यायित प्रशिक्षक की अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए आवेदन कर रहा है विभिन्न प्रकार के लघु आज के हथालन की तकनीकी जानकारी और विशेषज्ञता रखने की अपेक्षा होगी अलवर इस संबंध में अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधान प्रद रूप से दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करेगा :

परंतु मास्टर प्रत्यायित प्रशिक्षक की अनुज्ञप्ति अनुदित करने के लिए नीति मार्गदर्शक सिद्धांत केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में साधारण या विशेष आदेश पारित करते हुए विनिर्दिष्ट किए जाएंगे :

परंतु या और कि मास्टर प्रत्यायित प्रशिक्षक उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट प्रत्यायित प्रशिक्षकों प्रशिक्षण प्रदान करने के हकदार होंगे ।

(3) मास्टर प्रत्यायित प्रशिक्षक और प्रत्यायित प्रशिक्षक अनुज्ञप्ति प्रदान करने के पश्चात निम्नलिखित के लिए पात्र होंगे :-

(i) आवेदकों को नियम 10 में विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करना और इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ततियां देना; और

(ii) अनुबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा करने पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जारी करना ।

(4) प्रत्यायित प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शूटिंग रेंजों को उपलब्ध कराने के लिए मानदंड केन्द्रीय सरकार द्वारा साधारणा या विशेष आदेश पारित करके विनिर्दिष्ट किए जा सकेंगे ।

(5) उपनियम (4) में विनिर्दिष्ट शूटिंग रेंज में रक्षा बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राज्य पुलिस विभागों के स्वामित्वाधीन या उनके द्वारा प्रचालित सरकारी शूटिंग रेंज और शूटिंग क्लबों या संघों के स्वामित्वाधीन और उनके द्वारा प्रचालित शूटिंग रेंज भी हैं, जिन्हें इन नियमों के प्ररूप 5 में अनुज्ञप्ति अनुदत्त की गई है ।

स्पष्टीकरण:- इस नियम के प्रयोजन के लिए मास्टर प्रत्यायित प्रशिक्षक लघु आयुध विशेषज्ञों जिन्होंने रक्षा बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राज्य पुलिस बलों में कार्य किया है और नियम 40 के स्पष्टीकरण के अधीन यथा परिभाषित अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्तकर्ता और विख्यात शूटर को निर्दिष्ट करता है ।

40. **खिलाड़ियों, शूटिंग संगमों आदि को गोला बारूद की मात्रा-** (1) खिलाड़ियों के विभिन्न वर्गों को उनकी वैयक्तिक खपत और शूटिंग क्रीड़ा संगमों को अनुज्ञात गोला बारुद की मात्रा नीचे दी गई सारणी में अधिकथित सीमाओं के अनुसार होगी:-

सारणी

क्रम सं.	व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्ग	अग्नायुध की किस्म	प्रत्येक किस्म के गोला बारूद की मात्रा और विवरण	
			किसी भी समय कब्जे में रखने के लिए	वर्ष के दौरान क्रय की जा सकने वाली
1.	अर्जुन पुरस्कार विजेता	सभी	1,00000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए	2,00000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए
2.	अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता/विख्यात शूटर	राइफल/पिस्टल .22एलआर; 8 मि.मीटर तक कैलीबर के साथ सेंटर	50,000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के	10,0000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के

		फायर राइफल; रिवॉल्वर/पिस्टल; 12 बोर/गेज कैलीबर तक की शॉटगन।	लिए	लिए
3.	कनिष्ठ लक्ष्य शूटर	8 एमएम कैलीबर की सेंटर फायर राइफल; रिवॉल्वर/पिस्टल; 12 बोर/गेज कैलीबर तक की शॉटगन	10,000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए	30000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए
4.	शूटर बनने के आकांक्षी	.22 एलआर राइफल/पिस्टल कोई अन्य पिस्टल/रिवॉल्वर कैलीबर कोई अन्य राइफल/शॉटगन कैलीबर	15,000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए	30000 सामूहिक रूप से सभी किस्म के अग्नायुधों के लिए
5.	अन्य शूटर (जो ऊपर क्रम संख्या 1 से 4 के अधीन नहीं आते हैं) जो विधिमान्य आयुध अनुज्ञप्तियां रखते हैं और जो भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम या भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम से संबद्ध राज्य राइफल संगमों या शूटिंग क्लबों/ राज्य राइफल संगमों से संबद्ध जिला राइफल संगमों के सदस्य भी हैं सदस्य भी हैं	.22एलआर राइफल/पिस्टल किसी अन्य कैलीबर का कोई अन्य पिस्टल/रिवॉल्वर किसी अन्य कैलीबर का कोई अन्य राइफल/शॉटगन	500 300 200	1000 600 500
6.	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम से संबद्ध राज्य राइफल संगम। शूटिंग क्लब/ राज्य राइफल संगम से संबद्ध जिला राइफल संगम राज्य राइफल संघों के साथ संबद्ध संगम राज्य राइफल संगमों या भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगमों के साथ सहबद्ध सभी शूटिंग	प्रमाणन निकाय की सिफारिशों के आधार पर गोला बारूद की ऊपरी सीमा का विनिश्चय अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा किया जाना है।		

IndiaCode

	क्लब। भारतीय खेल प्राधिकरण या राज्य सरकारों के खेल प्राधिकरण के अधीन सभी शूटिंग रेंज	
टिप्पण: 12बोर/गेज तक के कैलीबर से शॉटगन के कैलीवर अभिप्रेत हैं और इसके अंतर्गत 16, 20, 28, और 410 बोर आदि के निम्नतर कैलीबर सम्मिलित हैं		

(2) इस नियम के प्रयोजनों के लिए प्रमाणीकरण निकाय और प्रमाणीकरण अंतर्वस्तु नीचे दी गई सारणी में यथा विनिर्दिष्ट होगी, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	खिलाड़ी का प्रवर्ग	प्रमाणीकरण निकाय	प्रमाणीकरण की शर्तें
1.	अर्जुन पुरस्कार विजेता	खेल विभाग, युवा और खेल मामले मंत्रालय में भारत सरकार	प्रमाण पत्र यह कथन करेगा कि पुरस्कार शूटर के रूप से उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया था
2.	अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता/विख्यात शूटर	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम (एनआरएआई)	प्रमाण पत्र यह कथन करेगा कि अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता द्वारा पदक अंतरराष्ट्रीय चैम्पीयनशिप में जीता गया था और विख्यात शूटरों की दशा में योग्यता प्रमाण पत्र में अर्हक स्कोर के साथ

			एनआरआई द्वारा यथानिर्दिष्ट स्पर्धा के लिए न्यूनतम अर्हक अंक (एमक्यूएस)
3 और 4	कनिष्ठ लक्ष्य शूटर/उच्चकांक्षी शूटर	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम या एनआरएआई के अनुमोदित या संबद्ध राज्य राईफल संगम	प्रमाणपत्र, स्पर्धा के लिए एनआरएआई या राज्य राईफल संगम द्वारा यथानिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हक अंक सहित अर्हक अंक वर्णित करेगा।
5	अन्य शूटर	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम या एनआरएआई के संबद्ध राज्य राईफल संगम या शूटिंग कल्ब/राज्य राईफल संगम के साथ संबद्ध जिला राईफल संगम।	प्रमाणपत्र शूटर की सदस्यता और अन्य ब्यौरे का कथन करेगा।
6	राज्य राईफल संगम या भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम के साथ संबद्ध शूटिंग कल्ब/जिला राईफल संगम।	यथालागू राज्य राईफल संगम या भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम।	

IndiaCode

	राज्य राईफल संगम	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम	
	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम	युवा मामले और खेल मंत्रालय	
	शूटिंग रेंज	भारतीय खेल प्राधिकरण/राज्य सरकार का खेल प्राधिकरण/ भारतीय राष्ट्रीय राइफल संगम	

स्पष्टीकरण – इस नियम के प्रयोजनों के लिए,

(क) "अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप" से एशियाई खेल, एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप या एशियाई महिला या एशियाई जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप राष्ट्रमंडल खेल, राष्ट्रमंडल शूटिंग चैंपियनशिप, ओलंपिक खेल, विश्व जूनियर या सीनियर शूटिंग चैंपियनशिप और सीनियर जूनियर स्पर्धाओं में विश्व कप अभिप्रेत है ।

(ख) "अंतरराष्ट्रीय मेडलधारी" से कोई व्यक्ति जिसने किसी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में व्यक्तिगत या टीम मेडल जीता है;

(ग) "विख्यात शूटर" से कोई व्यक्ति जिसने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल संग (आईएसएसएफ) के नियमों के अनुसार किसी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में किसी खुली पुरुष स्पर्धा या खुली महिला स्पर्धा या खुली सिविल स्पर्धा में, चाहे अर्हक टूर्नामेंट या वाइल्ड कार्ड प्रवेश के माध्यम से भाग लिया है और राष्ट्रीय राईफल संगम द्वारा विहित न्यूनतम अर्हक अंक अभिप्राप्त किए हैं ;

(घ) "कनिष्ठ लक्ष्य शूटर" से कोई व्यक्ति जिसने बारह वर्ष की आयु पूर्ण की है, परंतु इक्कीस वर्ष से कम आयु का है और कम से कम एक राज्य चैंपियनशिप (वर्ष में एक बार आयोजित) या आंचलिक चैंपियनशिप में या राष्ट्रीय राईफल संगम और/या संबंधित राज्य राईफल संगम द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया है;

(ड.) "उच्चकांक्षी शूटर" से कोई व्यक्ति जिसने कम से कम एक राज्य चैंपियनशिप (वर्ष में एक बार आयोजित) या आंचलिक चैंपियनशिप में या राष्ट्रीय राईफल संगम और/या संबंधित राज्य राईफल संगम द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया है और राष्ट्रीय राईफल संगम द्वारा विहित न्यूनतम अर्हक अंक अभिप्राप्त किए हैं ;

41. संग्रहालयों को अनुज्ञप्ति – (1) आयुध और गोला-बारुद के प्रदर्शन हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाला किसी संग्रहालय को संस्कृति मंत्रालय के पास सम्यक प्रत्यायन और केंद्रीय या किसी राज्य अधिनियमों के अधीन रजिस्ट्रीकरण धारण करना आवश्यक है ।

(2) उपनियम (1) के अधीन आवेदन के साथ -

(i) प्रदर्शन क्रियाविधियों का विवरण जिसे आयुध और गोला-बारुद को प्रदर्शित करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा;

(ii) प्रदर्शन एक प्रत्यायोजित संग्रहालय होगा, का दस्तावेजी सबूत;

(iii) प्रदर्शित किए जाने वाले आयुध या गोला-बारुद के भंडारण, परिवहन और सुरक्षित अभिरक्षा से संबंधित सुरक्षा उपायों का विवरण और विनिर्देश;

(iv) संग्रहालय, जहां आयुध या गोला-बारुद प्रदर्शित किए जाएंगे, को पहुंच नियंत्रण का विवरण; और

(v) यह प्रमाणपत्र कि संग्रहालय आम जनता के लिए खुला रहेगा ।

(3) आयुध और गोला-बारुद संग्रहालय के नियुक्त संग्रहालयाध्यक्ष या संग्रहालयाध्यक्ष द्वारा लिखित में उसके लिए प्राधिकृत किसी व्यक्ति, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आयुध और गोला-बारुदतक अनधिकृत पहुंच और नुकसान को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं, के नियंत्रणाधीन प्रदर्शित या भंडारित किए जाएंगे ।

(4) आयुध और गोला-बारुद का उपयोग केवल अनुज्ञप्ति में यथावर्णित संग्रहालय के रजिस्ट्रीकृत परिसरों पर संग्रहालय द्वारा प्रदर्शन और/या भंडारण के लिए किया जाएगा ।

(5) अनुज्ञप्तिधारी किसी अग्न्यायुध का प्रदर्शन केवल तभी करेगा जब, -

(क) अग्न्यायुध भरा हुआ नहीं है;

(ख) अग्न्यायुध को किसी जंजीर या धातु केबल से बांधा गया हो, जो दिवार या स्थायी फिक्चर से बंधी जंजीर या केबल के एक सिरे के साथ ट्रिगर गार्ड में से ऐसी रीति में गुजरती है, जिससे कि संग्रहालयाध्यक्ष या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति से अन्यथा किसी व्यक्ति द्वारा अग्न्यायुध को हटाने से निवारित किया जाए;

(ग) अग्न्यायुध को सुरक्षित लाकिंग डिवाइस के माध्यम से निष्क्रय बनाया जाता है और ऐसे स्थान पर ऐसी रीति में प्रदर्शित किया जाता है, जो केवल संग्रहालयाध्यक्ष या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति की पहुंच में हो ।

42. **नाटक फिल्म या टेलीविजन निर्माणों के लिए आयुध और गोला-बारुद के लिए अनुज्ञप्ति** – (1) आयुध और गोला-बारुद को प्राप्त करने, कब्जे में रखने, साथ ले जाने और उपयोग करने के लिए अनुज्ञप्ति आवेदकों को प्ररुप 3 में निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए जारी की जा सकेगी, अर्थात्:-

(i) ऐसे अभिनयों के लिए नाटक, अभिनय और पूर्वाभ्यास;

(ii) फिल्मों के निर्माण से;

(iii) टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्माण में;

(iv) ऐतिहासिक पुन:अभिनय का संगठन और आयोजन;

(v) दौड़ो या खेल कूद स्पर्धाओं को प्रारंभ करने के लिए संकेत करने ।

(2) इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, अर्थात् :-

(i) एक वचनबंध, जिसमें पुष्टि की गई हो कि आवेदक अग्न्यायुध प्रतिकृति और खाली फायरिंग अग्न्यायुध को अग्न्यायुधों में परिवर्तित नहीं करेगा;

(ii) अनुज्ञप्ति प्राधिकारी का समाधान करते हुए यह सबूत कि आवेदक एक वास्तविक उपयोगिता है या ऐसे आयुध या गोला-बारुद को उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए भाड़े पर उपलब्ध करवाने वाला ठेकेदार है;

(iii) आवेदक द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाले आयुध या गोला-बारुद की सुरक्षित अभिरक्षा से संबंधित सुरक्षापायों का विवरण ;

(iv) एक वचनबंध जिसके अनुसार आवेदक या कोई व्यक्ति जिसको आयुध भाड़े पर दिए जाते हैं भरे हुए गोला बारुद का उपयोग नहीं करेगा;

(v) उस स्थान के ब्यौरे जहां आयुध या गोला-बारुद जारी करने के संबंध में अभिलेख अनुज्ञप्ति प्राधिकारी या निरीक्षक की पंक्ति से अन्यून किसी पुलिस अधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए रखे जाएंगे ।

43. भारत आने वाले पर्यटकों द्वारा आयुध या गोला-बारुद का अर्जन कब्जे में रखना और निर्यात – (1) किसी पर्यटक को प्ररुप 6 में भारत में उसके ठहराव के दौराव अनुसूची 1 के प्रवर्ग 3, प्रवर्ग 4 और प्रवर्ग 5 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोला-बारुद को अर्जित करने, अपने कब्जे में रखने (किंतु उपयोग न करने), भारत से बाहर ले जाने और निर्यात करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी :

परंतु अनुसूची 1 के प्रवर्ग 4 में विनिर्दिष्ट आयुध के निर्यात के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ केंद्रीय सरकार के पुरातत्व के महानिदेशक से इस प्रभाव का प्रमाणपत्र कि निर्यात किए जाने के लिए आशयित आयुध पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का 52) के अधीन "पुरावशेष" की परिभाषा के भीतर नहीं आते हैं, के साथ संलग्न किया जाएगा ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी भारत छोड़ने के समय आयुध या गोला-बारुद पेश करेगा और अपनी अनुज्ञप्ति पासपोर्ट निरीक्षण प्राधिकारी या इस निमित्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सशक्त अन्य प्राधिकारी को पत्तन पर या भारत से प्रस्थान से अन्य स्थान पर वापस करेगा ।

(3) पासपोर्ट निरीक्षण प्राधिकारी या अन्य प्राधिकारी जिसको अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञप्ति लौटाई गई है, उसे उस प्राधिकारी को ऐसे टिप्पणियों के साथ कि आयुध या गोला-बारुद सम्यक रुप से निर्यात किए गए हैं, अग्रेषित करेगा जिसमें उसे जारी किया गया था ।

44. भारत में शूटिंग स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को अनुज्ञप्ति – (1) किसी देश से किसी भी आयु समूह के किसी खिलाड़ी द्वारा जो खेल और युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी खेल निकाय द्वारा भारत में आयोजित की जाने वाली शूटिंग प्रतियोगिता या स्पर्धा या प्रतियोगिताओं या स्पर्धाओं की श्रृंखलाओं या प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं । स्पर्धा या प्रतियोगिता या प्रशिक्षण की अवधि के दौरान और उसके लिए तय स्थान पर प्ररुप क-5 में आवेदन किया जा सकेगा और ऐसे आवेदक को अनुसूची 1 के प्रवर्ग 3 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोला-बारुद के लिए अनुज्ञप्ति यथाव्यवहार्य भारत में खिलाड़ी के आगमन की प्रत्याशित तारीख से एक मास पूर्व प्रदान किया जा सकेगा ।

(2) किसी सामूहिक आवेदन की दशा में अनुज्ञप्ति प्रबंधक या टीम या समूह के साथ किसी अधिकारी के नाम से जारी की जा सकेगी और आयुध और गोला-बारुद के ब्यौरे जारीकर्ता अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संलग्न उपाबंध में जो अनुज्ञप्ति का भाग होगी, में दिए जा सकेंगे ।

(3) जहां उपनियम(1) के अधीन किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी या खिलाड़ियों को अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है, वहां ऐसे व्यक्ति की अनुज्ञप्ति के साथ-साथ पासपोर्ट और वीज़ा भी आगमन के पत्तन के अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे और उक्त प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारी से लिखित में वचनबंध अभिप्राप्त करने के पश्चात् कि वह भारत में किसी को भी आयुध या गोला-बारुद नहीं बेचेगा या अंतरित नहीं करेगा, अनुज्ञप्ति को पृष्ठांकन की तारीखसे छह मास की अवधि के लिए या वीजा की विधिमान्यता तक, जो भी पूर्वत्तर हो, विधिमान्य होगी और पासपोर्ट या वीज़ा में उन आयुधों और गोला बारुद की पूर्व विशिष्टियां देते हुए, जिनके लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, पासपोर्ट या वीजा में भी प्रविष्टि करेगा ।

(4) अनुज्ञप्तिधारी भारत को छोड़ते हुए ऐसे प्राधिकारी जिसके नियंत्रणाधीन शूटिंग प्रतियोगिता या स्पर्धा या प्रशिक्षण संचालित किया गया था द्वारा जारी गोलाबारुद के लिए उपभोग प्रमाणपत्र सहित आयुध या गोला-बारुद पेश करेगा और अपनी अनुज्ञप्ति पासपोर्ट

निरीक्षण प्राधिकारी या इस निमित्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सशक्त अन्य प्राधिकारियों का भारत से प्रस्थान के पत्तन पर अन्य स्थान पर लौटाएगा ।

(5) पासपोर्ट निरीक्षण प्राधिकारी या अन्य प्राधिकारी, जिसे उपनियम (4) के अधीन अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनुज्ञप्ति वापस लौटाई जाती है, उसे जारी करने वाले प्राधिकारी को ऐसे टिप्पणियों के साथ आयुध या उपयोग में न लाए गए गोला-बारुद सम्यक रुप से पुन: निर्यात किए गए हैं ।

45. आयात/निर्यात अनुज्ञप्तियों के अन्य अस्थायी प्रवर्ग – (1) अनुसूची 1 के प्रवर्ग 3 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोला-बारुद को, यथाव्यवहार्य, भारत में आगमन की प्रत्याशित तारीख से छह मास पूर्व प्ररुप 6 में निम्नलिखित व्यक्तियों को अनुज्ञप्ति प्रदान की जा सकेगी, अर्थात् :-

(क) किसी व्यापार प्रदर्शन या किसी क्रीड़ा व्यापार प्रदर्शन में आयुध और गोला-बारुद प्रदर्शित करने के लिए किसी विदेशी आगंतुक को;

(ख) विदेश मंत्रालय में भारत सरकार की सिफारिशों पर किसी विदेशी सरकार के पदाधिकारी या विशिष्ट विदेशी आगंतुक या विदेशी विधि प्रवर्तन अधिकारी को जो किसी सरकारी अनुमोदित नियंत्रण समनुदेशन पर हो;

(ग) किसी व्यक्ति को, जिसने विधिसम्मत कारणों के लिए भारत सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया है और जहां आवेदक निम्नलिखित प्रभाव का कोई वचनबंध प्रस्तुत करता है कि -

(i)उसके पास आयुध का विधिपूर्ण कब्जा है;

(ii) उसे विचाराधीन आयुध के सुरक्षित हथालन, सुरक्षित भंडारण और उपयोग तथा जहां लागू हो, उसके सार्वजनिक प्रदर्शन का ज्ञान है;

(iii) उसे आयुध को अपने कब्जे में रखने की आवश्यकता है और उक्त आवश्यकता का समाधान आयुध को कब्जे में रखने से अन्यथा किसी अन्य साधन से नहीं कर सकता है; और

(iv) उसने न्यूनतम 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली है ।

(2) उपनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्रदत्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता भारत में किसी पत्तन पर आगमन के समय पर उक्त अनुज्ञप्ति की पृष्ठांकन की तारीख से प्रारंभ होगी और अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध और गोला-बारुद अनुज्ञप्ति की पृष्ठांकन की तारीख तक उपयोग में नहीं लाए जाएंगे ।

(3) जहां उपनियम(1) के अधीन किसी व्यक्ति को अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है, वहां व्यक्ति के पासपोर्ट और वीजा सहित अनुज्ञप्ति उतरने वाले पत्तन के अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी और उक्त प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारी से लिखित में यह वचनबंध अभिप्राप्त करने के पश्चात् कि वह भारत में किसी को आयुध या गोला-बारुद नहीं बेचेगा या अंतरित नहीं करेगा, पृष्ठांकन की तारीख या वीजा की विधिमान्यता की तारीख, जो भी पूर्वत्तर हो, से छह मास की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति को विधिमान्य करते हुए पृष्ठांकित करेगा और पासपोर्ट या वीजा में आयुध और गोला-बारुद जिनके लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है की पूरी विशिष्टियां देते हुए प्रविष्टि करेगा ।

(4) पासपोर्ट निरीक्षण प्राधिकारी या पत्तन पर या भारत से प्रस्थान के किसी अन्य स्थान पर इस निमित्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सशक्त कोई अन्य अधिकारी यहां सत्यापित करेगा कि अनुज्ञप्ति में प्रविष्ट आयुध अनुज्ञप्तिधारी द्वारा भारत से बाहर ले जाए जा रहे हैं और अनुज्ञप्ति वसूल करते हुए उसे जारी करने के लिए प्राधिकारी को ऐसी टिप्पणियों के साथ अग्रेषित करेगा कि आयुध सम्यक रुप से पुन:निर्यात किए गए हैं ।

46. अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्रों के लिए अनुज्ञप्ति – (1) परिसरों का स्वामी या विधिपूर्ण अधिभोगी प्ररुप क-4 में उसमें विनिर्दिष्ट समर्थक दस्तावेजी सहित आवेदन, आवेदक की अधिकारिता के स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी को उक्त परिसरों को अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए प्रस्तुत कर सकेगा -

(i)कारण कथित करते हुए कि परिसरों को अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्रों के रुप में घोषित करना क्यों आवश्यक है ;

(ii) परिसरों को अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्रों के रुप में अनुरक्षित करने की क्षमता का सबूत देते हुए;

(iii)जनसाधारण को सूचित करने के लिए संचार के माध्यम का उल्लेख करते हुए कि परिसर अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्र है ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी की बाध्यताओं के अंतर्गत - (i) अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्र के रुप में घोषित परिसरों की स्पष्टत: पहचान करना और समांकित करना;

(ii) अग्न्यायुध-मुक्त क्षेत्र के रुप में परिसरों को घोषित करते हुए दोनों अंग्रेजी में और स्थानीय भाषा में सभी मुख्य प्रवेश स्थलों पर या परिसरों या परिसरों के प्रवर्ग के सामरिक स्थलों पर सूचनाएं प्रदर्शित की जाएं यह सुनिश्चित करने के लिए;

(iii) यह सुनिश्चित करना कि सूचनाएं और संकेत सभी समयों पर स्पष्टत: दृष्टिगोचर और सुस्पष्ट हैं; और

(iv) अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन के समय प्रस्तुत सूचना में परिवर्तन, यदि कोई हो, के बारे में अधिसूचित करना ।

(3) अनुज्ञापन प्राधिकारी, किसी शैक्षिक संस्था, जिसके अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय; या धार्मिक स्थल, अस्पताल, न्यायालय, सरकारी स्थापन, मनोरंजन या क्रीडा स्थल, रेस्टरां, होटल, शापिंग माल, सिनेमा हाल या ऐसे अन्य सार्वजनिक स्थान हैं जिनके लिए उपनियम(1) के अंतर्गत ऐसी अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया जा सकता है, अग्न्यायुध मुक्त जोन के लिए प्ररुप 15 में अनुज्ञप्ति जारी कर सकेगा ।

(4) अग्न्यायुध मुक्त जोन के लिए इस नियम के उपबंध निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होंगे -

(i) किसी व्यष्टि को, जो अग्न्यायुध मुक्त जोन के किसी विधि पूर्ण स्वामी या अधिभोगी को सुरक्षा और निगरानी की ड्यूटी करता है ; और

(ii) किसी विधि प्रवर्तन अधिकारी को जो अपनी पदीय क्षमता में कार्य कर रहा हो ।

अध्याय 4
आयुध और गोला बारुद का निक्षेप

47. धारा 21 के अधीन आयुध और गोला बारुद का निक्षेप – (1) जब कोई अनुज्ञापन प्राधिकारी किसी अनुज्ञप्ति को निलंबित करने या प्रतिसंहृत करने या उसे नवीकृत करने से इंकार करने का विनिश्चय करता है तो वह अपना विनिश्चय लिखित में अनुज्ञप्तिधारी को उससे धारा 21 के अधीन, ऐसे समय के भीतर जो अनुज्ञप्ति को निलंबित करने प्रतिसंहृत करने या अनुज्ञप्ति को नवीकृत करने से इंकार करने के लिए विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध या गोला बारुद या तो निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के पास या प्ररुप 8 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले व्यौहारी के पास या यदि वह संघ के सशस्त्र बलों का सदस्य है तो यूनिट आयुधागार में निक्षेप करने की अपेक्षा करेगा :

परंतु अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु की दशा में, आयुध या गोला बारुद विधिक प्रतिनिधि द्वारा अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु के तीन मास की अवधि के भीतर निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी के पास प्ररुप 8 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले व्यौहारी के पास निक्षिप्त किए जाएंगे ।

(2) धारा 21 की उपधारा (2) के परंतुक के अध्यधीन अनुज्ञप्तिधारी या उसकी मृत्यु की दशा में उसका विधिक प्रतिनिधि आयुध या गोला बारुद किसी ऐसे व्यक्ति को बेचने या अन्यथा निपटाने का हकदार होगा जो उनको अपने कब्जे में विधिपूर्ण ढंग से रखने का हकदार होगा तथा विक्रय आगम, यदि कोई हो, प्राप्त करने का सारणी के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान, उपनियम (6) में उपसारणी के स्तंभ (2) में वर्णित आयुध और गोला बारुद की दशा में हकदार होगा:

परंतु यदि आयुध और गोला बारुद का निपटान नहीं किया गया है या यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारी या उसके विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उनका कब्जा विधिपूर्ण नहीं बना है तो ऐसे आयुध और गोला बारुद धारा 21 की उपधारा (3) के परंतुक के अध्यधीन जिला मजिस्ट्रेट के आदेश द्वारा सरकार को समपहृत हो जाएंगे ।

(3) जहां किसी पुलिस थाना या यूनिट आयुधागार में या प्ररुप 8 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले व्यौहारी के पास धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन कोई आयुध या गोला बारुद किसी स्वामी द्वारा निक्षिप्त किए जाते हैं, वहां, यथास्थिति, पुलिस थाना या यूनिट आयुधागार का प्रभारी अधिकारी या अनुज्ञप्त व्यौहारी निक्षिप्त प्रत्येक वस्तु को एक कार्ड बांधेगा और निक्षेपकर्ता को निम्नलिखित विशिष्टयों से अंतर्विष्ट एक रसीद जारी करेगा तथा उसकी प्रति उस प्राधिकारी को भेजेगा जिसने अनुज्ञप्ति प्रदान की है या उसको अंतिम बार नवीकृत किया है, अर्थात् :-

(i) वस्तु का विवरण (संख्या इत्यादि);

(ii) अनुज्ञप्ति की विशिष्टयां या छूट (यदि कोई हो);

(iii) निक्षेपकर्ता का नाम और पता;

(iv) रजिस्टर में क्रमसंख्या और निक्षेप की तारीख;

(v) समपहरण या निपटान के लिए देय तारीख;

(vi) निक्षेपकर्ता के हस्ताक्षर; और

(vii) व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर ।

(4) धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन किसी यूनिट अग्न्यायुधागार में निक्षिप्त कोई आयुध या गोला बारुद, यदि पहले लौटाए या निपटाए न गए हों, तो ऐसे निक्षेप के पश्चात् 30 दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् निकटतम पुलिस थाना को अंतरित किए जा सकेंगे ।

(5) धारा 21 की उपधारा (1) के अधीन पुलिस थाना में निक्षिप्त कोई आयुध या गोला बारुद, जो निम्नानुसार लौटाए या निपटाए नहीं गए हैं –

(i) इसके पास निक्षेप की तारीख से तीस दिन के भीतर ; और

(ii) उपनियम (4) के अधीन यूनिट अग्न्यायुधागार से अंतरित किए गए हैं, पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी द्वारा बेहतर अनुरक्षण और सुरक्षा के लिए जिला/ताल्लुक मुख्यालय में पुलिस अग्न्यायुधागार को या इस प्रयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी ऐसे अनुदेशों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे अन्य स्थान को अंतरित किए जा सकेंगे :

परंतु जिला मजिस्ट्रेट, यदि वह आवश्यक समझे, तीस दिन की उक्त अवधि को 90 दिन तक विस्तारित कर सकेगा तथा ऐसे अंतरण की सूचना वस्तु के निक्षेपकर्ता और अनुज्ञापन प्राधिकारी, जिसने अनुज्ञप्ति प्रदान की है या अंतिम बार नवीकृत की है, को दी जाएगी ।

(6) निक्षेपकर्ता या उसका विधिक प्रतिनिधि धारा 21 की उपधारा (2) के अधीन किसी आयुध और गोला बारुद को वापस प्राप्त करने या निपटाने के अधिकार का प्रयोग स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारुद के निक्षेप की दशा में कर सकेगा, अर्थात् :-

सारणी

क्रम संख्या	आयुध और गोला बारुद के निक्षेप के कारण	प्रभावी तारीख
1.	2.	3.
1.	स्वामी द्वारा अधिनियम, नियमों के उपबंधों या अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन	ऐसे निक्षेप की तारीख से एक वर्ष
2.	अनुज्ञप्ति के निलंबन या प्रतिसंहरण या किसी अन्य कारण के कारण	निलंबन या प्रतिसंहरण के आदेश की तारीख से एक वर्ष
3.	जहां आयुध या गोला बारुद पहले ही निक्षिप्त है	प्रतिसंहरण, निलंबन या अनुज्ञप्ति को नवीकृत करने से इंकार करने के आदेश की तारीख से एक वर्ष
4.	जब अधिसूचना धारा 4 के अधीन जारी की गई है	उक्त अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष
5.	जहां स्वामी द्वारा धारा 18 के अधीन अपील प्रस्तुत की जाती है	अंतिम आदेश की तारीख से एक वर्ष
6.	जहां आयुध या गोला बारुद -	
	विधिक वाद या विवाद का विषय है; या	विवाद की समाप्ति या अंतिम आदेश की तारीख से; या
	किसी ऐसे व्यक्ति के स्वामित्वाधीन या विरासत में है, जिसने 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है	उस व्यक्ति की 21 वर्ष की आयु पूरी होने की तारीख से एक वर्ष
7	जहां स्वामी भारत से बाहर सक्रिय सेवा में है	उसके भारत लौटने की तारीख से
टिप्पण 1 – एक वर्ष की अवधि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा और छह मास के लिए विस्तारित की जा सकेगी यदि निक्षेपकर्ता या स्वामी को ऐसी आयुध या गोला बारुद को साथ देने के लिए किसी कारण अयोग्य पाया जाता है।		
टिप्पण 2 – राज्य सरकार उक्त अवधि को छह मास से और छह मास के लिए और विस्तारित कर सकेगी।		

(7) धारा 21 की उपधारा (3) के अधीन समपहरण के प्रयोजन के लिए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश द्वारा उप नियम (6) के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व न लौटाए गए या न निपटाए गए आयुध या गोला बारुद जिला मालखाना या ऐसे अन्य स्थान को अंतरित किए जाएंगे :

परंतु जिला मजिस्ट्रेट समपहरण का ऐसा आदेश करने से पूर्व धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन यथाअपेक्षित नोटिस ऐसी समान रीति में तामील करेगी जैसी दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के अधीन समन को तामील करने के लिए विहित है:

परंतु यह और कि यदि निक्षेपकर्ता के संघ के सशस्त्र बलों का सदस्य होते हुए ऐसे सदस्य के कमान अधिकारी के माध्यम से व्यक्तिगत रुप से तामील किया जाएगा।

(8) निक्षिप्त वस्तुओं को अनुरक्षित करने के लिए प्रभार ऐसी दरों पर विहित किए जा सकेंगे जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर नियत की जाएं।

48. आयुध और गोला बारुद का सुरक्षित अभिरक्षा के लिए निक्षेप (धारा 21 के अधीन से अन्यथा)- (1)(क) आयुध या गोला बारुद को विधिपूर्ण कब्जे में रखने वाला व्यक्ति प्ररुप 8 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले किसी व्यौहारी के पास या किसी पुलिस थाना में या यदि वह संघ के सशस्त्र बलों का कोई सदस्य है तो किसी यूनिट अग्न्यायुधागार में सुरक्षित अभिरक्षा के लिए निक्षिप्त कर सकेगा।

(ख) धारा 21 के अधीन से अन्यथा आयुध या गोला बारुद को निक्षेप के लिए स्वीकार करने से पूर्व व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी अपना यह समाधान करेगा कि वे अधिनियम और इन नियमों के अधीन जारी विधिमान्य अनुज्ञप्ति के अधीन या ऐसी अनुज्ञप्ति की आवश्यकता से छूट के अधीन कब्जे में रखे गए हैं।

(ग) संघ के सशस्त्र बलों के सदस्यों को अपने आयुध या गोला बारुद यूनिट अग्न्यायुधागार में सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए केवल उनकी सेवा के कार्यकाल के दौरान ही अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(2) जहां आयुध या गोला बारुद उपनियम (1) के अधीन निक्षिप्त किए गए हैं, वहां यथास्थिति, व्यौहारी या पुलिस थाना या अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी निक्षिप्त प्रत्येक वस्तु को एक कार्ड बांधेगा जो नियम 47 में वर्णित से सुगमतापूर्वक भिन्न होगा तथा

निम्नलिखित विशिष्टियों से अंतर्विष्ट एक रसीद निक्षेपकर्ता को जारी करेगा और उसकी एक प्रति उस प्राधिकारी को भेजेगा जिसने अनुज्ञप्ति प्रदान की थी या अंतिम बार नवीकृत की थी, अर्थात् :-

(i) वस्तु का विवरण (संख्या इत्यादि);

(ii) निक्षेपकर्ता का नाम और पता;

(iii) अनुज्ञप्ति की विशिष्टयां या छूट (यदि कोई हो);

(iv) रजिस्टर में क्रमसंख्या और निक्षेप की तारीख;

(v) अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तारीख;

(vi) तारीख, जब तक निक्षिप्त की गई

(vii) निक्षेपकर्ता के हस्ताक्षर; और

(viii)व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर ।

(3) अनुज्ञप्ति को नवीकृत करवाने में विफलता की दशा में, आयुध या गोला बारुद प्ररुप 7 में उसकी अनुज्ञप्ति के प्राधिकार पर व्यौहारी द्वारा या पुलिस थाने या यूनिट अग्न्यायुधागार के प्रभारी अधिकारी द्वारा कब्जे में रखे जाएंगे ; परंतु, यदि अनुज्ञप्ति उसकी समाप्ति के पश्चात् नवीकृत नहीं की जाती है तो पुलिस थाने या यूनिट अग्न्यायुधागार के प्रभारी अधिकारी इसे जिला मजिस्ट्रेट के ध्यान में ऐसी कार्यवाही, जो वह आवश्यक समझे, के लिए लाएगा :

परंतु वस्तुएं तब तक किसी भी दशा में स्वामी को नहीं लौटाई जाएगी जब तक उनको अपने कब्जे में रखने की अनुज्ञप्ति नवीकृत नहीं की जाती है या नई अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त नहीं की जाती ।

(4) निक्षेपकर्ता से निक्षिप्त वस्तुओं की अभिरक्षा और उनके अनुरक्षण के लिए निम्नलिखित सारणी में विनिर्दिष्ट दरों पर फीस प्रभारित की जा सकेगी, अर्थात् :-

सारणी

1.	प्रत्येक अग्न्यायुध के लिए	200 रुपये प्रति मास या उसका भाग
2.	प्रत्येक अन्य आयुध या गोला बारुद के पैकेज के लिए	100 रुपये प्रति मास या उसका भाग

(5) वस्तुओं के अच्छी दशा में अनुरक्षण के लिए कोई अतिरिक्त प्रभार ऐसी दरों पर विहित किए जा सकेंगे जो राज्य सरकार द्वारा समय समय पर नियत की जाएं ।

(6) आयुध या गोला बारुद को पुलिस थाना और यूनिट अग्न्यायुधागार में निक्षिप्त करने के लिए प्रभारित फीस खजाने में निक्षिप्त की जाएगी ।

49. निक्षिप्त वस्तुओं के अभिलेख और विवरणियां – (1) व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी ऐसे रजिस्टर अनुरक्षित करेगा जो नियम 75 में विनिर्दिष्ट है ।

(2) प्रत्येक वर्ष मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर के अंतिम दिन को समाप्त होने वाली तिमाहियों से संबंधित रजिस्टरों में प्रविष्टियों की, यथास्थिति, व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर के अधीन सत्य प्रति के रुप में प्रमाणित एक प्रति प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् यथासंभवशीघ्र जिला मजिस्ट्रेट को अग्रेषित की जाएगी ।

(3) अनुज्ञप्त व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी या उस जिला/ताल्लुक मुख्यालय में पुलिस अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी, जहां आयुध या गोला बारुद रखे गए हैं जिला मजिस्ट्रेट को प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जिसमें उनकी अभिरक्षा में आयुध या गोला बारुद की विशिष्टियां जो उस वर्ष के अंत तक समपहरण के लिए दायी हो गई है या हो जाएगी, दर्शायी जाएगी ।

(4) (क) अनुज्ञप्त व्यौहारी या पुलिस थाना या यूनिट अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी या उस जिला/ताल्लुक मुख्यालय में पुलिस अग्न्यायुधागार का प्रभारी अधिकारी, जहां आयुध या गोला बारुद रखे गए हैं, सप्ताह के लिए निक्षिप्त अग्न्यायुध और गोला बारुद के संबंध में साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑन लाइन डाटा अंतरण के लिए व्यवस्था करने के लिए एन डी ए एल प्रणाली के साथ अपनी यूजर आई डी के अंतर्गत एक ऑन लाइन इलैक्ट्रानिक संपर्क स्थापित करेगा ।

(ख) यदि ऐसी परिस्थितियां घटित होती हों जो खंड क में निर्दिष्ट प्राधिकारियों को इलैक्ट्रानिक नेटवर्क संपर्क के माध्यम से एन डी ए एल प्रणाली पर ऑन लाइन विवरणियां प्रस्तुत करने से रोकती हों तो, साप्ताहिक विवरणियों को प्रस्तुत करने के लिए वैकल्पिक साधन स्थापित करने हेतु स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को तत्काल सूचित किया जाएगा ।

IndiaCode

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार के घंटों के समाप्ति तक प्रस्तुत की जाएंगी ।

50. निरीक्षण – (1) पुलिस थाने में या ब्यौहारी के पास निक्षिप्त और जिला मालखाने को अंतरित आयुध और गोला बारुद और उस प्रयोजन के लिए अनुरक्षित रजिस्टर का जिला मजिस्ट्रेट या राज्य सरकार द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार इस निमित राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा कालिकत: निरीक्षण किया जाएगा ।

(2) यूनिट अग्न्यायुधागार में निक्षिप्त आयुध या गोला बारुद और इस प्रयोजन के लिए अनुरक्षित रजिस्टर का निरीक्षण यूनिट कमान अधिकारी या उसके द्वारा राज्य, जहां यूनिट तत्समय अवस्थित है, की सरकार द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार सशक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा कालिकत: किया जाएगा ।

अध्याय 5
विनिर्माता, आयुध ब्यौहारी और बंदूक बनाने वाला
भाग 1
अग्न्यायुधों का निर्माण और सबूत परीक्षण

51. विनिर्माण और सबूत परीक्षण के लिए अनुज्ञप्ति – (1) अनुज्ञापन प्राधिकारी, प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति प्रदान करते हुए अनुज्ञप्ति प्ररुप में इन नियमों में यथाविनिर्दिष्ट अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विनिर्मित या सबूत परीक्षण या दोनों के लिए अनुज्ञात आयुध या गोला बारुद के प्रवर्ग और विवरण स्पष्टत: दर्शायेगा ।

(2) अनुज्ञप्त विनिर्माता द्वारा विनिर्मित अग्न्यायुधों का सबूत परीक्षण इस संबंध में नियम 59 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार ही किया जाएगा और ऐसे किसी विनिर्मित अग्न्यायुध जिनका सम्यक रुप से सबूत परीक्षण नहीं किया गया है को बेचने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(3) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा प्ररुप 7 में प्रदत्त प्रत्येक अनुज्ञप्ति की एक प्रति अनुज्ञप्तिधारी की विनिर्माण सुविधा के स्थान के जिला मजिस्ट्रेट और संबंधित राज्य सरकार के गृह विभाग को तत्काल भेजी जाएगी ।

(4) इन नियमों के उपबंधों के अधीन जिन सत्ताओं को नई अनुज्ञप्तियां प्रदान की गई हैं उन्हें नए विनिर्माताओं के रुप में जाना जाएगा जब कि ऐसी सत्ताएं और व्यक्ति जिनके पास पहले से ही सशस्त्र नियम, 162 के अधीन प्ररुप 9 में विनिर्माण अनुज्ञप्तियां हैं को विद्यमान विनिर्माताओं के रुप में जाना जाएगा ।

(5) इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए बहु-एकक सुविधा के लिए आवेदन करने वाली किसी आवेदक को कंपनी की दशा में प्रत्येक एकक को पृथक अनुज्ञप्तियां जारी की जाएंगी ।

(6) नए विनिर्माताओं को आयुध और गोला-बारुद के विनिर्माण के लिए तथा विद्यमान विनिर्माताओं से संबंधित सभी मामलों जिनके अंतर्गत इन नियमों के अधीन साधारण या विशेष आदेश जारी करके क्षमता पुनरीक्षण के लिए आवेदन हैं, के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु आवेदनों का पुनर्विलोकन और प्रसंस्करण करने के लिए गृह मंत्रालय के भीतर अनुज्ञापन समिति गठित की जाएगी ।

52. विनिर्माण और सबूत परीक्षण के लिए प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु अग्न्यायुधों के प्रकार-अनुज्ञापन प्राधिकारी प्ररुप 7 में निम्नलिखित प्रकार के आयुधों के विनिर्माण या सबूत परीक्षण या दोनों के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा, अर्थात् :-

(i)	I	लघु आयुध
(ii)	II	हल्के हथियार
(iii)	III	सेना उपयोग के लिए समनुरुप बनाई गई मदें

परंतु यदि वर्ग I II III के अधीन आने वाली कोई मद के अंतर्गत कोई निषिद्ध आयुध और गोला-बारुद आते हैं तो अनुज्ञापन प्राधिकारी प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति प्रदान करने से पूर्व अधिनियम की धारा 7 के अधीन केंद्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करेगी ।

53. प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन-(1) इन नियमों के अधीन नई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाला प्रत्येक विनिर्माता कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन निगमित कोई भारतीय कंपनी होगी:

परंतु आवेदक कंपनी निवासी भारतीय नागरिक के स्वामित्वाधीन और नियंत्रणाधीन होगी और भारतीय कंपनियां निवासी भारतीय नागरिकों के स्वामित्वाधीन और नियंत्रणाधीन होंगी उस कंपनी,जिसका विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) उनचास प्रतिशत से अधिक है, को छोड़कर :

परंतु यह और कि कंपनी का मुख्य कार्यपालक निवासी भारतीय होगा और आवेदक कंपनी का प्रबंधन बोर्ड में बहुमत प्रतिनिधित्व, नामनिर्देशितों और स्वतंत्र निदेशकों को छोड़कर भारतीयों के हाथों में होगा उस कंपनी,जिसका विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) उनचास प्रतिशत से अधिक है, को छोड़कर।

(2) इन नियमों के अधीन प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाली कंपनी निम्नलिखित के लिए उपबंध करेगी-

(क) कंपनी की स्थापना करने वाले मूल दस्तावेज या प्रमाणित प्रतियां जिनके अंतर्गत संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेद, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के अधीन कंपनी के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र, निगमित पहचान सं. (सीआईएन), उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते का सबूत, स्थायी लेखा सं. (पैन) कार्ड और आवेदन की तारीख को निदेशकों और शेयरधारकों की प्रमाणित सूचियां;

(ख) सभी निदेशकों की निदेशक पहचान सं. (डीआईएन) की प्रति;

(ग) सभी निदेशकों और उत्तरदायी व्यक्ति के दो न्यूनतम फोटो सहित पहचान सबूत यथानिम्नानुसार:-

(i) आधारकार्ड ; या

(ii) यदि निदेशक या उत्तरदायी व्यक्ति के पास आधारकार्ड नहीं है तो इस संबंध में वैकल्पिक सबूत सहित जिसके अंतर्गत पासपोर्ट या मतदाता पहचान कार्ड या स्थायी लेखा संख्या (पैन)कार्ड या कार्यालय पहचान कार्ड है, शपथपत्र के साथ में लिखित घोषणा प्रस्तुत की जानी है;

(घ) निवास सबूत -

यदि निदेशक या उत्तरदायी व्यक्ति के पास आधार कार्ड या पासपोर्ट नहीं है तो वैकल्पिक निवास सबूत प्रस्तुत किया जाना है जिसके अंतर्गत मतदाता पहचान कार्ड या बिजली का बिल या लेंडलाइन टेलिफोन बिल भाटक बिलेख या पट्टा बिलेख या संपत्ति दस्तावेज या अनुज्ञापन प्राधिकारी के समाधानप्रद कोई अन्य दस्तावेज है;

(ड.) चार्टर्ड लेखाकार द्वारा सम्यक रुप से प्रमाणित कंपनी के नवीनतम तुलन-पत्र की प्रति और शुद्ध मूल्य प्रमाण-पत्र की संपरीक्षित प्रति;

(च) चार्टर्ड लेखाकार द्वारा सम्यक रुप से प्रभावित परियोजना के वित्तपोषण हेतु अनुमानित परियोजना परिव्यय और वित्त के साधन;

(छ) विस्तृत संकल्प को हस्ताक्षरित करने के प्राधिकृत उत्तरदायी व्यक्ति की पूरी विशिष्टयों सहित, इन नियमों के अधीन आवेदन रखे हेतु विस्तृत संकल्प की प्रमाणित प्रति;

(ज) चार्टर्ड लेखाकार द्वारा सम्यक रुप से प्रमाणित यथालागू आवेदक कंपनी में विदेशी नियंत्रण और/या स्वामित्व के ब्यौरे;

(झ) विनिर्माण या सबूत परीक्षण किए जाने या दोनों, जिसके अंतर्गत उनके प्रकार और मात्राएं हैं, हेतु आशयित आयुध और/या गोला-बारुद के पूर्ण ब्यौरे;

(ञ) इस प्रभाव की सबूत सहित घोषणा कि उसके विनिर्माण-संयंत्र या सबूत परीक्षण सुविधा स्थापित करने हेतु, प्रस्तावित स्थल को सड़क पहुंच, विद्युत और जल संपर्क स्थापन के ब्यौरे, किए गए भूमि विकास की विशिष्टियां और अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी गई कोई अन्य सूचना सहित, भूमि अर्जित की है ।

54. प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया-(1) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा किसी आवेदक को जो इन नियमों में अधिकथित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, विनिर्माण या सबूत परीक्षण या दोनों के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाएगी, परंतु यह तब जब कि आवेदक कंपनी या यथास्थिति, उसके निदेशक या उत्तरदायी व्यक्ति के पूर्ववृत सत्यापित करने के लिए न्यस्त विभिन्न सरकारी अभिकरणों से कोई विपरीत टिप्पणियां प्राप्त नहीं हुई हैं ।

(2)(क) प्ररुप 7 में प्रदत्त अनुज्ञप्ति प्रारंभ में सात वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी जिसके भीतर अनुज्ञप्तिधारी से आयुध और/या गोला-बारुद के विनिर्माण या सबूत परीक्षण के लिए सुविधा की स्थापना करना, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारीवृंद की भर्ती करना, आयुध और गोला-बारुद के आदि प्ररुपों का विकास और सबूत परीक्षण करना, आयुध और गोला-बारुद के विनिर्माण या सबूत परीक्षण के लिए सुविधा की स्थापना से संबंधित परीक्षण करना और कोई अन्य क्रिया कलाप संचालित करना अपेक्षित होगा, ऐसा न किए जाने पर अनुज्ञप्ति व्यपगत हो जाएगी ।

(ख) इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति का प्रत्येक पश्चातवर्ती नवीकरण पांच वर्ष की अवधि के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

(3)(क) कोई विनिर्माण सुविधा सीमाक्षेत्रों, प्रतिबंधित क्षेत्रों या निषिद्ध क्षेत्रों और केंद्रीय सरकार द्वारा 'अशांत क्षेत्र' के रुप में घोषित किसी क्षेत्र में स्थापित नहीं की जाएगी ।

(ख) विनिर्माण आवेदक विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजैड), औद्योगिक पार्कों और इस प्रयोजन के लिए संबंधित राज्य सरकार द्वारा सम्यक रुप से अनुमोदित किसी अन्य अवस्थान के अतिरिक्त अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं को स्थापित कर सकेगा ।

4. अनुज्ञप्तिधारी वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के लिए अपने शीर्षनामा पर आवेदन कर सकेगा जिसमें निम्नलिखित संलग्न किये जाएंगे –

(i) इस प्रभाव की एक घोषणा कि अनुज्ञप्तिधारी ने संयंत्र और मशीनरी स्थापित की है, परीक्षण सफलतापूर्वक किया है और विनिर्माण या सबूत परीक्षण के लिए अनुज्ञप्त मदों के वाणिज्यिक उत्पादन के प्रारंभ हेतु तैयार है ;

(ii) इस प्रभाव की एक घोषणा कि अनुज्ञप्तिधारी ने अग्न्यायुध या गोला बारुद के विनिर्माण या सबूत परीक्षण के लिए अपेक्षित क्वालिटी नियंत्रण प्रणाली स्थापित और अनुप्रयोग की है ;

(iii) नियम 53 में निदेशकों के लिए यथाविनिर्दिष्ट उनके वृत्तिक विशेषज्ञता और लिए गए परीक्षण तथा पहचान दस्तावेजों के सबूत सहित विनिर्माण या सबूत परीक्षण सुविधा का कार्यान्वयन करने के लिए अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नियोजित प्रमुख तकनीकी कार्मिकों की विशिष्टयों की सूचि ;

(iv) इस प्रभाव की एक घोषणा कि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा अनुज्ञप्त रक्षा उद्योगों के लिए तैयार किए गए सुरक्षा मैनुअल में यथअंतर्विष्ट सुरक्षा मार्गदर्शक सिद्धांतों का पूरी तरह से अनुपालन किया गया है ।

(5) अनुज्ञापन प्राधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कि आवेदक अनुज्ञप्तिधारी ने उपनियम (4) के खंड(iv) में विनिर्दिष्ट घोषणा का अनुपालन किया है, सुरक्षा और मूल्यांकन संपरीक्षा करवाएगा ।

55. प्ररुप 7 में प्रदत्त अनुज्ञप्तियों के विषय में अन्य अपेक्षाएं- (1) अनुज्ञप्तिधारी अधिमानत: उत्पाद डिजाइन और विकास के क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होगा और विनिर्माण किए जाने वाले उत्पाद का अनुरक्षण और जीवन चक्र समर्थन सुविधा होगी और विनिर्मित की जाने वाली मदें स्वदेशी डिजाइन पर विशेष बल देते हुए अंतरराष्ट्रीय और भारतीय प्रत्यायित क्वालिटी मानकों और संन्नियमों के अनुसार होंगी :

परंतु पेटेंट प्रत्यानिप्याधिकारों का उल्लंघन अनुज्ञेय नहीं होगा ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी अग्न्यायुध और गोला-बारुद के विनिर्माण के लिए मानक और परीक्षण प्रक्रियाएं सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट क्वालिटी आश्वासन अभिकरण को प्रस्तुत करेगा, जो परीक्षण के दौरान अंतिम माल का निरीक्षण करेगा और डिजाइन, कारीगरी, सौंदर्यशास्त्र और अन्य संबंधित प्राचलों के संबंध में क्वालिटी आश्वासन प्रक्रियाओं की संपरीक्षा संचालित करेगा :

परंतु विनिर्माण के लिए क्वालिटी विनिर्देश भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और क्वालिटी आश्वासन के महानिदेशक, रक्षा उत्पादन विभाग या किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी आश्वासन अभिकरण द्वारा यथाविनिर्दिष्ट होगा ।

(3) विनिर्मित उत्पादों में एक वारंटी खंड अंतर्विष्ट होगा जिसके साथ सेवा और सुरक्षा मैनुअल प्रत्येक विक्रय के समय भाड़ों की सूची होगी ।

(4) किसी संयुक्त उपक्रम करार के अधीन कोई निर्बंधन , जो विदेशी भागीदार द्वारा अधिरोपित किए जा सकेंगे, के भारतीय सत्ता, जिसे इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, पर कोई विधिक परिणाम नहीं होंगे ।

(5) अनुज्ञापन प्राधिकारी संवेदनशील प्रकार के कतिपय आयुध और गोला-बारुद की दशा में, जो सशस्त्र सेना द्वारा उपयोग के लिए इंगित किए गए हैं या सिविल व्यक्तियों द्वारा कब्जे में रखने के लिए अनुज्ञात नहीं है पर ऐसी अतिरिक्त निर्बंधन अधिरोपित कर सकेगा ।

(6) विनिर्माताओं द्वारा उत्पादित लघु आयुध और हल्के हथियार -

(i) गृह मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों को विक्रीत किए जाएंगे; या

(ii) विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के परामर्श से गृह मंत्रालय के अनुमोदन के अध्यधीन निर्यात के लिए अनुज्ञात किए जा सकेंगे;

(7) अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोला-बारुद का अनुज्ञेय प्रवर्ग इन नियमों के अधीन विधिमान्य आयुध अनुज्ञप्ति रखने वाले व्यक्तियों या व्यौहारियों को विक्रय के लिए गृह मंत्रालय में केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से विक्रय के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

(8) कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 की 18) की धारा 2 के खंड 51 में यथापरिभाषित है या कंपनी के उत्तरदायी व्यक्ति ने किसी परिवर्तन के लिए कंपनी के निदेशकों में या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों में किसी परिवर्तन के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी का पूर्व अनुमोदन आज्ञापक होगा ।

(9) कंपनी के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण में या स्वामित्व में परिवर्तन के लिए या परिवर्तकों के शेयरधारण के तनूकरण (दोनों भारतीय या विदेशी) के कारण शेयर धारण में किसी परिवर्तन के लिए या कंपनी के शेयरधारण किसी परिवर्तन के लिए या पांच प्रतिशत (5%) से अधिक कंपनी के शेयर धारण में हिताधिकारी हित में किसी परिवर्तन के लिए अनुज्ञापन अधिकारी का पूर्व अनुमोदन आज्ञापक होगा ।

(10) (क) प्ररुप 7 में प्रदत्त कोई अनुज्ञप्ति अनुज्ञापन प्राधिकारी के लिखित प्राधिकार के बिना अनुज्ञप्तिधारी से अन्य कंपनी को अंतरणीय नहीं होगी ।

(ख) अंतरण के लिए किसी आवेदन के साथ पूरे दस्तावेज संलग्न किए जाएंगे और उन्हीं शर्तों के अध्यधीन होगा जो नियम 53 में विनिर्दिष्ट अनुज्ञप्ति के प्रारंभिक प्रदान के समय लागू हो ।

(ग) विनिर्माण अनुज्ञप्ति के अंतरण के लिए आवेदन पर विचार करते हुए अनुज्ञापन प्राधिकारी कंपनी, जिसको अभिव्यक्ति अंतरित की जानी है, की पात्रता का निर्धारण करेगा ।

56. प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति रखने वाले अनुज्ञप्तिधारियों की बाध्यताएं – (1) प्ररुप 7 में प्रदत्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता इन नियमों में अंतर्विष्ट और अनुज्ञप्ति में अंतर्विष्ट शर्तों के विनिर्माता द्वारा अनुपालन के अध्यधीन होंगी ।

(2) प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति रखने वाला अनुज्ञप्ति धारी सभी अग्न्यायुधों और गोला बारुद को चिन्हित करेगा कि वह नियम 58 में यथाविनिर्दिष्ट रीति में विनिर्माण करता है ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी कंपनी भारत सरकार की विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान (एफडीआई) नीति और उक्त कंपनी में विदेशी प्रत्यक्ष विनिधान की दशा में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यथा अधसूचित विदेशी विनियम प्रबंधन अधिनियम, 1999 (1999 का 42) के अधीन बनाए गए विनियमों का अनुपालन करेगी ।

(4) अनुज्ञप्तिधारी रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा अनुज्ञप्त रक्षा उद्योगों के लिए तैयार की गई सुरक्षा नियमावली में यथाअंतर्विष्ट सुरक्षा मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करेगा ।

(5) प्ररुप 7 में विनिर्दिष्ट या अनुज्ञप्ति का भाग बनने वाली शर्तों के अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी नियम 65 में यथाविनिर्दिष्ट उसके द्वारा विनिर्मित सभी अग्न्यायुधों, उनके भागों, घटकों और/या गोला बारुद का अभिलेख अनुरक्षित करेगा ।

(6) अनुज्ञप्तिधारी प्ररुप 7 में यथानिर्मित उसके द्वारा विनिर्मित सभी अग्न्यायुधों, उनके भागों, घटकों और/या गोला बारुद का भंडारण करेगा ।

(7) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञापन प्राधिकारी (या ऐसा अन्य निकाय जो उसके द्वारा पदाभिहित हो) द्वारा कार्यान्वित अनुज्ञप्तिधारी की सुविधाओं, विशिष्टत: अग्न्यायुधों और गोला-बारुदों के सुरक्षित भंडारण के संबंध में निरीक्षणों के लिए पूर्व सहयोग करेगा

(8) अनुज्ञप्तिधारी उसके परिसरों में भंडारित अग्न्यायुधों या गोला-बारुदों की किसी चोरी, नुकसान या अनआशयित विनाश होने पर तत्काल अनुज्ञापन प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा ।

(9) अनुज्ञप्तिधारी निम्नलिखित घटनाओं में से किसी के घटने पर तीन कार्य दिवसों के भीतर अनुज्ञापन प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा, अर्थात् :-

(i) अपने रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते में परिवर्तन;

(ii) निदेशकों में परिवर्तन जिस दशा में अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रत्येक नया निदेशक का, निदेशकों के लिए नियम 53 में विनिर्दिष्ट विशिष्टयों और दस्तावेजों सहित, नाम और पते उपलब्ध करवाएगा ;

(10) अनुज्ञप्तिधारी यह सुनिश्चित करेगा कि सभी कर्मचारी जिनकी विनिर्माण या सबूत परीक्षण सुविधा के भीतर पूरे किए गए विनिर्मित अग्न्यायुध या गोला-बारुद तक पहुंच है, उनका हथालन करने के लिए तकनीकी रुप से सक्षम है ।

(11) किसी नियत समय पर प्रत्येक प्रकार के अग्न्यायुध और गोला-बारुद के लिए कार्य प्रगति पर और अंतिम माल की सूची अंतिम वित्तीय वर्ष या वार्षिक अनुज्ञप्त क्षमता, जो भी निम्नतर है, के कुल वार्षिक आवर्त से दो गुणा से अधिक नहीं होगी :

परंतु बहु-एकक सुविधा वाली कंपनी की दशा में कंपनी की कुल वार्षिक अनुज्ञप्त क्षमता या कुल आवर्त पर विचार किया जाएगा ।

(12) अनुज्ञप्तिधारी सूची और घरेलू वितरण और निर्यात की दशा में अंतिम उपयोक्ताओं के लिए व्यौहारी/अंतिम उपयोक्ता तक सूची और वितरण चयन का पूरा डाटाबेस अनुरक्षित करेगा ।

(13) अनुज्ञप्तिधारी किसी विनिर्माण चक्र में केवल बैच उत्पादन कार्यान्वित करेगा ।

57. आयुध और गोला-बारुद तथा अन्य भागों इत्यादि के विनिर्माण के लिए मशीनरी का आयात-(1) प्ररुप 7 में रखने वाला अनुज्ञप्तिधारी स्थापित की जाने वाली, स्थानीय या आयात द्वारा प्राप्त की जाने वाली मशीनरी की पूरी सूची के साथ आवेदन प्रस्तुत करेगा ।

(2) मशीनरी के अर्जन, कब्जे, आयात या परिवहन के लिए अनुज्ञप्ति प्ररुप 1 में जारी की जाएगी ।

(3) अनुसूची 1 के प्रवर्ग 2 में विनिर्दिष्ट आयुधों का और धातु, मिश्रित धातु, फाइबर, पोलीमर, काष्ठ और अन्य सहबद्ध मदों के रुप में ऐसे आयुधों के निर्माण के लिए कच्ची सामग्री विदेशी व्यापार के महानिदेशक (डीजीएफटी) द्वारा समय समय पर विदेशी व्यापार (विकास और विनियमन अधिनियम, 1992) 1992 का 22 के अधीन अधिसूचित विदेश व्यापार नीति के उपबंधों के अध्यधीन और अंतरराष्ट्रीय बाध्यताओं और प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए विदेश मंत्रालय (एमईए) की सिफारिशों पर अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) गृह मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग की राय अभिप्राप्त करने के पश्चात् ऐसे आयात के लिए इन नियमों के अधीन आयात के लिए प्रक्रिया के अनुसार प्राधिकार प्रदान करके जो स्थानीय क्षेत्रों में विनिर्मित किए जाने संभव नहीं है, के पूर्ण तकनीकी ब्यौरे से अंतर्विष्ट किसी आवेदन पर आयुध और गोला-बारुद के भागों का आयात करने के लिए अनुज्ञात करेगा ।

58. विनिर्माण के समय अग्न्यायुध और गोला-बारुदों को चिन्हित करना – (1) सभी अग्न्यायुधों पर उनके विनिर्माण के समय निम्नलिखित सूचनाओं से अंतर्विष्ट चिन्ह अंकित किए जाएंगे, अर्थात् :-

(i) विनिर्माता देश का नाम;

(ii) विनिर्माता का नाम;

(iii) विनिर्माता की विशिष्ट क्रम सख्या;

(iv) विनिर्माण का वर्ष;

(यह सूचना क्रम संख्या में सम्मिलित की जा सकेगी)

(v) अग्न्यायुध प्रकार/मॉडल;

(vi) कैलीबर;

(vii) सबूत-चिन्ह; और

(viii) यदि अग्न्यायुध किसी भारतीय घरेलू राज्य सत्ता अर्थात् सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस इत्यादि के लिए आशयित है तो ऐसी अन्य अतिरिक्त सूचना

(2) चिन्ह अल्फा संख्यांकों (अर्थात् वे दोनों अक्षरों और संख्याओं में हो सकेंगे) निम्न सारणी लिए गए प्रपत्र में व्यक्त किए जाएंगे :-

सारणी

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
XX	XXX	99	99	99999	99
विनिर्माता-देश (दो अंकों वाला आईएसओ देश कोड) भारत के लिए आईएन	विनिर्माता का नाम या कोड	विनिर्माण-वर्ष (2 संख्यांए)	प्रकार/माडल/कोड	क्रम संख्या	कैलीबर

(3) चिन्ह अग्न्यायुध के घटक जो उसके प्रचालन के लिए आवश्यक है में लगाए जाएंगे, जैसे कि –

(i) फ्रेम/रिसीवर

(ii) बैरल;

(iii) स्लाइड, सिलैंडर, बोल्ट या ब्रीच ब्लाक; और

(iv) अग्न्यायुध के प्रचालन के लिए आवश्यक कोई अन्य भाग या घटक ।

(4) चिन्ह उनके विनिर्माण के समय स्टैंपिंग पद्धति का उपयोग करके अग्न्यायुध के दर्शनीय तल पर लगाया जाएगा और स्टैंपित चिन्ह की गहराई कम से कम 0.20 एमएम होगी ।

(5) लगाए गए चिन्ह –

(i) बिना तकनीकी सहायकों या औजारों के बिना सहजदृश्य होंगे;

(ii) आसानी से पहचान योग्य होंगे;

(iii) पठनीय होंगे;

(iv) लंबी अवधि तक चलने वाले होंगे; और

(v) पुन:प्राप्त करने योग्य होंगे (जहां तक तकनीकी रुप से संभव हो) ।

(6) अग्न्यायुधों के लिए गोला बारुद की सबसे छोटी पैकेजिंग ईकाइयों पर निम्नलिखित सूचना से अंतर्विष्ट चिन्ह लगाए जाएंगे, अर्थात् :-

IndiaCode

(i) विनिर्माता देश का नाम

(ii) विनिर्माता का नाम;

(iii) विनिर्माता का लॉट या विशिष्ट बैच क्रम सख्या;

(iv) विनिर्माण का वर्ष;

(यह सूचना लॉट या बैच संख्या में सम्मिलित की जा सकेगी)

(v) कैलीबर;

(vi) प्रकार

(7) व्यष्टि कारतूस पर भी चिन्ह अंकित किए जा सकेंगे, जिनमें निम्नलिखित सूचना सम्मिलित की जा सकेगी, अर्थात् :-

(i) विनिर्माता देश का नाम

(ii) विनिर्माता का नाम

(iii)विनिर्माताकी विशिष्ट लाट या बैच संख्या

(iv) कैलिबर ; और

(v) प्रकार ।

59. अग्न्यायुधों का सबूत परीक्षण – (1) कोई नया विनिर्माता गन-बैरल, या पूर्ण अग्न्यायुधों के लिए सबूत परीक्षण सुविधा स्थापित कर सकेगा ।

(2) सुविधा इसके परिसरों के भीतर इसके आयुध विनिर्माण एकक से पृथक अवस्थित होगा ।

(3) कोई विनिर्माता, जो सबूत परीक्षण सुविधा स्थापित करना चाहता है, आयुध और गोला बारुद विनिर्माण अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन सहित प्ररुप क – 6 में आवेदन करेगा ।

(4) सबूत परीक्षण सुविधा हेतु उपनियम (3) के अधीन आवेदन की परीक्षा गृह मंत्रालय द्वारा विनिर्माम अनुज्ञप्ति के लिए विनिर्दिष्ट मार्गदर्शन सिद्धांतों के अनुसार क्वालिटी आश्वासन केमहानिदेशक (डी.जी. क्यू ए), रक्षा मंत्रालय के परामर्श से की जाएगी

(5) विद्यमान विनिर्माता अपने बैरलों और पूर्ण अग्न्यायुधों का सबूत परीक्षण या तो आर्डनैंस फैक्टरी या इन नियमों के अधीन सबूत परीक्षण सुविधा वाले अन्य सबूत गृहों से करवाएगा ।

(6) सबूत परीक्षण वाला प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अपशिष्ट, जैसे अस्वीकृत बैरलों या पूर्ण अग्न्यायुधों की सुरक्षा और निपटान के उत्तरदायी होगा ।

(7) सबूत परीक्षण प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, पूर्ण आयुध और गोला बारूद के विक्रय या निपटान हेतु नियम 65 में विनिर्दिष्ट अभिलेख के अतिरिक्त सुरक्षित इलैक्ट्रोनिक डाटाबेस के प्रपत्र में सबूत परीक्षण रजिस्टर अनुरक्षित करेगा ।

(8) अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उप-नियम (3) के अधीन अनुरक्षित किए जाने वाले अभिलेख के अंतर्गत निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात्

(i) गन- बैरलों या विनिर्मित पूर्ण अग्न्यायुधों की क्रय संख्याएं ;

(ii) विनिर्माण की तारीख, मास और वर्ष ;

(iii) गन- बैरलों या पूर्ण अग्न्यायुधों की सबूत गृह को प्रेषण ;

(iv) अनुज्ञप्ति (प्ररुप 13 में परिवहन अनुज्ञप्ति) की संख्या और तारीख, जिसके अंतर्गत गन-बैरल या पूर्ण अग्न्यायुधों सबूत-परीक्षण के लिए भेजे गए थे ;

(v) सबूत-परीक्षण के पश्चात् गन-बैरल या पूर्ण अग्न्यायुध की प्राप्ति ;

(vi) सबूत-परीक्षण का परिणाम ;

(vii) गन पूर्ण करने की तारीख, यदि केवल गनबैरल सिद्ध की गई है ;

(viii) तारीख, जब पूर्ण अग्न्यायुध विक्रय हेतु रजिस्टर को या अंतरित किएगए या नियम 65 के अधीन अंतरण अनुरक्षित किया गया ;

(ix) यदि प्रारंभिक प्रस्तुतीकरण पर सबूत में गन-बैरल या पूर्ण अग्न्यायुध स्वीकृत नहीं किए गए थे, तो परिशोधन रजिस्टर में क्रय संख्या ;

(x) निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी –

(9) इस अधिनियम के अधीन प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, सबूत गृह द्वारा न पारित किए गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुधों के ब्यौरों से अंतर्विष्ट परिशोधन रजिस्टर का अनुरक्षण करेगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात्

(i) क्रम संख्या ;

(ii) परिशोधित की जाने वाली गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध पर स्टांपित क्रम संख्या ;

(iii) किए जाने वाले परिशोधनों को उपदर्शित करते हुए सबूत गृह पत्र की संख्या और तारीख ;

(iv) परिशोधन के पश्चात् सबूत परीक्षण के लिए पुनः प्रस्तुत गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध की तारीख;

(v) गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध के सबूत निरीक्षण के पश्चात् प्राप्ति की तारीख और सबूत निरीक्षण का परिणाम;

(vi) यदि गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध सिद्ध हुए हो तो अग्न्यायुध के पूर्ण होने की तारीख;

(vii) तारीख, जब पूर्ण अग्न्यायुध विक्रय हेतु रजिस्टर को अंतरित किए गए और नियम 65 के अधीन अंतरण अनुरक्षित किए गए;

(viii) टिप्पणियां ।

(10) सबूत परीक्षण और अभिलेखों के परिशोधन का निरीक्षण, क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा या इस निमित्त उसके द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक वर्ष जुलाई और जनवरी के दौरान तथा एक औचक निरीक्षण के दौरान किसी कैलेंडर वर्ष में निम्नलिखित का सत्यापन करने के लिए किया जाएगा, अर्थात् :-

(i) गन बैरलों और पूर्ण अग्न्यायुधों पर क्रम संख्यांए उसी प्रकार पूरी तरह क्रमानुसार स्टांपित की जाएंगी, जिनमें वे विनिर्मित की गई हैं;

(ii) विक्रय या अंतरण के लिए प्रविष्टियां तत्काल की जाती है और नियम 65 के अधीन ऐसे अंतरण के अभिलेख के मिलान के अनुसार होंगे ;

(iii) अनुज्ञप्ति की शर्तों का सख्ती से अनुपालन किया जाता है ।

(11) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा प्ररुप 13 में एक परिवहन अनुज्ञप्ति सबूत गृह को गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध के परिवहन के लिए आवेदन पर जारी की जा सकेगी, परंतु यह तब जब कि प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति ऐसी परिवहन अनुज्ञप्ति के जारी करने की तारीख को विधिमान्य है ।

(12) सबूत गृहों को गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध को परिवहन करने के लिए उपनियम (11) के अधीन जारी परिवहन अनुज्ञप्ति पहली बार और त्रुटियों के परिशोधन के लिए सबूत परीक्षण हेतु प्रेषित किए जाने वाले गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुधों की कुल मात्रा पृथकत: उपदर्शित करेगी ।

(13) अनुज्ञप्तिधारी त्रुटियों के परिशोधन के पश्चात् गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुधों को सबूत परीक्षण के लिए प्रस्तुत करने हेतु ऐसे प्रस्तुतीकरण के लिए अवसरों की संख्याओं की किसी सीमा के बिना पात्र होगा :

परंतु अनुज्ञप्तिधारी आवश्यक परिशोधन संबंधित सबूत गृह द्वारा जारी त्रुटियों के प्रथम परीक्षण परिणामों की संसूचना की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर पूर्ण करेगा ।

(14) सबूत परीक्षण के लिए गन बैरल या पूर्ण अग्न्यायुध, जो अयोग्य और परिशोधन से परे हैं, सबूत गृह द्वारा विक्रीत किए जाएंगे तथा इस संबंध में संबंधित सबूत गृह के प्रभारी अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा :

परंतु विक्रीत किए गए भाग जो उपयोग में लाए जाने के लिए सक्षम हैं, सबूत गृह द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को लौटाए जाएंगे ।

(15) केवल सबूत परीक्षित गन बैरलों और पूर्ण अग्न्यायुध का विक्रय या अंतरण प्रतिषिद्ध होगा और सबूत परीक्षण के पश्चात् गन बैरल उसके विनिर्माण के लिए केवल प्राधिकृत अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ही पूरी गन के रुप में जोड़ी जाएगी ।

(16) किसी कलैंडर वर्ष के दौरान विनिर्मित गन बैरल और पूर्ण अग्न्यायुध विनिर्माण की तारीख से 18 मास की अवधि के भीतर सबूत परीक्षित किए जाएंगे, ऐसा न होने पर उसे सबूत परीक्षण के कलैंडर वर्ष के दौरान विनिर्मित किया गया समझा जाएगा ।

60. क्षमता पुन:रीक्षण और विद्यमान विनिर्माताओं को नए संनियम लागू होना – (1) विद्यमान विनिर्माता नियम 51 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार प्ररुप 7 में नई अनुज्ञप्ति प्रदान की जाने के लिए आवेदन कर सकेंगे ।

(2) विद्यमान विनिर्माता अपनी अनुज्ञप्त क्षमता में वृद्धि या प्रत्यावर्तन पुन:रीक्षण या पुन:नियत करने के लिए, इस संबंध में किए गए किसी आवेदन द्वारा भारत सरकार को गृह मंत्रालय ने संबंधित राज्य सरकार की सिफारिश सहित निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेगा, अर्थात् :-

(i) विद्यमान विनिर्माण अनुज्ञप्ति की एक प्रति;

(ii) किसी चार्टर्ड लेखाकार द्वारा सम्यक रुप से प्रमाणित पिछले पांच वर्षों के लिए अनुज्ञप्तिधारी के वार्षिक लेखों की प्रमाणित प्रतियां ;

(iii) संयंत्र और मशीनरी तथा विनिर्माण सुविधा के ब्यौरे ;

(iv) किसी चार्टर्ड लेखाकार द्वारा सम्यक रुप से प्रमाणित पिछले पांच वर्षों के लिए स्टाक अभिलेखों, विनिर्मित मदों और विक्रय आवर्त की प्रमाणित प्रतियां ;

(v) किसी चार्टर्ड द्वारा सम्यक रुप से प्रमाणित विनिर्माण क्षमता में वृद्धि के लिए विस्तृत प्रस्ताव, परियोजना परिव्यय, वित्त के साधन और आर्थिक जीवन क्षमता के लिए औचित्य तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए विपणन मांग परियोजना ;

(vi) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम (एम एस एम ई) सैक्टर में विनिर्माण के लिए सुरक्षा मार्गदर्शक सिद्धांतों का अनुपालन करने के लिए ट्रैक रिकार्ड और तैयारी ;

(vii) इन नियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों का अनुपालन करने के लिए घोषणा

(3) उपनियम (2) के अधीन प्रत्येक आवेदन की परीक्षा नियम 51 के उपनियम (6) में विनिर्दिष्ट अनुज्ञापन समिति द्वारा की जाएगी, जो क्षमता पुन:रीक्षण के लिए अनुज्ञात कर सकेगी परंतु यह तब जब कि विद्यमान अनुज्ञप्त क्षमता का विनिर्माता द्वारा पूरी तरह उपयोग किया गया है ।

(4) आयुध नियम, 1962 के अधीन प्ररुप 9 में अनुज्ञप्ति रखने वाले प्रत्येक विनिर्माता को प्ररुप 7 में नई अनुज्ञप्ति इन नियमों की अधिसूचना से एक वर्ष की अवधि के भीतर या अनुज्ञप्ति के नवीकरण के समय, जो भी पूर्वत्तर हो, अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी और विद्यमान विनिर्माताओं को कच्ची सामग्री के उपापन के लिए प्रदत्त कोई अनुज्ञा या छूट इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन जारी की गई समझी जाएगी ।

61. किसी व्यष्टि या एकल स्वत्वधारी की दशा में अनुज्ञप्ति – (1) यदि आयुध नियम, 1962 के अधीन प्ररुप 9 में अनुज्ञप्ति रखने वाला विद्यमान विनिर्माता कोई व्यष्टि या एकल स्वत्वधारी समुत्थान है, तो अनुज्ञप्तिधारी की दशा में स्वत: समाप्त हो जाएगी ।

(2) इस नियम के अधीन अनुज्ञप्तिधारी के विधिक प्राधिकारी प्ररुप 7 में नई अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए केंद्रीय सरकार में गृह मंत्रालय को आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जो प्रत्येक मामले के आधार पर ऐसे आवेदन पर विचार कर सकेगी ।

62. विद्यमान विनिर्माता की दशा में भागीदारों को प्रवेश – (1) यदि आयुध नियम, 1962 के अधीन प्ररुप 9 में अनुज्ञप्ति रखने वाला विद्यमान विनिर्माता कोई भागीदार फर्म है तो भागीदार की मृत्यु की दशा में अतिरिक्त भागीदारों को प्रवेश दिया जा सकेगा, जहां मृत भागीदार के विधिक उत्तराधिकारी फर्म में भागीदार या भागीदारों के रुप में केंद्रीय सरकार में गृह मंत्रालय के अनुमोदन के अध्यधीन प्रविष्ट किए जाएंगे ।

(2) कोई विद्यमान भागीदार अपने जीवन काल के दौरान अपने विधिक उत्तराधिकारी को इस नियम के अधीन सभी अन्य विद्यमान भागीदारों, यदि कोई हो, की लिखित सहमति प्राप्त करने पर भागीदारी फर्म में केंद्रीय सरकार में गृह मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन अतिरिक्त भागीदार के रुप में सम्मिलित कर सकेगा ।

63. भागीदारी फर्म का प्राइवेट सीमित कंपनी में परिवर्तन – (1) कोई विद्यमान विनिर्माता भागीदारी फर्म के नाते, केंद्रीय सरकार में गृह मंत्रालय को संबंधित राज्य सरकार की सिफारिशों के साथ फर्म को प्राइवेट सीमित कंपनी में परिवर्तित करने के लिए अनुज्ञा प्रदान करने हेतु आवेदन कर सकेगा और केंद्रीय सरकार ऐसी अनुज्ञा प्रदान कर सकेगी परंतु यह तब जब कि नए निगमित कंपनी में संगम ज्ञापन और संगम अनुच्छेद में निम्नलिखित अंतर्विष्ट हो –

(क) कंपनी के निदेशित मंडल में केवल विद्यमान भागीदार या कुटुंब सदस्य हैं;

(ख) निदेशकों पर शेयरों, आस्तियों या कंपनी के लाभों को किसी बाहरी व्यक्ति को अंतरित करने पर निर्बंधन और इस प्रभाव का कोई वचनबंध प्रस्तुत करना कि आवेदक कंपनी ने इस संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन किया है ।

(2) केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना फैक्टरी परिसरों, मालसूची, मशीनरी या प्राइवेट सीमित कंपनी की अन्य आस्तियां जो उपनियम (1) में निर्दिष्ट हों का कोई विक्रय या अंतरण अनुज्ञेय नहीं होगा ।

64. विद्यमान विनिर्माता के बंद किए गए कारबार को प्रत्यावर्तन के लिए अनुज्ञप्ति – किसी बंद किए गए कारबार की दशा में, मृत अनुज्ञप्तिधारी का कोई विधिक उत्तराधिकारी यदि वह वयस्क है, तो प्ररुप 7 में नई अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के लिए केंद्रीय सरकार में गृह मंत्रालय को अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु के 12 मास के भीतर और यदि विधिक उत्तराधिकारी अवयस्क है तो उसके वयस्कता प्राप्त करने की तारीख से 12 मास के भीतर आवेदन कर सकेगा ।

65. संव्यवहारों का अभिलेख प्ररुप 7 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अनुरक्षित किया जाना है – (1) विनिर्माता सुरक्षित इलैक्ट्रानिक डाटा वेस के प्रपत्र में एक रजिस्टर रखेगा, जिसे 'अग्न्यायुध स्टाक रजिस्टर' के नाम से जाना जाएगा, जिसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अभिलिखित की जाएंगी :-

(क) नामेपक्ष की तरफ स्टाक संख्या के सामने विनिर्माण की तारीख, मेक, केलीबर, माइल और विनिर्माता की क्रम संख्या ; और

(ख) जमापक्ष की तरफ, उपनियम (क) में निर्दिष्ट स्टाक संख्या के सामने, -

(i) अग्न्यायुध के विक्रय की तारीख;

(ii) उस व्यौहारी का नाम और पता तथा अनुज्ञप्ति संख्या, जिसको अग्न्यायुध वेचे गए हैं ;

(iii) उस सरकारी विभाग की विशिष्टियां, जिसको अग्न्यायुध बेचे गए हैं ;

(iv) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इन नियमों के अधीन जारी की गई निर्यात अनुज्ञप्ति की विशिष्ट सहित उस व्यक्ति की विशिष्टियां और पता जिसको अग्न्यायुध निर्यात किए गए थे ।

(2) विनिर्माता सुरक्षित इलैक्ट्रानिक डाटा बेस के प्रपत्र में एक रजिस्टर रखेगा, जिसे 'गोला वारुद स्टाक रजिस्टर' के नाम से जाना जाएगा, जिसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अभिलिखित की जाएंगी :-

(क) नामेपक्ष की तरफ, -

(i) विनिर्मित क्रीत या अर्जित सभी गोला बारुद के कैलीबर, मेक और मात्रा;

(ii) विनिर्माण की लॉट संख्या और तारीख या रसीद ; और

(iii) गोला-बारुद क्रीत या अर्जित किए जाने की दशा में -

(अ) व्यक्ति जिससे उसे क्रय या अर्जित किया गया था; और
क्रय या अर्जन के कारण ।

(ख) जमापक्ष की तरफ, -

(i) गोला वारुद के विनिर्माता द्वारा और विक्रय या उपयोग किए जाने की तारीख और लॉट संख्या;

(ii) विनिर्माता द्वारा विक्रीत या उपयोग में लाए गए गोला बारुद का कैलीबर, मेक और मात्रा ;

(iii) उस व्यौहारी का नाम और पता तथा अनुज्ञप्ति संख्या, जिसको गोला बारुद बेचे गए हैं ;

(iv) उस सरकारी विभाग की विशिष्टियां, जिसको गोला बारुद वेचे गए हैं ;

(v) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इन नियमों के अधीन जारी की गई निर्यात अनुज्ञप्ति की विशिष्ट सहित उस व्यक्ति की विशिष्टियां और पता जिसको गोला बारुद निर्यात किए गए थे ;

(vi) संग्रहण की तारीख और व्यौहारी या सुसंगत सरकारी कर्मचारी जिसको गोला-बारुद प्रदत्त किया गया था के हस्ताक्षर ।

(3) (क) विनिर्माता सभी विनिर्मित अग्न्यायुधों और मुख्य अग्न्यायुध घटकों की अद्यतन स्टाक शीट रखेगा ।

(ख) उपनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट रजिस्टर अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट कारबार परिसरों में रखे जाएंगे ।

(ग) अग्न्यायुधों और गोला-बारुद की सभी विशिष्टियां अनुज्ञप्तिधारी द्वारा, यथास्थिति, विनिर्माण, प्राप्ति, अंतरण या उपयोग और तत्काल अभिलिखित की जाएंगी ।

(4) (क) विनिर्माता अपनी यूजर आईडी में एनडीएएल प्रणाली के साथ एक ऑन लाइन इलैक्ट्रानिक संपर्क स्थापित करेगा और उपनियम (1) और (2) में निर्दिष्ट रजिस्टरों में यथाअभिलिखित सप्ताह के लिए विनिर्मित और विक्रीत या अंतरित अग्न्यायुधों तथा विनिर्मित और विक्रीत या अंतरित या उपभुक्त गोला बारुद के संबंध में साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑन लाइन डाटा अंतरण की व्यवस्था करेगा ।

(ख) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां घटित होती हैं जो अनुज्ञप्तिधारी को एनडी एएल प्रणाली पर ऑन लाइन विवरणियां इलैक्ट्रानिक नेटवर्क संपर्क के माध्यम से प्रस्तुत करने से रोकती हैं, तो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को साप्ताहिक विवरणियों को प्रस्तुत करने के लिए और वैकल्पिक साधन स्थापित करने हेतु तत्काल सूचित किया जाएगा ।

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार के घंटों के अंत तक प्रस्तुत की जाएगी ।

66. निरीक्षण और अधिहरण के संबंध में प्रवर्तन शक्तियां – (1) (क) अनुज्ञापन प्राधिकारी समय समय पर अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माण सुविधाओं और अभिलेखों के निरीक्षण संचालित करेगा

(ख) निरीक्षण के अंतर्गत सूची अभिलेखों का सत्यापन, अग्न्यायुध को बनाने की क्रियाविधि, सुरक्षा सन्नियमों, कार्मिक अभिलेखों और निरीक्षण टीम द्वारा उपयुक्त समझे गए किसी अन्य सुसंगत क्षेत्रों का या अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित संपरीक्षा और निरीक्षण कार्यक्रम में अंतर्विष्ट अनुदेशों के अनुसार पुनर्विलोकन ।

(2) अग्न्यायुध और उनके भाग, घटक या गोला बारुद जिनका विनिर्माण विधि विरुद्ध ढंग से किया गया है, का प्रवर्तन अभिकरणों द्वारा स्थायी रुप से अधिहरण किया जाएगा ।

(3) (क) अग्न्यायुध और उनके भाग, घटक या गोला बारुद जिनका विनिर्माण संदेहजनक ढंग से विधि विरुद्ध ढंग से किया गया है, का निम्नलिखित मामलों के संबंध में अस्थायी रुप से अभिग्रहण किया जा सकेगा, अर्थात् :-

(i) यदि विनिर्माण अनुज्ञप्ति निलंबित प्रतिसंहृत या रद्द की गई है या यदि वह समाप्त हो जाती है ; या

(ii) विनिर्माण अनुज्ञप्ति का धारक किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध है; या

(iii) अनुज्ञापन प्राधिकारी के पास यह विश्वास करने के आधार है कि अपराध किया गया है या किया ही जाने वाला है और अभिगृहीत की जाने वाली मदें या तो इसके साक्ष्य हैं या स्वयं अंतर्वलित अपराध की विषयवस्तु है ;

(ख) अभिग्रहीत मदें जो विधिविरुद्ध ढंग से विनिर्मित की गई पाई गई है, अधिहरित की जाएंगी और मदें जो विधिविरुद्ध ढंग से विनिर्मित की गई नहीं पाई गई हैं उनके स्वामी को तत्काल लौटाई जाएंगी ।

(4) (क) अग्न्यायुध और उनके भाग, घटक या गोला बारुद जिनका विनिर्माण विधि विरुद्ध ढंग से किया गया है, का निम्नलिखित का तत्काल अधिमानत: इन नियमों के अनुसार विनष्ट करने के माध्यम से निपटान किया जाएगा ।

(ख) विनिष्ट करने से अन्यथा निपटान की कोई पद्धति उपयोग में लाई जा सकेगी, परंतु यह तब जब कि अग्न्यायुध पहले चिन्हित और रजिस्ट्रीकृत किए जाएं और निपटान की पद्धति अभिलिखित की जाए ।

भाग 2
अग्न्यायुधों की प्रतिकृति का विनिर्माण

67. अग्न्यायुधों की प्रतिकृति का विनिर्माण करने के लिए अनुज्ञप्ति – (1) प्ररुप 7-ख में अनुज्ञप्ति किसी व्यक्ति को घरेलू बाज़ार और निर्यात प्रयोजनों के लिए प्राचीन (मज़ल लोडिंग) और समकालीन (ब्रीच - लोडिंग) अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों का विनिर्माण करने के लिए प्रदान की जा सकेगी ।

(2) आयुध नियम, 1962 के अधीन मशीनरी रखने वाले या प्ररुप 9 में अग्न्यायुधों के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति न रखने वाले व्यक्ति या अनुज्ञप्ति रखने वाले व्यक्ति इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष के भीतर अग्न्यायुधों की प्रतिकृति के विनिर्माण और विक्रय के लिए प्ररुप 7ख में नई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेंगे ।

68. अग्न्यायुधों की प्रतिकृति के नमूनों का निरीक्षण – (1) अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों के विनिर्माता किसी दिए गए समय पर प्रत्येक प्रकार की प्रतिकृति के 50 नमूनों से अधिक नमूने नहीं रखेंगे ।

(2) अग्न्यायुधों की प्रतिकृति का विनिर्माता, विनिर्माण प्रारंभ करने से पूर्व प्रत्येक प्रकार की प्रतिकृति का निरीक्षण निदेशालय, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय से विनिर्माता द्वारा वहन की जाने वाली लागत पर निरीक्षण निदेशालय को निम्नलिखित प्रस्तुत करते हुए करवाएगा –

(i) विनिर्माण के लिए प्रस्तावित प्रतिकृति के प्रत्येक प्रकार के तीन नमूने ;

(ii) प्रत्येक प्रकार की प्रतिकृति की फोटो और रेखांकनों की इसके मुख्य भागों का विवरण देते हुए पांच प्रतियां ;

(iii) प्ररुप 7ख में जारी मूल अनुज्ञप्ति और उसकी एक प्रति ।

(3) निरीक्षण के पश्चात् निरीक्षण निदेशालय फोटो और रेखांकनों पर प्रतिकृतियों की अहानिकारकता प्रमाणित करेगा तथा ऐसे प्रमाणपत्र निरीक्षण के लिए प्रस्तुत प्रतिकृति के तीनों नमूनों में से प्रत्येक पर मुद्रांकित किए जाएंगे ।

(4) निरीक्षण की गई प्रतिकृति के प्रत्येक प्रकार का एक नमूना, उसकी फोटो और रेखांकन की एक प्रमाणित प्रति सहित गृह मंत्रालय को प्रतिधारण के लिए प्रतिदत्त की जाएगी ।

(5) प्ररुप 7ख में मूल अनुज्ञप्ति, निरीक्षण की गई प्रतिकृतियों के शेष दो नमूनों और प्रमाणित फोटो या रेखांकन की दो प्रतियों सहित मुद्रांकित की जाएंगी और विनिर्माता का परिदत्त की जाएगी, जो एक निरीक्षण किए गए नमूने को उसके फोटो या रेखांकन की एक प्रमाणित प्रति जिला, जिसमें प्रतिकृतियों का विनिर्माण किया जाना है, के जिला मजिस्ट्रेट के पास निक्षिप्त करेगा ।

(6) तीसरा निरीक्षित नमूना और प्रमाणित फोटो या रेखांकन की एक प्रति विनिर्माता द्वारा प्रतिधारित की जाएगी ।

(7) निरीक्षण निदेशालय प्ररुप 7ख में अनुज्ञप्ति की प्रति और प्रमाणित फोटो या रेखांकन की दो प्रतियां प्रतिधारित करेगा ।

69. अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों को चिन्हित करना – (1) विक्रय के लिए विनिर्मित प्रत्येक प्रतिकृति पर विनिर्माता का नाम, निम्नानुसार उत्कीर्ण किया जाएगा :

"मैसर्स (फर्म और शहर का नाम) .....भारत

द्वारा विनिर्मित अग्न्यायुध की प्रतिकृति" ।

(2) विनिर्माता प्रत्येक प्रतिकृति पर निम्नलिखित भी उत्कीर्ण करेगा –

(i) प्रतिकृति का प्रकार;

(ii) विनिर्माता की क्रम संख्या;
और

(iii) निरीक्षण निदेशालय द्वारा नमूने के निरीक्षण की तारीख ।

उदाहरण -

यदि निरीक्षण के पश्चात् चार विभिन्न प्रकार अनुमोदित किए जाते हैं तो नमूने क, ख, ग और घ के रुप में वर्णित किए जाएंगे और उपनियम (1) के अनुसार विनिर्माता के नाम के अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिकृति पर निम्नलिखित उत्कीर्ण किया जाएगा :-

"क/001 (डीडी-एमएम- वाईवाईवाईवाई);" जहां, -

'क' अनुमोदित प्रतिकृति का प्रकार दर्शाता है;

'001' क्रमसंख्या दर्शाता है; और

कोष्ठकों के भीतर तारीख निरीक्षण महानिदेशालय द्वारा अभिलिखित निरीक्षण के प्रमाणपत्र की तारीख उपदर्शित करती है ।

70. अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों के विनिर्माता द्वारा अभिलेखों का अनुरक्षण – (1) विनिर्माता प्रतिकृतियों के विनिर्माण और विक्रय के अभिलेख निम्नलिखित सारणी में दिए गए प्रपत्र में अनुरक्षित करेगा, अर्थात्

सारणी

विनिर्मित अग्न्यायुध प्रतिकृति की क्रमसंख्या	विनिर्माण की तारीख	निपटान की तारीख	क्रेता का नाम और पता, यदि भारत में किसी व्यष्टि को बेचा गया है	आयुध व्यौहारियों, जिनको विक्रय या निर्यात हेतु प्रदत्त किया गया है, का नाम और पता	प्राप्त निर्यात अनुज्ञा की विशिष्टियां, यदि सीधे निर्यात किया जाए	अहानिकारकता के प्रमाणपत्र की विशिष्टियां अहानिकारकता	हस्तगत अतिशेष स्टाक
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.

(2) अभिलेखों का निरीक्षण अनुज्ञप्तिधारी की अधिकारिता अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(3) विनिर्मित प्रतिकृतियां, जो निरीक्षित नमूनों के अनुरुप हो, वह भारत में विक्रीत किए जाने या विदेशों को निर्यात किए जाने हेतु अनुज्ञात किया जाएगा ।

IndiaCode

(4) (क) अनुज्ञप्तिधारी अपनी यूजर आईडी में एनडीएएल प्रणाली के साथ एक ऑन लाइन इलैक्ट्रानिक संपर्क स्थापित करेगा और उपनियम (1) में निर्दिष्ट रजिस्टरों में यथाअभिलिखित सप्ताह के लिए विनिर्मित और विक्रीत अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियां साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑन लाइन डाटा अंतरण की व्यवस्था करेगा ।

(ख) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां घटित होती हैं जो अनुज्ञप्तिधारी को एनडी एएल प्रणाली पर ऑन लाइन विवरणियां इलैक्ट्रानिक नेटवर्क संपर्क के माध्यम से प्रस्तुत करने से रोकती हैं, तो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को साप्ताहिक विवरणियों को प्रस्तुत करने के लिए और वैकल्पिक साधन स्थापित करने हेतु तत्काल सूचित किया जाएगा ।

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार के घंटों के अंत तक प्रस्तुत की जाएगी ।

71. अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों को अहानिकर बनाने की प्रक्रिया - अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों को किसी भी निम्नलिखित पद्धति के माध्यम से अहानिकर बनाया जा सकेगा, अर्थात् :-

(i) यदि प्रतिकृतियों की बैरल उसी धातु की बनी है जो अग्न्यायुध की बैरल के विनिर्माण में उपयोग की गई है तो बैरल के नीचे की तरफ ब्रीच एंड से 25 एम एम की दूरी पर 12 एम एम X 6 एम एम के आकार का एक खांचा काटकर ; या

(ii) पीतल जैसी नर्म धातुओं के साथ प्रतिकृतियों की बैरल का विनिर्माण करके ; या

(iii) बैरल में चैनल हटाकर या फायर क्रियाविधिक के साथ चैनल को न जोड़कर या फायरिंग क्रियाविधि को हटा के ; या

(iv) ठोस बैरल की व्यवस्था करके या बैरल के पिछले भाग को ठोस बनाते हुए जब कि बैरल का सामने के भाग को सामान्य बैरल का आकार दिया जाता है ।

72. अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों का विक्रय और निर्यात – (1) इन नियमों के अधीन अग्न्यायुध की प्रतिकृतियों के निर्यात के लिए अनुज्ञप्तियां प्रदान करना विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 का 22) के उपबंधों के अध्यधीन होगा ।

(2) विक्रय या निर्यात के लिए प्रत्येक संव्यवहार के साथ अग्न्यायुध प्रतिकृति के विनिर्माता से उसकी मोहर और मुद्रा के अधीन एक प्रमाणपत्र संलग्न किया जाएगा, जिसमें यह प्रमाणित किया जाएगा कि बेची जा रही निर्यात की जा रही प्रतिकृतियां अग्न्यायुधों की तरह अहानिकर बनाई गई हैं तथा निरीक्षण महानिदेशालय, रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा निरीक्षित नमूनों के अनुरुप है और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी :

(i) प्रतिकृति की क्रमसंख्या;

(ii) नमूने की निरीक्षण की तारीख;

(iii) विनिर्माण का वर्ष; और

(iv) विनिर्माता का नाम ।

(2) (क) मज़ल लोडिंग अग्न्यायुधों की प्रतिकृति के विनिर्माण के लिए प्रदत्त अनुज्ञप्तियों के लिए अनुज्ञप्त क्षमता न्यूनतम मात्रा 250 पीस प्रतिमास तथा अधिकतम मात्रा 500 पीस प्रतिमास तक निर्बंधित होगी ।

(ख) समकालीन या आधुनिक अग्न्यायुधों की प्रतिकृति के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्त क्षमता अनुसूची 2 के स्तंभ (5) में यथाविनिर्दिष्ट अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वार यथा अनुमोदित होगी ।

भाग 3
आयुध और गोला बारुद व्यौहारी

73. आयुध और गोला बारुद व्यौहारियों और अनुज्ञप्तियां प्रदान करना – (1) आयुध और गोला बारुद व्यौहारियों को प्ररुप 8 में अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों सहित प्ररुप क-8 में किया जाएगा, अर्थात् :-

(i) रेखांकनों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित यह कथन करने वाली एक लिखित घोषणा कि आवेदक के पास अग्न्यायुधों और गोलाबारुद की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए एक तिजोरी की सुविधा उपलब्ध है;

(ii) अग्न्यायुधों और गोलाबारुद की सुरक्षित अभिरक्षा के संबंध में उठाए गए कदमों के विनिर्दिष्ट संदर्भ में एक लिखित वचनबंध जिसके अंतर्गत पहुंच नियंत्रण, क्लोज सर्किट टेलीविजन प्रणाली, सुरक्षागार्ड, अग्निशमन युक्तियां इत्यादि के लिए व्यवस्था है ;

(iii) परिसरों में आवेदक की ओर से व्यापार करने के लिए प्राधिकृत प्रत्येक व्यक्ति, जिसके पास अग्न्यायुधों के सुरक्षित हथालन के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण हो, के नाम और पते से अंतर्विष्ट सत्यापन प्ररुप :

परंतु केंद्रीय सरकार इस संबंध में साधारण या विशेष आदेश पारित करके ऐसे व्यौहारियों द्वारा कारबार के संचालन पर अतिरिक्त शर्तें विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जिनका कारबार का स्थान सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 (ए एफ एस पी ए (1958 का 28)) या अधिनियम की धारा 24क या 24ख के अधीन 'अशांत क्षेत्र' के रुप में घोषित किसी क्षेत्र में है ।

(2) प्ररूप 8 में अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए कोई आवेदन, उक्त अनुज्ञप्ति के अवसान से कम से कम साठ दिन पूर्व अनुज्ञापन प्राधिकारी को उपनियम (1) में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ किया जाएगा ।

(3) प्ररूप 8 में मंजूर की गई अनुज्ञप्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी और वह विक्रय किए जाने वाले या विक्रय हेतु रखे जाने वाले आयुधों और/या गोला बारूद की किस्मों और ऐसे आयुधों और/या गोला बारूद को विनिर्दिष्ट करेगी, जिन्हें 48 या धारा 21 के अधीन सुरक्षित अभिरक्षा के लिए जमा किया जा सकेगा ।

74. आयुधों और गोला बारूद के व्यौहारियों के लिए निर्बंधित प्रवर्ग के अग्न्यायुधों और गोला बारूद के लिए अनुज्ञप्ति – केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय प्ररूप 8 में मंजूर की गई किसी अनुज्ञप्ति द्वारा चयनित व्यौहारियों को अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट प्रवर्ग I(ख) या I(ग) के अग्न्यायुधों और गोला बारूद का क्रय, विक्रय या विक्रय के लिए रखे जाने की मात्रा विनिर्दिष्ट करते हुए प्राधिकृत कर सकेगा और उक्त अनुज्ञप्तिधारी ऐसे प्रवर्ग के किन्हीं अग्न्यायुधों या गोला बारूद को, अनुज्ञप्ति धारक पर अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी से इस संबंध में पूर्व पुष्टि अभिप्राप्त किए बिना किसी व्यक्ति को विक्रय या अंतरित नहीं करेगा कि अनुज्ञप्तिधारी को ऐसे निर्बंधित अग्न्यायुध या गोला बारूद कब्जे में रखने की अनुज्ञप्ति जारी की गई है ।

75. आयुध और गोला बारूद व्यौहारियों द्वारा रखे जाने वाले संव्यवहारों के अभिलेख – (1) अनुज्ञप्तिधारी 'अग्न्यायुध स्टॉक रजिस्टर' नामक एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नलिखिति विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्;-

(क) विकलन पक्ष पर, -

(i) एक स्टॉक संख्यांक, जो किसी अग्न्यायुध पर किसी अस्थायी चिन्ह द्वारा स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाना चाहिए;

(ii) अग्न्यायुध की मेक, किस्म और कैलिबर तथा साथ ही प्रत्येक विनिर्माता का क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान चिन्ह, जो अग्न्यायुध पर प्रदर्शित किया जाता है;

(iii) अग्न्यायुध की प्राप्ति की तारीख;

(iv) व्यापार अंतरण की दशा में, ऐसे विनिर्माता या व्यौहारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन और वास्तविक पता, जिससे अग्न्यायुध क्रय अथवा अर्जित किया गया था और साथ ही क्रय बीजक, चालान, परिवहन दस्तावेज और प्ररूप 12 में परिवहन अनुज्ञप्ति के ब्यौरे, यदि लागू हों:

(v) प्राइवेट अंतरण की दशा में ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन, वास्तविक पता, उस अनुज्ञप्तिधारी या उसके विधिक उत्तराधिकारियों, जिससे अग्न्यायुध क्रय अथवा अर्जित किया गया था, को संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी विक्रय प्राधिकार और उस व्यक्ति के हस्ताक्षर, जिससे अग्न्यायुध अर्जित किया गया था ।

(ख) प्रत्यय पक्ष पर,उपनियम (1) में निर्दिष्ट स्टॉक संख्यांक के सामने,-

(i) अग्न्यायुध के विक्रय की तारीख;

(ii) व्यापार अंतरण की दशा में, ऐसे व्यौहारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन और वास्तविक पता, जिसे अग्न्यायुध का विक्रय अथवा अंतरण किया गया था और साथ ही विक्रय बीजक, चालान, परिवहन दस्तावेज की विशिष्टियां और प्ररूप 12 में परिवहन अनुज्ञप्ति के ब्यौरे, यदि लागू हो:

(iii) प्राइवेट अंतरण की दशा में ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन, पूर्ण पता, उस अनुज्ञप्तिधारी, जिसे अग्न्यायुध का विक्रय अथवा अंतरण किया गया था, को संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञप्ति में उल्लिखित क्रय प्राधिकार और क्रय अवधि और साथ ही क्रय बीजक की विशिष्टियां और उस व्यक्ति के हस्ताक्षर, जिसे अग्न्यायुध विक्रय किया गया था ।

(iv) अग्न्यायुध के अंतरण के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के हस्ताक्षर को, यथालागू खंड (i) से (iii) में उल्लिखित लेखबद्ध विशिष्टियों में चिन्हित किया जाएगा ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी 'गोला बारूद स्टॉक रजिस्टर' नामक एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नलिखिति विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्;-

(क) विकलन पक्ष पर, -

(i) गोला बारूद की प्राप्ति की तारीख;

(ii) व्यापार अंतरण की दशा में, ऐसे विनिर्माता और व्यौहारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन वास्तविक पता, जिससे गोला बारूद क्रय अथवा अर्जित किया गया था और साथ ही क्रय बीजक, चालान, परिवहन दस्तावेज की विशिष्टियां और प्ररूप 12 में परिवहन अनुज्ञप्ति के ब्यौरे, यदि लागू हों;

(iii) प्राइवेट अंतरण की दशा में, ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन और वास्तविक पता, जिसे गोला बारूद विक्रय किया गया था और उस व्यक्ति के हस्ताक्षर, जिससे अग्न्यायुध अर्जित किया गया था ।

टिप्पण : सभी दस्तावेजों और रजिस्टर में गोला बारूद के वास्तविक ब्यौरों का उल्लेख किया जाना अपेक्षित है, जिसमें उसका कैलिबर, मेक और मात्रा अंतर्विष्ट होगी ।

(ख) प्रत्यय पक्ष पर,

(i) गोला बारूद के विक्रय की तारीख;

(ii) व्यापार अंतरण की दशा में, ऐसे व्यौहारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन और वास्तविक पता, जिसे गोला बारूद का विक्रय अथवा अंतरण किया गया था और साथ ही विक्रय बीजक, चालान, परिवहन दस्तावेज की विशिष्टियां और प्ररूप 12 में परिवहन अनुज्ञप्ति के ब्यौरे, यदि लागू हों;

(iii) प्राइवेट अंतरण की दशा में ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का पूरा नाम, अनुज्ञप्ति संख्यांक, अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि, यूआईएन, पूर्ण पता, क्रय प्राधिकार के ब्यौरे और उस अनुज्ञप्तिधारी, जिसे गोला बारूद का विक्रय अथवा अंतरण किया गया था, को संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञप्ति में उल्लिखित क्रय अवधि और विक्रय बीजक की विशिष्टियां तथा उस व्यक्ति के हस्ताक्षर, जिसे गोला बारूद विक्रय किया गया था ।

(iv) गोला बारूद के अंतरण के लिए उत्तरदायी व्यक्ति के हस्ताक्षर को, यथालागू खंड (i) से (iii) में उल्लिखित लेखबद्ध विशिष्टियों में चिन्हित किया जाएगा ।

टिप्पण : सभी दस्तावेजों और रजिस्टर में गोला बारूद के पूर्ण ब्यौरों का उल्लेख किया जाना अपेक्षित है, जिसमें उसका कैलिबर, मेक और मात्रा अंतर्विष्ट होगी ।

(3) उपनियम (1) और उपनियम (2) में उल्लिखित व्यापार अंतरण की दशा में, ऐसा विक्रय या अंतरण करने वाला व्यौहारी, ऐसा संव्यवहार करने से पूर्व स्वयं का यह समाधान करेगा कि विक्रय या अंतरित किए जाने वाले अग्न्यायुध या गोला बारूद की मात्रा, क्रय करने वाले व्यौहारी की अनुज्ञप्ति में उल्लिखित विक्रय या अंतरण की तारीख को उसकी कुल अनुज्ञप्त मात्रा से अधिक नहीं है ।

(4) इस नियम के अधीन तब तक अग्न्यायुधों और गोला बारूद का कोई व्यापार अंतरण नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके साथ विक्रय बीजक संलग्न न हो ।

(5) उपनियम (1) और उपनियम (2) में उल्लिखित रजिस्टरों को अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट कारबार परिसरों पर रखा जाएगा और रजिस्टर के प्रत्येक पृष्ठ को क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा और प्रविष्टियों को स्याही में अभिलिखित किया जाएगा और प्रभावी किए गए किन्हीं संशोधनों को स्याही में अंतरापंक्ति लेखन या काट कर चिन्हित किया जाएगा और न कि उसे मिटा कर तथा उसे करने वाले व्यक्ति द्वारा उस पर लघु हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(6) कोई भी व्यक्ति इस नियम में परिकल्पित किसी रजिस्टर से किसी पृष्ठ को नहीं हटाएगा या हटवाएगा और किसी प्रतिकूल साक्ष्य की अनुपस्थिति में इस प्रकार किसी पृष्ठ को हटाए जाने के संबंध में यह समझा जाएगा कि उसे ऐसे अनुज्ञप्तिधारी, जिसके द्वारा ऐसा रजिस्टर रखा जाना अपेक्षित है, द्वारा या उसके प्राधिकार द्वारा हटाया गया है ।

(7) इस नियम के अधीन रजिस्टर में प्रविष्ट की जाने वाली सभी प्रविष्टियों को, यथास्थिति, संबद्ध अग्न्यायुध या गोला बारूद की प्राप्ति, अंतरण या विक्रय पर तुरंत अभिलिखित किया जाएगा और उपनियम (1) और (2) में विनिर्दिष्ट प्रविष्टियों के अतिरिक्त उसमें अग्न्यायुध और गोला बारूद के विद्यमान स्टॉक के दैनिक अतिशेष को भी दर्शित किया जाएगा ।

(8) (क) अनुज्ञप्तिधारी एनडीएएल प्रणाली पर अपनी उपयोक्ता आईडी के साथ ऑनलाइन इलैक्ट्रानिक कनेक्टिविटी स्थापित करेगा और किसी सप्ताह के लिए, उपनियम (1) और उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट रजिस्टरों में यथाअभिलिखित अग्न्यायुध और गोला बारूद के संबंध में किए गए संव्यवहारों के डाटा का साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑनलाइन अंतरण का उपबंध करेगा ।

(ख) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जो किसी अनुज्ञप्तिधारी को इलैक्ट्रानिक नेटवर्क कनेक्टिविटी के माध्यम से एनडीएएल प्रणाली पर ऑनलाइन विवरणियां प्रस्तुत करने से निवारित करती हैं, तो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को, साप्ताहिक विवरणियां प्रस्तुत करने हेतु वैकल्पिक उपाय स्थापित करने के लिए तुरंत सूचना दी जाएगी ।

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार घंटों के अंत तक प्रस्तुत की जाएंगी ।

76. आयुध और गोला बारूद को अभिरक्षा में रखने की अनुज्ञप्ति – (1) अनुज्ञप्तिधारी अधिनियम की धारा 21 के उपबंधों के अधीन आयुध या गोला बारूद को जमा करने और नियम 48 के अधीन उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए प्ररूप 8 में उन्हें तब तक स्वीकार नहीं करेगा, जब तक कि उसका यह समाधान न हो जाए कि जमा कराने वाले व्यक्ति या ऐसे किसी व्यक्ति, जिसकी ओर से उन्हें जमा किया जा रहा है, का कोई दुराशय नहीं है ।

(2) अनुज्ञप्तिधारी, धारा 21 के अधीन जमा किए गए और नियम 48 के अधीन सुरक्षित अभिरक्षा के लिए रखे गए आयुध और गोला बारूद के लिए पृथक रजिस्टर रखेगा ।

(3) उपनियम (1) में निर्दिष्ट रजिस्टरों में निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्:-

(i) अग्न्यायुध की प्राप्ति की तारीख;

(ii) ऐसे व्यक्ति का पूरा नाम व पता, जिससे आयुध या गोला बारुद अर्जित किया गया है;

(iii) अग्न्यायुध की मेक, किस्म और कैलिबर तथा साथ ही प्रत्येक विनिर्माता का क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान चिह्न, जिसे अग्न्यायुध पर उपदर्शित किया गया है ;

(iv) अनुज्ञप्तिधारी की अनुज्ञप्ति का संख्यांक, जारी होने की तारीख, विधिमान्यता की अवधि और यूआईएन तथा उस व्यक्ति के हस्ताक्षर जिससे अग्न्यायुध अर्जित किया गया था ;

(v) आयुध या गोला बारूद को वापस, अंतरित या उसका व्ययन करने की तारीख ; और

(vi) उस व्यक्ति के हस्ताक्षर, जिसे आयुध या गोला बारूद को वापस, अंतरित या व्ययन किया गया था ।

(4) उपनियम (2) के अधीन रजिस्टरों को अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट कारबार परिसरों पर रखा जाएगा और रजिस्टर के प्रत्येक पृष्ठ को क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा और प्रविष्टियों को स्याही में अभिलिखित किया जाएगा और प्रभावी किए गए किन्हीं संशोधनों को स्याही में अंतरापंक्ति लेखन या काट कर चिन्हित किया जाएगा और न कि उसे मिटा कर तथा उसे करने वाले व्यक्ति द्वारा उस पर लघु हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

(5) कोई भी व्यक्ति इस नियम में परिकल्पित किसी रजिस्टर से किसी पृष्ठ को नहीं हटाएगा या हटवाएगा और किसी प्रतिकूल साक्ष्य की अनुपस्थिति में इस प्रकार किसी पृष्ठ को हटाए जाने के संबंध में यह समझा जाएगा कि उसे ऐसे अनुज्ञप्तिधारी, जिसके द्वारा ऐसा रजिस्टर रखा जाना अपेक्षित है, द्वारा या उसके प्राधिकार द्वारा हटाया गया है ।

(6) इस नियम के अधीन रजिस्टर में प्रविष्ट की जाने वाली सभी प्रविष्टियों को, यथास्थिति, संबद्ध अग्न्यायुध या गोला बारूद की प्राप्ति, अंतरण या व्ययन पर तुरंत अभिलिखित किया जाएगा और उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट प्रविष्टियों के अतिरिक्त उसमें अग्न्यायुध और गोला बारूद के विद्यमान स्टॉक के दैनिक अतिशेष को भी दर्शित किया जाएगा ।

(7) (क) अनुज्ञप्तिधारी एनडीएएल प्रणाली पर अपनी उपयोक्ता आईडी के साथ ऑनलाइन इलैक्ट्रानिक कनेक्टिविटी स्थापित करेगा और किसी सप्ताह के दौरान उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट रजिस्टरों में यथाअभिलिखित जमा किए गए या जारी किए गए अग्न्यायुध और गोला बारूद के संबंध में किए गए संव्यवहारों के डाटा का साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑनलाइन अंतरण का उपबंध करेगा ।

(ख) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जो किसी अनुज्ञप्तिधारी को इलैक्ट्रानिक नेटवर्क कनेक्टिविटी के माध्यम से एनडीएएल प्रणाली पर ऑनलाइन विवरणियां प्रस्तुत करने से निवारित करती हैं, तो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को, साप्ताहिक विवरणियां प्रस्तुत करने हेतु वैकल्पिक उपाय स्थापित करने के लिए तुरंत सूचना दी जाएगी ।

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार घंटों के अंत तक प्रस्तुत की जाएंगी ।

भाग 4

प्रत्यायित बंदूक बनाने वाला

77. लघु मरम्मतें करने के लिए अनुज्ञप्ति – (1) प्ररूप 9-क में की अनुज्ञप्ति किसी अनुज्ञप्तिधारी बंदूक बनाने वाले को अग्न्यायुधों में लघु मरम्मतें करने और उन्हें स्वीकार करने तथा उनका भंडारण करने के लिए हकदार बनाती है ।

(2) अनुज्ञप्ति बंदूक बनाने वाले को, अग्न्यायुधों का परीक्षण करने के लिए गोला बारूद को अर्जित करने और स्टॉक में रखने का हकदार बनाती है ।

78. बृहत मरम्मतें, संपरिवर्तन आदि करने के लिए अनुज्ञप्ति – (1) जहां अग्न्यायुधों या गोला बारूद के किसी प्रवर्ग के लिए बृहत मरम्मत करने या उनके संपरिवर्तन के लिए प्ररूप 9 में कोई अनुज्ञप्ति मंजूर की जाती है, वहां वह अनुज्ञप्तिधारी बंदूक बनाने वाले को, ऐसे अग्न्यायुधों के संपरिवर्तन या उनकी बृहत मरम्मत करने के प्रयोजन के लिए उसके संघटकों या पुर्जों को तैयार करने के लिए हकदार बनाती है, किंतु वह उसको ऐसे संघटकों या पुर्जों का, उन्हें किसी प्रवर्ग के पूर्ण अग्न्यायुधों या गोला बारूद के संयोजन में उपयोग करने के लिए विनिर्माण करने का हकदार नहीं बनाती ।

(2) अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्तिधारी को अग्न्यायुधों को निष्क्रिय बनाने और उनका भंडारण करने की भी अनुज्ञा देती है ।

(3) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाले आवेदक के पास, किसी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय संस्थान से या वृतिक अथवा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विधिक रूप से मान्यताप्राप्त किसी निकाय से बंदूक बनाने वाले के रूप में कार्य करने के लिए वृतिक तकनीकी विशेषज्ञता होनी चाहिए ।

(4) केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय ऐसे तकनीकी पाठ्यक्रम की अंतर्वस्तु और उपनियम (3) में निर्दिष्ट प्रशिक्षण और विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए मान्यताप्राप्त संस्थाओं को, इस संबंध में कोई साधारण या विशेष आदेश पारित करके अधिसूचित करेगा ।

(5) जहां किसी अग्न्यायुध को छोटा करने के लिए प्ररूप 9 में कोई अनुज्ञप्ति मंजूर की जाती है, वहां अनुज्ञप्ति विनिर्दिष्ट रूप से यह कथन करेगी कि अनुज्ञप्तिधारी को किसी अग्न्यायुध को छोटा करने की अनुमति है ;

परंतु अनुज्ञप्तिधारी को किसी शाटगन या राइफल के बैरल की लंबाई को 20 इंच से छोटा करने की अनुमति नहीं होगी ।

(6) जहां ऐसी कोई अनुज्ञप्ति गोला बारूद के संपरिवर्तन के लिए मंजूर की जाती है, वहां वह अनुज्ञप्तिधारी को किसी खाली काट्रिरेज या किसी ऐसे गोला बारूद को, जिसका प्रक्षेप्य नहीं है, एकल या बहु प्रक्षेपित गोला बारूद में संपरिवर्तित करने या किसी गोला बारूद को भरने या पुनः भरने का हकदार नहीं बनाएगी ।

(7) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति रखने वाला अनुज्ञप्तिधारी, अपने कार्य के निष्पादन के प्रयोजन के लिए किसी अग्न्यायुध को स्वीकार करने और उसका भंडारण करने और किसी अग्न्यायुध के किसी पुर्जे को, जिसके अंतर्गत कोई मुख्य फ्रेम वाला संघटक भी है, स्टॉक में रखने के लिए हकदार होगा ।

(8) अनुज्ञप्ति बंदूक बनाने वाले को, अग्न्यायुधों का परीक्षण करने के लिए गोला बारूद को अर्जित करने और उसे स्टॉक में रखने के लिए हकदार बनाती है ।

(9) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञापन प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी अग्न्यायुध के क्रम संख्यांक या किसी अन्य पहचान चिन्ह में कोई परिवर्तन नहीं करेगा या उसका पुनः उत्कीर्णन नहीं करेगा या उसे नहीं हटाएगा ।

(10) अग्न्यायुधों और गोला बारूद को केवल अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किसी प्रत्यायित शूटिंग रेंज या टेस्ट बैंच या केविनेट में परीक्षण के लिए चलाया जा सकेगा, वह भी केवल ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो उसकी अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट रूप से उल्लिखित हों ।

(11) ऐसा अनुज्ञप्तिधारी बंदूक बनाने वाला, जो संकर्म के पूरा होने से पूर्व किसी अग्न्यायुध के तंत्र, कैलिबर या बैरल की लंबाई में कोई परिवर्तन करता है, निम्नलिखित के संबंध में लिखित में अनुज्ञापन प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा,-

(i) अग्न्यायुध की विशिष्टियां, जिसके अंतर्गत उसकी किस्म, नाम, कैलिबर और विनिर्माता का क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान संख्यांक भी है;

(ii) अनुज्ञप्तिधारी का नाम और पता, उसके यूआईएन, अनुज्ञप्ति संख्यांक और अग्न्यायुध के संबंध में अनुज्ञप्ति जारी करने की तारीख के साथ;

(iii) अग्न्यायुध पर किए गए संकर्म की विशिष्टियां ।

(12) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति को धारण करने वाला अनुज्ञप्तिधारी, केवल अनुज्ञापन प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से किसी अग्न्यायुध को निष्क्रिय कर सकेगा ।

79. प्ररूप 9 और प्ररूप 9-क में जारी अनुज्ञप्तियों की अन्य शर्तें – प्ररूप 9 और प्ररूप 9-क में जारी अनुज्ञप्तियों की विधिमान्यता 5 वर्ष होगी और उसमें ऐसे आयुधों की किस्मों को विनिर्दिष्ट किया जाएगा, जिन्हें संपरिवर्तित किया जा सकेगा, जिनकी मरम्मत (बृहत या लघु), परीक्षण (सबूत संबंधी परीक्षण से भिन्न) किया जा सकेगा और साथ ही मरम्मत किए गए अग्न्यायुधों के परीक्षण के लिए कब्जे में रखे जाने के लिए अनुज्ञात गोला बारूद का विवरण या इस प्रवर्ग के अधीन मंजूर की गई अनुज्ञप्ति की किस्म के अनुसार संपरिवर्तन के लिए अनुज्ञात गोला बारूद का विवरण भी विनिर्दिष्ट किया जाएगा ।

80. अप्रयोज्य अथवा खराब तथा निष्क्रिय अग्न्यायुध – (1) किसी भी अग्न्यायुध को तब तक अप्रयोज्य अथवा खराब अथवा निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में लिखित में प्रमाणित न कर दिया गया हो ।

(2) ऐसा कोई अनुज्ञप्तिधारी, जो अपने अग्न्यायुध को अप्रयोज्य अथवा खराब अथवा निष्क्रिय करने की वांछा करता है, अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसी निष्क्रियता के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए आवेदन कर सकेगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे अग्न्यायुध को अप्रयोज्य अथवा खराब अथवा निष्क्रिय करने की अनुमति प्रदान कर सकेगा ।

(3) किसी अग्न्यायुध को केवल किसी बंदूक बनाने वाले द्वारा नियम 81 के अधीन विनिर्दिष्टि रीति में निष्क्रिय किया जा सकेगा ।

(4) अग्न्यायुध को अप्रयोज्य अथवा खराब अथवा निष्क्रिय किए जाने पर, बंदूक बनाने वाला अनुज्ञप्तिधारी को एक प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिसमें वह रीति उपदर्शित होगी, जिसमें उसे अप्रयुक्त अथवा खराब अथवा निष्क्रिय बनाया गया था और यह सत्यापित करेगा कि अग्न्यायुध के निष्क्रिय किए जाने के मामले में, नियम 81 के तहत निहित निष्क्रियकरण की प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है और 7 दिन के भीतर उक्त प्रमाणपत्र की प्रति के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी को इसकी सूचना देगा ।

(5) अनुज्ञप्तिधारी, उपनियम (4) के अधीन निष्क्रियता संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त होने के 7 दिन के भीतर, उक्त प्रमाण पत्र को, अग्न्यायुध के निरीक्षण हेतु, उसके साथ उसे अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा :

परंतु अनुज्ञापन प्राधिकारी, जब कभी अपेक्षित हो, अग्न्यायुध के प्राक्षेपिकी संबंधी परीक्षण के लिए उसे अग्रेषित करेगा ।

(6) अनुज्ञापन प्राधिकारी, अप्रयोज्य अथवा खराब अथवा निष्क्रिय घोषित किए गए अग्न्यायुध के निरीक्षण के पश्चात् और उसे प्रस्तुत निष्क्रियता संबंधी प्रमाण पत्र तथा प्राक्षेपिकी रिपोर्ट के आधार पर संतुष्ट हो जाने पर, नियम 104 में निहित विधि से अप्रयोज्य अथवा खराब अग्न्यायुधों को नष्ट करने के संबंधी आदेश पारित करेगा और नष्ट अथवा निराकृत करने संबंधी आदेशों के अनुरूप अग्न्यायुधों की अनुज्ञप्ति से उक्त अग्न्यायुध को हटाने का आदेश पारित कर देगा।

81. अग्न्यायुध को निष्क्रिय बनाने के लिए तकनीकी प्रक्रिया – (1) किसी अग्न्यायुध को निम्नलिखित रीति में निष्क्रिय किया जाएगा, अर्थात्-

(i) नाल और चैम्बर; उसके पिछले छोर से एक धातु डाट को कसकर फिट किया जाएगा और काट्रिज को चैम्बर में जाने से या बारूद के भरण को रोकने के लिए उसे पर वेल्ड किया जाएगा ;

(ii) रिवाल्वर सिलेंडर : उसके पिछले छोर से एक धातु डाट को कसकर फिट किया जाएगा और काट्रिज को चैम्बर में जाने से या बारूद के भरण को रोकने के लिए उसे पर वेल्ड किया जाएगा ;

(iii) फाइरिंग पिन : इस छोटा किया जाएगा और ब्रीच फेस में फाइरिंग पिन के छेद को वेल्ड करके बंद किया जाएगा;

(iv) ब्रीच फेस : इसके 75 प्रतिशत या अधिक को 45 डिग्री के कोण पर हटा दिया जाएगा ।

स्पष्टीकरण –

किसी रिवाल्वर की दशा में,"ब्रीच फेस" से ऐसा क्षेत्र निर्दिष्ट होता है जो नाल की रेखा में काट्रिज के आधार को समर्थन प्रदान करता है ;

(v) स्लाइड, बोल्ट या ब्रीच ब्लॉक : लॉकिंग सतहों के 75 प्रतिशत या अधिक को 45 डिग्री के कोण पर हटा दिया जाएगा ।

(vi) फ्रेम या रिसीवर; फीड रैम्प, लॉकिंग शोल्डर और स्पोर्ट के 75 प्रतिशत या अधिक को हटा दिया जाएगा और किसी धातु रोधन को उस स्थान पर वेल्ड किया जाएगा जो कि स्लाइड, बोल्ट या ब्रीच ब्लॉक की मानक फिटिंग को निवारित करेगा;

(vii) प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले व्यक्ति की तकनीकी राय के आधार पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा लिखित में यथाअनुमोदित कोई अन्य रीति।

(2) इस नियम की अधिसूचना से पूर्व निष्क्रिय किए गए अग्न्यायुधों को इस नियम के अनुसार निष्क्रिय गया समझा जाएगा।

82. **प्ररूप 9 या 9क में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले बंदूक बनाने वाले व्यक्ति द्वारा रखे जाने वाला संव्यवहारों का अभिलेख** – (1) अनुज्ञप्तिधारी 'अग्न्यायुध मरम्मत रजिस्टर' नामक एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नलिखिति विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्:-

(क) लघु या बृहत मरम्मत के लिए प्राप्त प्रत्येक अग्न्यायुध के संबंध में,-

(i) स्टॉक संख्यांक, जिसे अग्न्यायुध पर अस्थायी चिन्ह द्वारा स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए ;

(ii) अग्न्यायुध की मेक, किस्म, कैलिबर और साथ ही प्रत्येक विनिर्माता का क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान चिह्न, जो अग्न्यायुध पर उपदर्शित है ;

(iii) अग्न्यायुध की प्राप्ति की तारीख;

(iv) उस अनुज्ञप्तिधारी का नाम, पता और यूआईएन, जिससे अग्न्यायुध अर्जित किया गया था;

(v) आयुध अनुज्ञप्ति, अनुमति या ऐसे व्यक्ति के प्राधिकार का संख्यांक, तारीख और विधिमान्यता की अवधि, जिससे अग्न्यायुध अर्जित किया गया था;

(vi) अग्न्यायुध के संबंध में की गई मरम्मत की प्रकृति या किया गया कोई अन्य संकर्म; और

(vii) अनुज्ञप्ति को और अनुज्ञप्ति के संबंध में जारी अनुमति या प्राधिकार को प्राप्त करने की तारीख और उसके धारक के हस्ताक्षर।

(ख) प्ररूप 9 में मंजूर की गई अनुज्ञप्तियों के लिए स्टॉक में प्राप्त प्रमुख अग्न्यायुध संघटकों के संबंध में, -

(i) अग्न्यायुध के प्रमुख संघटकों की प्राप्ति की तारीख ;

(ii) ऐसी प्राप्ति का प्रयोजन ;

(iii) उस अनुज्ञप्तिधारी का नाम, पता और यूआईएन, जिससे अग्न्यायुध के प्रमुख संघटकों की प्राप्ति की गई थी ;

(iv) अग्न्यायुध के प्रमुख संघटकों का अंतरण या व्ययन, जिसके अंतर्गत उस अनुज्ञप्तिधारी का नाम, पता और यूआईएन भी है, जिसके द्वारा अग्न्यायुध के प्रमुख संघटकों की आपूर्ति की गई थी ; और

(v) उसे प्राप्त करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर।

(2) अनुज्ञप्तिधारी 'गोला बारूद स्टॉक रजिस्टर' नामक एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नलिखिति विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात्:-

(क) विकलन पक्ष पर,-

(i) क्रय किए गए या अर्जित सभी गोला बारूद का कैलिबर, मेक और मात्रा ;

(ii) प्राप्ति की तारीख ; और

(iii) उस व्यक्ति की अनुज्ञप्ति का संख्यांक, तारीख और यूआईएन, जिससे गोला बारूद क्रय या अर्जित किया गया था।

(ख) प्रत्यय पक्ष पर,-

(i) उपभोग या उपयोग किए गए सभी गोला बारूद का कैलिबर, मेक और मात्रा ;

(ii) गोला बारूद के निपटान की तारीख और कारण और प्रविष्टियों की सही के रूप में पुष्टि करते हुए अनुज्ञप्तिधारी के हस्ताक्षर।

(3) उपनियम (1) और उपनियम (2) में उल्लिखित रजिस्टरों को अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट कारबार परिसरों पर रखा जाएगा और रजिस्टर के प्रत्येक पृष्ठ को क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा और प्रविष्टियों को स्याही में अभिलिखित किया जाएगा और प्रभावी किए गए किन्हीं संशोधनों को स्याही में अंतरापंक्ति लेखन या काट कर चिन्हित किया जाएगा और न कि उसे मिटा कर तथा उसे करने वाले व्यक्ति द्वारा उस पर लघु हस्ताक्षर किए जाएंगे।

(4) कोई भी व्यक्ति इस नियम में परिकल्पित किसी रजिस्टर से किसी पृष्ठ को नहीं हटाएगा या हटवाएगा और किसी प्रतिकूल साक्ष्य की अनुपस्थिति में इस प्रकार किसी पृष्ठ को हटाए जाने के संबंध में यह समझा जाएगा कि उसे ऐसे अनुज्ञप्तिधारी, जिसके द्वारा ऐसा रजिस्टर रखा जाना अपेक्षित है, द्वारा या उसके प्राधिकार द्वारा हटाया गया है।

(5) इस नियम के अधीन रजिस्टर में प्रविष्ट की जाने वाली सभी प्रविष्टियों को, यथास्थिति, संबद्ध अग्न्यायुध, अन्यायुध के प्रमुख संघटकों या गोला बारूद की प्राप्ति, अंतरण, उपयोग या निपटान पर तुरंत अभिलिखित किया जाएगा और उपनियम (1) और (2) में विनिर्दिष्ट प्रविष्टियों के अतिरिक्त, उसमें मरम्मत या परीक्षण के लिए रखे गए अग्न्यायुध, अन्यायुध के प्रमुख संघटकों और गोला बारूद के विद्यमान स्टॉक के दैनिक अतिशेष को भी दर्शित किया जाएगा।

(6)(क) अनुज्ञप्तिधारी एनडीएएल प्रणाली पर अपनी उपयोक्ता आईडी के साथ ऑनलाइन इलैक्ट्रानिक कनेक्टिविटी स्थापित करेगा और किसी सप्ताह के लिए, उपनियम (1) और उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट रजिस्टरों में यथाअभिलिखित अग्न्यायुध और गोला बारूद के संबंध में किए गए संव्यवहारों के डाटा का साप्ताहिक इलैक्ट्रानिक ऑनलाइन अंतरण का उपबंध करेगा।

(ख) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जो किसी अनुज्ञप्तिधारी को इलैक्ट्रानिक नेटवर्क कनेक्टिविटी के माध्यम से एनडीएएल प्रणाली पर ऑनलाइन विवरणियां प्रस्तुत करने से निवारित करती हैं, तो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को, साप्ताहिक विवरणियां प्रस्तुत करने हेतु वैकल्पिक उपाय स्थापित करने के लिए तुरंत सूचना दी जाएगी।

(ग) चालू सप्ताह के लिए साप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार घंटों के अंत तक प्रस्तुत की जाएंगी।

भाग 5

विनिर्माताओं, आयुध व्यौहारियों और बंदूक बनाने वालों के लिए समान उपबंध

83. परिसरों, स्टॉक और अभिलेख का निरीक्षण- प्रत्येक मजिस्ट्रेट और निरीक्षक से अन्यून पंक्ति का कोई पुलिस अधिकारी या यदि केन्द्रीय सरकार ऐसा निदेश करे तो उप-निरीक्षक, जो उसके प्राधिकार की स्थानीय सीमाओं के भीतर कार्य कर रहा है या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विशिष्ट रूप से सशक्त कोई अधिकारी,-

(i) ऐसे परिसरों में प्रवेश और उनका निरीक्षण कर सकेगा, जिनमें आयुधों या गोला बारूद का विनिर्माण किया जाता है या सबूत के लिए परीक्षण किया जाता है या उनकी मरम्मत की जाती है, या जिन परिसरों में आयुधों अथवा गोला बारूद को ऐसे आयुधों या गोला बारूद के किसी विनिर्माता या व्यौहारी या बंदूक बनाने वाले द्वारा रखा जाता है; और

(ii) आयुधों और गोला बारूद के स्टॉक और उनकी प्राप्तियों तथा व्ययन के लेखाओं की परीक्षा या किसी अन्य रजिस्टर या दस्तावेज की परीक्षा कर सकेगा।

84. हवाई हथियारों, जिनके अंतर्गत पेंटबाल चिन्हक या गन भी हैं, का विनिर्माण और विक्रय – (1) इन नियमों के पूर्वगामी उपबंधों के अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,-

(क) किसी विनिर्माता द्वारा सभी किस्म के हवाई हथियारों, जिनके अंतर्गत एअर राइफलें, एअर गन और पेंटबाल चिह्नक भी हैं, उनकी मज़ल उर्जा या कैलिबर या बोर पर ध्यान न देते हुए, के विनिर्माण या सबूत परीक्षण या दोनों या अंतरण, विक्रय अथवा विक्रय या अंतरण के लिए रखा जाना इन विनियमों के अधीन अनुज्ञापन संबंधी अपेक्षाओं के अध्यधीन होगा:

परंतु कोई विद्यमान विनिर्माता, राजपत्र में इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर, अनुज्ञापन प्राधिकारी को ऐसे हथियारों के विनिर्माण हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन करेगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे विनिर्माता को प्ररूप 7ग में अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा।

(ख) सभी हवाई हथियार, जिनके अंतर्गत एअर राइफल और एअर गन भी हैं जिनकी मज़ल उर्जा 20 ज्यूल या 15 फुट पाउंड और/या बोर 0.177" या 4.5 मि.मी. से अधिक है, नियम 58 में यथाविनिर्दिष्ट चिन्हाकनों के अध्यधीन होंगे।

(2) सभी किस्म के हवाई हथियार, जिनके अंतर्गत एअर राइफल, एअर गन और पेंटबाल चिह्नक या गन भी हैं, का विक्रय, अंतरण और विक्रय या अंतरण के लिए रखा जाना, उनकी मज़ल उर्जा या कैलिबर बोर पर ध्यान न देते हुए केवल प्राधिकृत आयुध और गोला बारूद व्यौहारियों द्वारा या इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त हवाई हथियार व्यौहारियों द्वारा ही होगा:

परंतु हवाई हथियारों का कोई विद्यमान व्यौहारी, राजपत्र में इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के भीतर, ऐसे हथियारों के विक्रय, अंतरण और विक्रय या अंतरण के लिए रखे जाने हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन करेगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे व्यौहारी को प्ररूप 8क में अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा :

परंतु यह और कि ऐसे हवाई हथियारों, जिनके अंतर्गत एअर राइफल और एअर गन तथा पेंटबाल चिन्हक या गन भी हैं, जिनकी मज़ल उर्जा 20 ज्यूल या 15 फुट पाउंड और/या बोर 0.177" या 4.5 मि.मी. से अधिक है और पेंटबाल चिन्हक या गन की मज़ल उर्जा 90 एम/एस या 300 फुट प्रति सेकेंड (300 एफएसपी) से अनधिक है, के विक्रय या अंतरण को केवल किसी प्राधिकृत आयुध और गोला बारूद के व्यौहारी द्वारा किसी विधिमान्य आयुध अनुज्ञप्ति धारक को किया जाएगा।

(3) ऐसे हवाई हथियारों, जिनके अंतर्गत एअर राइफल और एअर गन भी हैं, जिनकी मज़ल उर्जा 20 ज्यूल या 15 फुट पाउंड और/या बोर 0.177" या 4.5 मि.मी. से अधिक है, का किसी प्राधिकृत और आयुध गोला बारूद व्यौहारी या हवाई हथियार व्यौहारी द्वारा विक्रय या अंतरण, उसके क्रेता का पहचान पत्र और आवास का सबूत अभिप्राप्त करने के पश्चात् ही किया जाएगा और विक्रय के समय उक्त विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करने वाला बीजक जारी किया जाएगा।

स्पष्टीकरण – इन नियमों के प्रयोजन के लिए, "हवाई हथियार व्यौहारी" से कोई ऐसा व्यौहारी अभिप्रेत है, जो 20 ज्यूल से अधिक मज़ल उर्जा या 15 फुट पाउंड और/या 0.177" या 4.5 मि.मी. से अधिक बोर वाले हवाई हथियारों का क्रय, विक्रय, अंतरण करता है या विक्रय अथवा अंतरण के लिए रखता है और जिसे अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा प्ररूप 8क में अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है।

85. हवाई हथियार व्यौहारियों की बाध्यताएं –(1) कोई हवाई हथियार व्यौहारी 'हवाई हथियार स्टॉक रजिस्टर' नामक एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें विकलन पक्ष पर, यथास्थिति, विनिर्माता या व्यौहारी या किसी अन्य व्यक्ति की दशा में, उस व्यक्ति के नाम और पते के ब्यौरे सहित उसके द्वारा जारी किसी बीजक के प्रति हवाई हथियारों की सभी प्राप्तियों को, ऐसी प्राप्ति की

तारीख के साथ लेखबद्ध किया जाएगा तथा प्रत्यय पक्ष पर, विक्रय बीजक के विरुद्ध हवाई हथियारों के सभी विक्रयों या अंतरणों को, ऐसे विक्रय या अंतरण की तारीख के साथ लेखबद्ध किया जाएगा, जिसमें क्रेता के नाम और पते से पूर्ण ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे:

परंतु अनुज्ञप्तिधारी क्रय के समय, व्यापार अंतरण के मामले के सिवाय, क्रेता और साथ ही विक्रेता के भी पहचान और आवास के सबूत प्राप्त करेगा और उसे अपने अभिलेख में रखेगा ।

(2) हवाई हथियार व्यौहारी यह सुनिश्चित करेगा कि उसके पास नियम 10 में यथाविनिर्दिष्ट सुरक्षित भंडारण अपेक्षाओं के अनुसार हवाई हथियारों का भंडारण करने की क्षमता होगी ।

(3) हवाई हथियारों का प्रत्येक व्यौहारी, उस पर अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी के माध्यम से एनडीएएल डाटाबेस पर स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करने के लिए यूआईएन अभिप्राप्त करेगा और इस प्रयोजन के लिए उसे लोग-इन हेतु पृथक उपयोक्ता पहचान और पासवर्ड आवंटित किया जाएगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे व्यौहारी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह किसी सप्ताह के लिए सप्ताहिक आधार पर एनडीएएल डाटाबेस पर अपने संव्यवहारों के पूर्ण ब्यौरे अपलोड करे और यह उपनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट रजिस्टर रखे जाने के अतिरिक्त होगा :

परंतु चालू सप्ताह के लिए सप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार घंटे समाप्त होने तक प्रस्तुत की जाएंगी ।

86. कतिपय मामलों में केन्द्रीय सरकार की शक्तियां –(1) जहां किसी प्रवर्ग या वर्णन के आयुधों या गोला बारूद के विनिर्माण, विक्रय, आयात, निर्यात या परिवहन के लिए कोई अनुज्ञप्ति अपेक्षित नहीं है, वहां विनिर्माता या व्यौहारी से यह अनुरोध किया जाएगा कि वह अपने नाम और पते तथा कारबार के स्थान को ऐसी रीति में और ऐसे स्थान पर रजिस्टर करे, जैसाकि केन्द्रीय सरकार इस निमित्त कोई साधारण या विशेष आदेश जारी करके विहित करे और विनिर्माता या व्यौहारी ऐसे रजिस्टरों को रखेगा और केन्द्रीय सरकार को ऐसी जानकारी प्रस्तुत करेगा, जिसकी वह इस प्रकार विनिर्मित, विक्रय किए गए, आयातित, निर्यातित, या परिवहन किए गए आयुधों या गोला बारूद के संबंध में अपेक्षा करे ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक विनिर्माता या व्यौहारी, उस पर अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी के माध्यम से एनडीएएल डाटाबेस पर स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करने के लिए यूआईएन अभिप्राप्त करेगा और इस प्रयोजन के लिए उसे लोग-इन हेतु पृथक उपयोक्ता पहचान और पासवर्ड आबंटित किया जाएगा और अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसे विनिर्माता या व्यौहारी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह किसी सप्ताह के लिए सप्ताहिक आधार पर एनडीएएल डाटाबेस पर अपने संव्यवहारों के पूर्ण ब्यौरे अपलोड करे और यह उपनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट रजिस्टर रखे जाने के अतिरिक्त होगा :

परंतु चालू सप्ताह के लिए सप्ताहिक विवरणियां प्रत्येक शनिवार को कारबार घंटे समाप्त होने तक प्रस्तुत की जाएंगी ।

अध्याय 6

आयुध और गोला बारूद का आयात और निर्यात

87. आयुध और गोला बारूद के आयात और निर्यात के लिए अनुज्ञप्तियां – (1) इन नियमों के अधीन आयुध और गोला बारूद के आयात और निर्यात के लिए अनुज्ञप्तियां विदेशी व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 का 22) के उपबंधों के अध्यधीन होगा । अपने निजी यात्री सामान के भाग रूप में भारत में आयुध और गोला बारूद लाने वाले व्यक्ति सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) और तदधीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होगें :

परंतु किसी आयुध या गोला बारूद के डाक कार्यालय के माध्यम से आयात या पुनः आयात के लिए निर्यात हेतु कोई अनुज्ञप्ति मंजूर नहीं की जाएगी ।

88. आयुध और गोला बारूद का आयात.—(1) आयुध और गोला बारूद को उस समय किसी व्यक्ति द्वारा भारत में लाया गया समझा जाएगा, जब ऐसे आयुध या गोला बारूद को किसी अभिकर्ता के माध्यम से आयात किया जाता है और या तो सीधे उस व्यक्ति को उन्हें सौंपा जाता है या फिर उक्त अभिकर्ता को उस समय सौंपा जाता है, जब ऐसा अभिकर्ता उक्त व्यक्ति से इस प्रभाव का प्रमाणपत्र रखता है कि आयुध या गोला बारूद सदभावी रूप से उसकी संपत्ति हैं और अभिकर्ता केवल भारतीय सीमा शुल्क से ऐसे आयुध या गोला बारूद की निकासी करता है और उसे अग्रेषित करता है ।

(2) ऐसा व्यौहारी या विनिर्माता जो किसी अग्न्यायुध या आग्न्यायुध के किन्हीं पुर्जों या गोला बारूद का आयात करना चाहता है, भारत को अग्न्यायुध या गोला बारूद की लदाई से इक्कीस दिन पूर्व या ऐसी लघुत्तर अवधि से पूर्व, जो अनुज्ञापन प्राधिकार की राय में उपयुक्त है, प्ररूप 10 में अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन करेगा और आयात अनुज्ञप्ति के जारी होने से पूर्व अग्न्यायुध या गोला बारूद की लदाई के लिए व्यवस्था नहीं करेगा ।

(3) अनुज्ञप्ति मंजूर करने वाला अनुज्ञापन प्राधिकारी तुरंत आयात के पत्तन पर अधिकारिता रखने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी को अनुज्ञप्ति की एक प्रति भेजेगा ।

(4) व्यौहार या विनिर्माता, भारत में अग्न्यायुध या अग्न्यायुध के पुर्जों या गोला बारूद की लदाई के पहुंचने पर तुरंत अनुज्ञापन प्राधिकारी और साथ ही प्रवेश के पत्तन, जहां लदाई पहुंची है, के अनुज्ञापन प्राधिकारी को लिखित में लदाई के इस प्रकार पहुंचने की सूचना देगा और आधान या परेषण और उस स्थान की विशिष्टियां उपलब्ध कराएगा, जहां लदाई का निरीक्षण किया जा सकता है और आयात अनुज्ञप्तिधारी, भारत में प्रवेश के पत्तन पर भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारियों की उपस्थिति में पत्तन के

अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा ऐसा कोई निरीक्षण किए जाने से पूर्व अग्न्यायुध या गोला बारूद के आधान या परेषण को नहीं खोलेगा ।

(5) व्यौहारी या विनिर्माता, भारत में अग्न्यायुध या गोला बारूद के पहुंचने के बहत्तर घंटों के भीतर, -

(क) प्रवेश के पत्तन के अनुज्ञापन प्राधिकारी के साथ अग्न्यायुध या गोला बारूद के निरीक्षण की व्यवस्था करेगा; और

(ख) भौतिक निरीक्षण को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात्, अनुज्ञापन प्राधिकारी को, जिसने आयात अनुज्ञप्ति जारी की थी, लिखित में यह प्रमाणित करेगा कि आयात अनुज्ञप्ति के तत्समान आयातित अग्न्यायुध या गोला बारूद भारत में पहुंच गए हैं ।

(6) बहत्तर घंटों के भीतर उपनियम (5) में विनिर्दिष्ट निरीक्षण करने में किसी विलंब के कारण लगने वाले किसी अतिरिक्त प्रभार या डेमरेज को प्रवेश के पत्तन पर स्थित अनुज्ञापन प्राधिकारी और सीमा शुल्क प्राधिकारियों के कारण लगा हुआ समझा जाएगा न कि आयातकर्ता अनुज्ञप्तिधारी के कारण ।

89. कतिपय किस्म के आयुधों का आयात – (1) समकालीन या आधुनिक अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियों का आयात, निर्यात के देश की विनिर्माता कंपनी से जारी होने वाले अनपकारिता के प्रमाणपत्र को प्रस्तुत किए जाने के अधीन होगा और साथ ही आयातकर्ता द्वारा इस बात का वचनबंध किया जाएगा कि आयात किए जाने वाले अग्न्यायुधों की प्रतिकृतियां स्वयं में और साथ ही उपांतरणों के साथ भी किसी विस्फोटक चार्ज या समपीड़ित वायु या किसी अन्य गैस की कार्यवाही द्वारा किसी शॉट, गोली या प्राक्षेपिकी को छोड़ने या प्रक्षेपण करने के लिए समक्ष नहीं है ।

(2) पेंट वाल चिन्हकों को या पेंट बाल गनों का आयात, निर्यात के देश की विनिर्माता कंपनी द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने के अधीन होगा कि पेंट वाल चिन्हकों या गन की मज़ल उर्जा 90एम/एस या 300 फुट/से. (300 एफएसपी) से अधिक नहीं है और आयातकर्ता दवारा यह वचनबंध किया जाएगा कि पेंट बाल चिन्हकों या पेंट बाल गनों का, इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी प्राधिकृत आयुध और गोला बारूद के व्यौहारी के माध्यम से ही विक्रय किया जाएगा ।

(3) (क) इलैक्ट्रानिक असमर्थकारी युक्तियों (ईडीडी) का आयात, अनुज्ञापन प्राधिकारी को आयात के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय ऐसे उत्पादों में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी के संबंध में चिकित्सीय अनुसंधान रिपोर्टों को प्रस्तुत करने के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित होंगे,-

(i) मदिरा का सेवन किए हुए वयस्कों पर दीर्घकालिक डिस्चार्ज का शरीर क्रियात्मक प्रभाव;

(ii) मानव वालंटियरों के वक्ष में लगाए गए प्रोबों का ईक्होकार्डियोग्राफी मूल्यांकन;

(iii) लगाए गए पेसमेकर;

(iv) पुनरावृत या दीर्घकालिक उदभासन: अकैडमिया और श्वसन का न होना;

(v) कार्डियोवासकुलर प्रभाव;

(vi) व्यायाम के पश्चात् उदभासन के शरीर क्रियात्मक प्रभाव;

(vii) थके हुए मानवों में स्तनपान और पीएच मूल्यांकन;

(viii) युक्ति के उपयोग के पंद्रह सैकेंड के दौरान आधारिक श्वसन पैरामीटरों की ह्रास-हीनता ।

(ख) आयातकर्ता से इस संबंध में एक वचनबंध कि सभी प्रकार की इलैक्ट्रानिक असमर्थकारी युक्तियों (ईडीडी) का, उनकी रेंज पर ध्यान न देते हुए, इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति धारण करने वाले केवल किसी प्राधिकृत आयुध और गोला बारूद व्यौहारी द्वारा ही विक्रय किया जाएगा ।

90. आयुध और गोला बारूद का निर्यात –(1) भारत में किसी सीमा शुल्क पत्तन से विदेशी राज्यक्षेत्र में स्थित किसी पत्तन को आयुध या गोला बारूद के निर्यात के लिए प्ररूप 10 में अनुज्ञप्ति मंजूर करने वाला कोई प्राधिकारी, ऐसी अनुज्ञप्ति की एक प्रति अभिकर्ता या जलयान के मास्टर या वायु वाहक के मास्टर या ऐसे रेल प्राधिकारी को भेजेगा, जिसके द्वारा अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध या गोला बारूद को भारत से बाहर ले जाना आशयित है और उसके पश्चात अनुज्ञप्ति की एक प्रति तुरंत उस स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी को भेजेगा, जहां से ऐसे मालों को भारतीय राज्यक्षेत्र को छोड़ना है ।

(2) अनुसूची 1 के प्रवर्ग 4 में विनिर्दिष्ट आयुधों के निर्यात हेतु अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ केन्द्रीय सरकार के पुरातत्व महानिदेशालय से इस प्रभाव का एक प्रमाणपत्र संलग्न होगा कि निर्यात के लिए आशयित आयुध, पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का 52) के अधीन "पुरावशेष" की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं ।

(3) ऐसे क्षेत्र पर, जहां से मालों का भारत की सीमा से बाहर निर्यात किया जाना है, अधिकारिता रखने वाला जिला मजिस्ट्रेट अपने विवेकानुसार अनुज्ञप्तिधारी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह आयुध या गोला बारूद को, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ने की अनुज्ञा देने से पूर्व उसके निरीक्षण के लिए उसे प्रस्तुत करे ।

(4) प्ररूप 10 में कोई निर्यात अनुज्ञप्ति अहस्तांतरणीय होगी और उसे तीन मूल प्रतियों में जारी किया जाएगा ।

(5) (क) निर्यात अनुज्ञप्ति की पहली प्रति को, निर्यात की तारीख से 10 दिन के भीतर उसे जारी करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी को वापस किया जाएगा और उस तारीख को भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा सम्यक रूप से प्रमाणित किया जाना चाहिए;

(ख) उसकी दूसरी प्रति को, निर्यात अनुज्ञप्ति पर कथित निर्यात तारीख के पश्चात् 90 दिन की अवधि के भीतर अनुज्ञापन प्राधिकारी को वापस किया जाएगा, जिस पर अंत उपयोक्ता के हस्ताक्षर, शासकीय तारीख और नाम की मुद्रा होनी चाहिए ताकि उसे प्रदाय सत्यापन प्रमाणपत्र के रूप में माना जाए:

परंतु खंड (क) और खंड (ख) में विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुपालन में असफलता के परिणामस्वरूप निर्यातक के सभी लंबित और भावी निर्यात संव्यवहारों को उस समय तक निलंबित कर दिया जाएगा, जब तक कि उक्त शर्तों का सम्यक रूप से अनुपालन न कर दिया जाए ।

(6) अनुज्ञापन प्राधिकारी तीन मास से अनधिक अवधि के लिए निर्यात अनुज्ञप्ति की मान्यता को केवल एक बार के लिए उस समय विस्तारित कर सकेगा, जब आवेदन में कथित किन्हीं वास्तविक कारणों से निर्यात अनुज्ञप्ति की विधि मान्यता के लिए अनुबंधित समय के भीतर निर्यात संव्यवहार नहीं किया जा सका था ।

(7) जहां अनुज्ञप्तिधारी, निर्यात अनुज्ञप्ति की विधि मान्यता के भीतर निर्यात करने में असफल रहता है, वहां वह निर्यात अनुज्ञप्ति की सभी तीन मूल प्रतियों को, उक्त संव्यवहार के अननुपालन के कारणों के साथ, उसे जारी करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी को लौटा देगा ।

(8) निर्यात संव्यवहार पूरा हो जाने पर, निर्यातकर्ता इस प्रकार निर्यात किए जाने वाले अग्न्यायुध या गोला बारूद से संबंधित निर्यात अनुज्ञप्ति, लदाई के बीजक या वायुयान के बीजक, पैकिंग सूचियों और निर्यात बीजक की मूल प्रतियों को धारण करेगा और जब कभी जारी करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अपेक्षा की जाए, उसे उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करेगा ।

91. आयुध और गोला बारूद का निर्यात और पुनः आयात –(1) आयुध या गोला बारूद का भारत में एक स्थान से निर्यात और भारत में किसी अन्य स्थान पर उसके पुनः आयात के लिए केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा या उसके द्वारा विशेष रूप से सशक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा, उस समय जब आयुध या गोला बारूद को भारत का भाग न बनने वाले मध्यवर्ती राज्यक्षेत्र के पार ले जाया जाता है तो प्ररूप 10 में कोई अनुज्ञप्ति जारी की जा सकेगी ।

(2) उपनियम (1) के अधीन मंजूर की गई प्रत्येक अनुज्ञप्ति की एक प्रति को तुरंत केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रेषण के स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी और भारत में वस्तुओं के गन्तव्य स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी, दोनों को भेजा जाएगा ।

(3) प्रदर्शनियों, मूल्यांकनों और प्रदर्शन के प्रयोजन के लिए भारत से निर्यात किए जाने वाले आयुध और गोला बारूद को, प्ररूप 10 में जारी निर्यात अनुज्ञप्ति में उपदर्शित निर्यात की तारीख के पश्चात् छह मास की अवधि के भीतर भारत में वापस लाया जाएगा ।

92. अभिवहन में आयुध और गोला बारूद – (1) कोई भी व्यक्ति तब तक किसी आयुध या गोला बारूद का निर्यात, परिवहन और पुनःनिर्यात नहीं करेगा, जब तक कि वह केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्ररूप 10 में इस निमित्त जारी अभिवहन अनुज्ञप्ति धारण न करता हो ।

(2) अभिवहन अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न किया जाएगा –

(i) मूल देश से आयुध और गोला बारूद के निर्यात के प्राधिकार का सबूत और अंतिम गन्तव्य के देश से आयात के प्राधिकार का इस आशय का दस्तावेजी सबूत कि आयुध या गोला बारूद को विधि पूर्वक उक्त देश में आयात किया जा सकता है ;

(ii) परिवहन के आशयित मार्ग और परिवहन की पद्धति और प्रवेश तथा निकास के प्रस्तावित पत्तन और प्रवेश तथा निकास की संभावित तारीख और साथ ही अनुज्ञापन प्राधिकारी को स्वीकार्य ऐसी अनुज्ञप्ति, अनुमति, प्राधिकार या किसी अन्य सबूत की ऐसी प्रमाणित प्रति, जो भारतीय राज्यक्षेत्र से अभिवहन में अग्न्यायुध और गोला बारूद के विधि पूर्वक कब्जे की पुष्टि करती हो ;

(iii) अग्न्यायुध और गोला बारूद की पूर्ण सूची, जिसमें अग्न्यायुध की मात्रा, कार्य की किस्म, विनिर्माता का क्रम संख्यांक, माडल और कैलिबर तथा ऐसे गोला बारूद की, जो परेषण का भाग है, मात्रा, किस्म और कैलिबर को भारतीय राज्यक्षेत्र में अभिवहन में ले जाने वाले परेषण टिप्पण के साथ उपदर्शित किया जाएगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी, आयुध या गोला बारूद के भारत में पहुंचने के तुरंत पश्चात उपनियम (1) में निर्दिष्ट जारी करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी और साथ ही उस क्षेत्र के, जहां लदाई पहुंची है, अनुज्ञापन प्राधिकारी को लिखित में अधिसूचित करेगा और आधान या परेषण तथा उस स्थान की विशिष्टियां उपलब्ध कराएगा, जहां उनका निरीक्षण किया जा सकता है और वह यह और सुनिश्चित करेगा कि परेषण को भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारी की अधिकारिता के अधीन किसी बंधित भांडागार में भंडारित किया जाता है और वह आधान या परेषण को तब तक नहीं खोलेगा जब तक कि उस क्षेत्र के अनुज्ञापन प्राधिकारी और सीमा प्राधिकारी द्वारा उसका निरीक्षण न कर लिया जाए ।

(4) अनुज्ञापन प्राधिकारी भारतीय राज्यक्षेत्र से आधान या परेषण के परिवहन और मार्ग के संबंध में शर्तें अधिकथित कर सकेगा और आयात के पत्तन से भारतीय राज्यक्षेत्र के माध्यम से पुनः निर्यात के पत्तन तक सुरक्षापायों से संबंधित सभी अनुपूरक व्ययों का वहन अनुज्ञप्तिधारी द्वारा किया जाएगा ।

(5) भारत में एक मास अनधिक की किसी अवधि के लिए आयुध या गोला बारूद के भंडारण की अनुमति आपवादिक परिस्थितियों में अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा स्थानीय पुलिस अधिकारियों की पूर्व अनुमति से प्रदान की जाएगी और वह सुरक्षित भंडारण की ऐसी शर्तों के अधीन होगी, जो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा विहित की जाएं:

परंतु आयुध और गोला बारूद अनुज्ञप्तिधारी तथा स्थानीय पुलिस प्राधिकारी के सीधे पर्यवेक्षण के अधीन होंगे ।

(6) इन-ट्रांजिट अनुज्ञप्ति के अधीन आयुधों या गोला-बारूद को भारत में किसी भी कारण से विक्रय नहीं किया जाएगा, अंतरित नहीं किया जाएगा या उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(7) प्ररूप 10 में अभिवहन अनुज्ञप्ति मंजूर करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसी अनुज्ञप्ति की एक प्रति, उस अंतिम पत्तन पर, जिससे परेषण को भारत की सीमा पार करनी है, अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट को भेजेगा ।

93. **भारत के राज्यक्षेत्रीय समुद्र में प्रवेश करने वाले जलयान** – भारत के राज्यक्षेत्रीय समुद्र में प्रवेश करने वाले या ऐसे समुद्र को छोड़ने वाले किसी जलयान द्वारा वहन किए जाने वाले आयुध या गोला बारूद को यथास्थिति, आयात या निर्यात किया गया समझा जाएगा, इस बात पर ध्यान न देते हुए कि उन्हें वहन करने वाला जलयान बर्थ करता है अथवा नहीं ।

94. **कतिपय मामलों में भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रदाय किए जाने वाले आयुध या गोला बारूद** – जहां भारत में के किसी पत्तन से भिन्न किसी अन्य पत्तन को जाने वाला कोई जलयान या वायुयान अपनी यात्रा के अनुक्रम में भारत के किसी पत्तन पर आता है और वहां अड़तालीस घंटे से अधिक की अवधि के लिए ठहरता है तो ऐसे किसी यात्री के, जिसे इस प्रकार के आयुध या गोला बारूद को रखने के लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के दायित्व से छूट प्राप्त नहीं है, कब्जे वाले आयुध या गोला बारूद का प्रदाय उसके द्वारा भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारियों को किया जाएगा, जो ऐसे यात्री के यथास्थिति, समुद्र या वायु मार्ग से प्रस्थान तक उन्हें निरुद्ध रखेंगे और ऐसे यात्री के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह इस प्रकार प्रदाय या निरुद्ध किए गए आयुध या गोला बारूद के संबंध में अनुज्ञप्ति प्राप्त करे ।

95. **आयुध और गोला बारूद को अंतर्विष्ट करने वाले परेषणों की प्राधिकारियों द्वारा जांच** -(1) इन नियमों के अध्याय 6 के अधीन अनुज्ञप्तियों को, जहां कहीं लागू हो, आयात या निर्यात संव्यवहारों में अंतर्वलित प्राधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा, जैसे कि भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारी, अधिनियम के अधीन पत्तन के अनुज्ञापन प्राधिकारी, रेल प्राधिकारी, पोत परिवहन अभिकर्ता, जलयान, वायुयान के मास्टर, परिवहनकर्ता और ऐसे संव्यवहारों के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध किसी अन्य प्राधिकारी और उक्त प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि आयुध या गोला बारूद को अंतर्विष्ट करने वाला परेषण अनुज्ञप्ति में अंतर्विष्ट ब्यौरों के समरूप है ।

(2) जहां उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी मामले में, आयातकर्ता या निर्यातकर्ता या समनुदेशक या अभिकर्ता द्वारा मूल अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की जाती है या यथास्थिति, मूल अथवा अनुज्ञप्ति की अधिप्रमाणित प्रति के साथ कोई परेषण नहीं है या यदि अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को भेजी गई प्रति के सारवान रूप में समान नहीं है या आयुध अथवा गोला बारूद ऐसी अनुज्ञप्ति में दिए गए वर्णन के अनुरूप नहीं है, वहां ऐसा कोई प्राधिकारी प्रेषण हेतु ऐसे परेषण को प्राप्त नहीं करेगा या यथास्थिति, उसे और आगे जाने या परेषण के प्रदाय की अनुमति नहीं देगा और उस दशा में जहां वह कोई जिला मजिस्ट्रेट नहीं है, तुरंत उसकी जानकारी निकटतम मजिस्ट्रेट को देगा ।

अध्याय 7

भाग 1

आयुध और गोला बारूद का परिवहन

96. **आयुध और गोला बारूद के परिवहन का प्रतिषेध** – (1) इसमें अन्यथा उपबंधित के सिवाय, कोई भी व्यक्ति, इन नियमों के अधीन मंजूर की गई प्ररूप 12 में की अनुज्ञप्ति के अधीन और उसकी शर्तों के अनुसार के सिवाय, किन्हीं आयुधों या गोला बारूद का या अनुसूची 1 के प्रवर्ग 5 में विनिर्दिष्ट किन्हीं आयुधों का भारत में या उसके किसी भाग में परिवहन नहीं करेगा ।

(2) उपनियम (1) या अधिनियम की धारा 12 की कोई बात किसी ऐसे आयुध या गोला बारूद को लागू होने वाली नहीं समझी जाएगी,-

(क) जिसका अपने स्वयं के उपयोग के लिए युक्तियुक्त मात्रा में ऐसे आयुध या गोला बारूद को विधिक रूप से कब्जे में रखने या साथ लेकर चलने के लिए हकदार किसी व्यक्ति द्वारा निजी रूप से या निजी समान के रूप में परिवहन किया जाता है ;

(ख) जिसका परिवहन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, जिसके पास ऐसी वस्तुओं के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति है और उसका परिवहन सबूत परीक्षण के लिए किसी पेटी या ऐसे पैकेज में किया जाता है, जिस पर किसी सरकारी प्रतिष्ठापन या इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त किसी प्रतिष्ठापन का पता सुपाठ्य रूप में लिखा है या उसका पुनः परिवहन किसी ऐसे प्रतिष्ठापन द्वारा ऐसे व्यक्ति को किया जाता है;

(ग) जो अनुसूची 1 में निर्दिष्ट प्ररूप 5 के आयुध हैं और जिनका परिवहन ऐसे क्षेत्र से किया जाता है, जहां केन्द्रीय सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना द्वारा धारा 4 को लागू किया था या ऐसे क्षेत्र से किसी क्षेत्र को किया जाता है, जहां धारा 4 लागू नहीं होती है, परंतु आयुधों को समुचित रूप से पैक किया जाएगा और उन पर लेबल लगाया जाएगा, जिस पर स्पष्ट रूप से उन वस्तुओं तथा प्रेषिती का नाम और पते का वर्णन होगा;

(घ) किसी अनुज्ञप्त विनिर्माता या व्यौहारी द्वारा निर्यात के लिए या आयात के पश्चात् किसी अनुज्ञप्ति के अनुसार निम्नलिखित रूप में उनके निर्यात या आयात के लिए परिवहन किया जाता है,-

(i) प्रेषण के स्थान से निर्यात के पत्तन या अन्य स्थान तक, या

(ii) आयात के पत्तन या अन्य स्थान से गन्तव्य के स्थान तक, या

(iii) पुनः निर्यात के लिए आयात के पत्तन में परा-लदाई द्वारा;

(ङ) जिनका परिवहन,-

(i) ऐसी वस्तुओं को कब्जे में रखने के लिए विधिक रूप से हकदार किसी व्यक्ति द्वारा उसके अपने उपयोग के लिए युक्तियुक्त मात्राओं में अनुज्ञप्त विनिर्माता या व्यौहारी के परिसरों से किया जाता है या उनकी परीक्षा या मरम्मत या परीक्षण के प्रयोजन के लिए किया जाता है या ऐसे किसी परिसर से या ऐसी वस्तुओं को कब्जे में रखने के लिए विधिक रूप से हकदार किसी अन्य व्यक्ति के पते पर किया जाता है ; या

(ii) किसी अनुज्ञप्त विनिर्माता या व्यौहारी द्वारा किसी ऐसी पेटी या पैकेज में किया जाता है, जिस पर सुपाठ्य रूप से ऐसी वस्तुओं को कब्जे में रखने के लिए विधिक रूप से हकदार किसी व्यक्ति का पता लिखा है और ऐसा परिवहन ऐसे व्यक्ति द्वारा युक्तियुक्त मात्रा में अपने उपयोग के लिए ऐसी वस्तुओं के प्रदाय के लिए किए गए आदेश के अनुपालन में या उनमें किसी प्रकार की आवश्यक मरम्मत करने के पश्चात् किया जाता है;

(iii) किसी व्यौहारी द्वारा किसी अन्य व्यौहारी को किसी विक्रय बीजक के प्रति उसी राज्य के भीतर व्यापार अंतरण के अधीन किया जाता है;

(च) जो क्लोरेट है और जिसका परिवहन सदभावी औद्योगिक, कृषि या चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए किया जाता है:

परंतु –

(i) खंड (घ), खंड (ङ) के उपखंड (i) और उपखंड (ii) या खंड (छ) के अधीन आयुधों या गोला बारूदों का परिवहन, नियम 98 में यथाउपबंधित वस्तुओं के गन्तव्य स्थान के अनुज्ञापन प्राधिकारी से निराक्षेप प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करने के अधीन होगा;

(ii) खंड (ङ) के उपखंड (i) में कथित प्रयोजनों में से किसी के लिए निजी रूप से आयुध या गोला बारूद का परिवहन, ऐसे व्यक्ति के कब्जा संबंधी अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता के क्षेत्र से बाहर किसी क्षेत्र में उनका उपयोग किए बिना, उसके द्वारा परिवहन के आरंभिक स्थान से अनुज्ञापन प्राधिकारी से प्ररूप 12 में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के अधीन होगा; और

(iii) खंड (ग) के अधीन अनुसूची 1 के प्रवर्ग 5 में विनिर्दिष्ट आयुधों और खंड (छ) के अधीन क्लोरेट के परिवहन की पूर्व संसूचना प्रेषण के स्थान के निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी या अधिकारिता रखने वाले मजिस्ट्रेट को दी जाएगी ।

MediaCode

(3) उपनियम (2) के परंतुक के खंड (iii) के अधीन पूर्व सूचना प्राप्त होने पर अधिकारी या मजिस्ट्रेट इसकी सूचना तुरंत जिला मजिस्ट्रेट को देगा और यदि वस्तुओं का परिवहन रेल द्वारा किया जाना है तो निम्नलिखित पर अधिकारिता रखने वाले रेल पुलिस के अधीक्षक को देगा,-

(i) क्लोरेट के परिवहन की दशा में गन्तव्य के स्थान पर, और

(ii) अनुसूची 1 के प्रवर्ग 5 में विनिर्दिष्ट आयुधों के परिवहन की दशा में, जहां धारा 4 लागू होती है वहां क्षेत्र में प्रवेश के स्थान पर।

स्पष्टीकरण – इन नियमों के प्रयोजनों के लिए, 'परिवहन' के अंतर्गत देश के किसी भाग के आर-पार आयुधों या गोला बारूद का संचलन भी है, किंतु इसके अंतर्गत किसी अनुज्ञप्त विनिर्माता या व्यौहारी द्वारा किसी भांडागार, गोदाम या किसी अन्य ऐसे समान स्थान से उसके कारखाने, दुकान या कारबार के अन्य स्थान तक उसी ग्राम, शहर या नगर के भीतर आयुधों या गोला बारूद का संचलन नहीं है।

97. आयुध या गोला बारूद का परिवहन – (1) प्ररूप 12 में आयुध या गोला बारूद के परिवहन के लिए अनुज्ञप्ति मंजूर करने वाले प्राधिकारी की अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं से परे उसके परिवहन के लिए ऐसी अनुज्ञप्ति की एक प्रति तुरंत उस क्षेत्र पर, जहां परेषण की गई वस्तुओं का गन्तव्य स्थान अवस्थित है, अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट को दी जाएगी।

(2) किसी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा, उसकी अधिकारिता की सीमाओं के भीतर परिवहन के लिए मंजूर किए गए ऐसी प्रत्येक अनुज्ञप्ति की एक प्रति तुरंत उस क्षेत्र पर, जहां परेषण की गई आयुध या गोला बारूद का गन्तव्य स्थान अवस्थित है, अधिकारिता रखने वाले अधीनस्थ मजिस्ट्रेट को दी जाएगी।

(3) जहां आयुध या गोला बारूद का परिवहन रेल द्वारा किया जाता है, वहां ऐसी अनुज्ञप्ति की एक प्रति या नियम 98 में निर्दिष्ट निराक्षेप प्रमाणपत्र की एक प्रति, यथास्थिति, मार्गपत्रक या बीजक को संलग्न किया जाएगा और ऐसे प्रत्येक अनुमोदन के लिए सूचना अग्रेषित किए जाने वाले से प्राप्ति के स्टेशन तक रेल प्राधिकारियों को भेजी जाएगी।

(4) सड़क मार्ग द्वारा आयुध या गोला बारूद के परिवहन के लिए प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले कोई परिवहनकर्ता नियम 102 में विनिर्दिष्ट परिवहनकर्ता अनुज्ञप्ति के लिए प्रक्रिया के अनुसार नियम 101 के उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन करेगा।

(5) आयुध या गोला बारूद के परिवहन के लिए कोई अनुज्ञप्ति, उसे मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा लेखबद्ध किए जाने वाले विशेष कारणों के सिवाय तीन मास से अधिक अवधि के लिए मंजूर नहीं की जाएगी:

परंतु किसी अनुज्ञप्तिधारी के गोदाम से समान जिले के भीतर, किंतु जो उसी अवस्थान पर नहीं है, स्थित कारखाने तक किस्तों में गोला बारूद के घटकों के परिवहन के लिए औद्योगिक प्रयोजनों के संबंध में छह मास से अनधिक की किसी दीर्घतर अवधि के लिए मंजूर की जा सकेगी :

परंतु यह और कि ऐसा अनुज्ञप्तिधारी, गोदाम और कारखाने के निकटतम मजिस्ट्रेट या पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को पूर्व सूचना देगा और इस प्रयोजन के लिए रखे गए स्टॉक रजिस्टरों में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा।

98. कतिपय मामलों में पूर्व सहमति – (1) ऐसी कोई अनुज्ञप्ति, जिसका प्रभाव उसे मंजूर करने वाले प्राधिकारी की स्थानीय सीमाओं से परे है, किन्हीं आयुधों या गोला बारूद के किसी ऐसे स्थान को परिवहन या निर्यात या पुनः निर्यात के लिए, यह अभिनिश्चित किए बिना मंजूर नहीं की जाएगी कि ऐसे क्षेत्र पर, जिसमें ऐसा स्थान अवस्थित है, अधिकारिता रखने वाले जिला मजिस्ट्रेट की ओर से ऐसी अनुज्ञप्ति मंजूर करने के प्रति कोई आक्षेप नहीं है।

(2) उपनियम (1) के प्रयोजनों के लिए,-

(i) या तो आवेदक अनुज्ञप्ति के लिए "निराक्षेप" प्रमाणपत्र अभिप्राप्त करेगा; या

(ii) ऐसे प्राधिकारी द्वारा कोई जांच की जाएगी, जिसे ऐसी अनुज्ञप्ति मंजूर करने के लिए आवेदन किया गया है।

99. वायुमार्ग द्वारा आयुध और गोला बारूद का वहन – (1) इन नियमों के अधीन कोई विधिमान्य अनुज्ञप्ति धारण करने वाला या प्ररूप 11 में यात्रा अनुज्ञप्ति धारण करने वाला या प्ररूप 10 में आयात या निर्यात अनुज्ञप्ति धारण करने वाला या प्ररूप 12 में कोई परिवहन अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई अनुज्ञप्तिधारी, उसकी अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध या गोला बारूद का, वायुयान अधिनियम, 1934 (1934 का 22) के अधीन विरचित वायुयान नियम 1937 के अनुसार नगर विमानन महानिदेशालय की पूर्व अनुमति के सिवाय वायु मार्ग द्वारा वहन नहीं करेगा या कराएगा या कराने की अनुमति नहीं देगा।

(2) ऐसे आयुधों और गोला बारूद को, जिन्हें उपनियम (1) के अधीन अनुमति प्रदान की गई है, इस प्रकार पैक, सुरक्षित और संरक्षित किया जाएगा ताकि उनके किसी प्रकार के खतरे का स्रोत बनने की संभावना से बचा जा सके और पैकेजों को स्पष्ट और सुपाठ्य रूप से बाहरी ओर से चिन्हित किया जाएगा ।

100. परिवहन के दौरान आयुध और गोला बारूद की पैकेजिंग – अग्न्यायुधों और गोला बारूद के परिवहन के लिए प्ररूप 12 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई अनुज्ञप्तिधारी उनके परिवहन के दौरान यह सुनिश्चित करेगा कि –

(i) परिवहन से पूर्व अग्न्यायुधों को गोला बारूद से पृथक रूप से पैक किया जाता है और अग्न्यायुधों से किसी सुरक्षित रीति में सभी गोला बारूद को निकाल दिया जाएगा;

(ii) अग्न्यायुधों और गोला बारूद के बड़े परेषणों का परिवहन एक समुचित रूप से तालाबंद धातु आधान में किया जाएगा और उन्हें अधिकतम सुरक्षा और न्यूनतम उदभासन सुनिश्चित करने वाली रीति में पैक किया जाएगा;

(iii) अग्न्यायुधों और गोला बारूद के छोटे परेषणों का परिवहन एक समुचित रूप से तालाबंद धातु आधान या सुदृढ़ काष्ठ पेटियों में किया जाएगा या उन्हें लौह छड़ों के साथ कस कर सन के कपड़े में लपेटा जाएगा; और

(iv) परिवहन किए जा रहे आयुध और गोला बारूद की बड़ी लदाईयों के लिए प्रत्यक्ष सतत पर्यवेक्षण और नियंत्रण को कड़ाई से बनाया रखा जाएगा ।

भाग 2

परिवहनकर्ता की अनुज्ञप्ति

101. परिवहनकर्ता की अनुज्ञप्ति – (1) प्ररूप 14 में परिवहन की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाला कोई व्यक्ति, नियम 11 में अधिकथित अपेक्षाओं के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रस्तुत करेगा -

(i) इस बात का सबूत कि आयुध या गोला बारूद का परिवहन करने वाले यान और आवेदक के बीच एक दोहरी सुरक्षित संसूचना प्रणाली, जो समुचित रूप से कार्य कर रही है, प्रवर्तनशील है;

(ii) यान में फिट किए गए सुरक्षा उपायों जिनके अंतर्गत जीपीएस नेविगेशन प्रणाली भी है, का ब्यौरेवार वर्णन ; और

(iii) परिवहन के दौरान पालन की जाने वाली सुरक्षा संबंधी सावधानियों का ब्यौरेवार वर्णन ।

(2) प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई परिवहनकर्ता, आयुध और गोला बारूद का परिवहन आरंभ करने से पूर्व, परिवहन किए जाने वाले आयुध और गोला बारूद के संबंध में समनुदेशक से प्ररूप 12 में अपने परिवहन अनुज्ञप्ति की एक प्रति प्राप्त करेगा ।

(3) सड़क मार्ग से परिवहन करने वाला कोई परिवहनकर्ता परिवहन के प्रभारी व्यक्ति को, ऐसे व्यक्तियों की अपने पत्र शीर्ष पर टंकित सूची या कम्प्यूटर प्रिंट आउट उपलब्ध कराएगा, जो आयुध और गोला बारूद के परेषण के परिवहन में प्रत्यक्ष रूप से अंतर्वलित होंगे, जिसमें उनके नाम और पहचान संख्या अंतर्विष्ट होंगे और ऐसी सूची को प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति की प्रमाणित प्रति के साथ संलग्न किया जाएगा:

परंतु परिवहनकर्ता अपने कर्मचारियों के, उन्हें आयुध या गोला बारूद के परिवहन से संबंधित कोई कर्तव्य सौंपने से पूर्व, पूर्ववृत का पुलिस सत्यापन कराएगा ।

(4) अनुज्ञापन प्राधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह प्ररूप 14 में किसी परिवहनकर्ता को अनुज्ञप्ति मंजूर करने से पूर्व यह सुनिश्चित करे कि आवेदक ने आयुध और गोला बारूद के सुरक्षित और निरापद परिवहन तथा भंडारण के लिए आयुध और गोला बारूद की प्राप्ति, वहन और प्रदाय तथा उनके सुरक्षित और दक्ष परिवहन, परिवहन की ऐसी पद्धति, जिसके द्वारा परिवहन किया जाना है, जिसके अंतर्गत प्रयुक्त किए जाने वाले यान की किस्म और निर्माण भी है और साथ ही आधानों, उसमें संलिप्त होने वाले व्यक्तियों और संसूचना प्रसुविधाओं आदि के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं ।

(5) किसी परिवहनकर्ता को प्ररूप 14 में मंजूर की गई अनुज्ञप्ति पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगी ।

(6) प्ररूप 14 में की अनुज्ञप्ति में आयुध और/या गोला बारूद, किसी कैलेंडर वर्ष के दौरान उनकी अधिकतम मात्रा, एकल परेषण में उसकी अधिकतम मात्रा और किसी एकल लदाई के अधीन बहु परेषणों में अधिकतम मात्रा को विनिर्दिष्ट करेगा, जिसका परिवहन अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

(7) (क) प्ररूप 14 में मंजूर की गई परिवहनकर्ता अनुज्ञप्ति प्रपुंज परिवहनों के लिए लागू होगी, जिसमें किसी एकल लदाई का भाग बनने वाले किसी एकल परेषण या बहु परेषणों में एक सौ से अधिक अग्न्यायुध या गोला बारूद और पचास हजार से अधिक काट्रिज सम्मिलित हो सकेंगे ।

(ख) प्रपुंज परिवहन से भिन्न आयुध और गोला बारूद का परिवहन किन्हीं आईएसओ 9001 प्रमाणित परिवहन कंपनियों द्वारा किया जा सकेगा ।

102. परिवहनकर्ता की अनुज्ञप्ति के लिए प्रक्रियात्मक अपेक्षाएं –(1) प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले आयुध या गोला बारूद के किसी परिवहनकर्ता के पास ऐसे परिवहन के दौरान सभी समयों पर, -

(क) एक परेषण टिप्पण होगा, जिसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी:-

(i) परिवहनकर्ता का नाम, पता, अनुज्ञप्ति और यूआईएन;

(ii) परिवहन किए जाने वाले आयुध और गोला बारूद के संबंध में परेषक और परेषिती का नाम, पता, अनुज्ञप्ति संख्यांक और यूआईएन;

(iii) अग्न्यायुध की मात्रा, कार्य की किस्म, विनिर्माता का क्रम संख्यांक, मेक और कैलिबर तथा गोला बारूद की मात्रा, मेक और कैलिबर ; और

(iv) उस स्थान का वास्तविक पता, जहां से अग्न्यायुध और गोला बारूद का संग्रहण किया गया था और उनके अंतिम गन्तव्य का वास्तविक पता ।

(ख) प्ररूप 12 में, ऐसे अग्न्यायुध और गोला बारूद के परिवहन को प्राधिकृत करने वाली अनुज्ञप्ति की प्रति ;

(ग) ऐसा कोई अन्य दस्तावेज, जो इन नियमों या किसी अन्य विधि के अधीन अपेक्षित हो ।

(2) प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला ऐसा कोई परिवहनकर्ता, जिसे किसी समयावधि के लिए अग्न्यायुध या गोला बारूद का भंडारण करना अनुज्ञात है, उनकी प्राप्ति के पश्चात् और उनके प्रदाय से पूर्व नियम 10 के अधीन सुरक्षित अभिरक्षा और भंडारण संबंधी अपेक्षाओं का पालन करेगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी, आयुध या गोला बारूद के परेषण के मार्ग पर स्वयं अपना या अपने किसी कार्मिक के माध्यम से सीधे पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेगा ।

(4) प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला परिवहनकर्ता, आयुध और गोला बारूद के परेषण के लिए परेषिती से एक लिखित पुष्टि अभिप्राप्त करेगा, जिसमें निम्नलिखित जानकारी अंतर्विष्ट होगी, अर्थात्,-

(i) प्राप्तिकर्ता का नाम और उपनाम ;

(ii) प्राप्तिकर्ता का पता ;

(iii) प्राप्तिकर्ता का टेलीफोन नं., मोबाइल नं. और ईमेल पता ;

(iv) प्रदाय की तारीख और समय ;

(v) प्राप्त किए गए आयुध और गोला बारूद का वर्णन ; और

(vi) प्रदाय की पुष्टि करने वाला प्राप्तिकर्ता का हस्ताक्षर ।

(5) परेषिती से लिखित पुष्टि की एक प्रति को परिवहनकर्ता द्वारा प्ररूप 12 में परिवहन अनुज्ञप्ति जारी करने वाले अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा ।

(6) प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाला कोई परिवहनकर्ता, आयुध या गोला बारूद का प्रदाय न होने, उनके गुम हो जाने या चोरी हो जाने की दशा में तुरंत लिखिति में पुलिस और अनुज्ञापन प्राधिकारी को अधिसूचित करेगा ।

(7) उस दशा में, जहां परिवहन किए जाने वाले परेषण का दुरुपयोग किया जाता है या प्ररूप 14 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले परिवहनकर्ता या उसके ऐसे किसी कर्मचारी की, जिसे ऐसे परिवहन के कार्य को सौंपा गया था, घोर उपेक्षा के कारण चोरी या गुम हो जाता है, वहां परिवहनकर्ता की अनुज्ञप्ति प्रतिसंहृत किए जाने की दायी होगी ।

अध्याय 8

अग्न्यायुधों और गोला बारूद का व्ययन और उन्हें नष्ट किया जाना

IndiaCode

103. अग्न्यायुधों और गोला बारूद का अधिहरण, कब्जे में लेना या अभिग्रहण – (1) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों के अधीन अग्न्यायुध ब्यूरो अधिहरण, कब्जे में लिए गए, अभिगृहीत, पकड़े गए या अर्पित किए गए आयुधों और गोला बारूद के विभिन्न प्रवर्गों के लिए सूची रखेगा ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट अग्न्यायुध ब्यूरो को केन्द्रीय सरकार द्वारा यूआईएन द्वारा मंजूर किया जाएगा और एनडीएएल प्रणाली के अधीन पृथक उपयोक्ता-आईडी और पासवर्ड आवंटित किया जाएगा ।

(3) अधिहरण, कब्जे में लिए गए, अभिगृहित, पकड़े गए या अर्पित किए गए आयुधों और गोला बारूद को, निकटतम पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट रजिस्टर करने के उपरांत, उनके अधिहरण, कब्जे में लिए जाने या अधिग्रहण या पकड़े जाने या अर्पण में संलिप्त व्यक्ति (व्यक्तियों) द्वारा हस्ताक्षरित अभिग्रहण ज्ञापन के प्रभार के अधीन प्राप्त किया जाएगा और उन्हें प्रत्येक अग्न्यायुध के इतिवृत्त, जिसमें अग्न्यायुध की मेक, किस्म, विनिर्माता का क्रम संख्याक, कैलिबर और प्रकृति के ब्यौरे अंतर्विष्ट हों, के साथ केन्द्रीय या राज्य सरकार के सशक्त अधिकारी को सौंप दिया जाएगा ।

(4) उपनियम (2) में निर्दिष्ट केन्द्रीय या राज्य सरकार का सशक्त अधिकारी उक्त आयुध और गोला बारूद को संबंधित केन्द्रीय या राज्य अग्न्यायुध ब्यूरो को सौंप देगा और अग्न्यायुध ब्यूरो अपने स्टॉक रजिस्टर के प्राप्ति स्तम्भ में उनकी प्रविष्टि करेगा ।

(5) केन्द्रीय या राज्य अग्न्यायुध ब्यूरो, प्ररूप 9 में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले किसी बंदूक बनाने वाले या केन्द्रीय सशक्त पुलिस बल या राज्य पुलिस विभाग के परीक्षा करने के लिए प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा अग्न्यायुध और गोला बारूद की परीक्षा कराएगा ।

(6) अग्न्यायुध के परीक्षक द्वारा रिपोर्ट फाइल किए जाने पर, अग्न्यायुध के संबंध में यह घोषणा की जा सकेगी कि वह सेवा योग्य या सेवा अयोग्य या आर्थिक रूप से मरम्मत किए जाने के अयोग्य (बीईआर) है और ऐसे सभी सेवा योग्य अग्न्यायुधों की प्रविष्टि सक्रिय अग्न्यायुध स्टॉक रजिस्टर में की जाएगी और उनके ब्यौरो को अग्न्यायुध ब्यूरो को आबंटित यूआईएन के प्रति एनडीएएल प्रणाली पर अपलोड किया जाएगा ।

(7) सेवा योग्य अग्न्यायुधों को, सक्षम न्यायालयों के आदेशों की प्राप्ति पर आग्नयायुध ब्यूरो द्वारा प्ररूप 3 में किसी विधिमान्य आयुध अनुज्ञप्ति के प्रति किसी पात्र आवेदक को, अग्न्यायुध ब्यूरो द्वारा जारी किए जाने वाले विक्रय वाउचर या बीजक के प्रति आग्न्यायुध के विशिष्ट प्रवर्ग के लिए आबंटित किया जा सकेगा और ऐसे विक्रय या अंतरण के ब्यौरे उसके द्वारा रखे जाने वाले रजिस्टर में लेखबद्ध किए जाएंगे तथा एनडीएएल प्रणाली पर अपलोड किए जाएंगे ।

स्पष्टीकरण – इस नियम के प्रयोजनों के लिए, अग्न्यायुध ब्यूरो से केन्द्रीय सरकार या राज्य गृह विभागों के अधीन या राज्य पुलिस विभाग के अधीन कार्यरत कोई ऐसी यूनिट अभिप्रेत है, जो अधिहृत, कब्जे में लिए गए, अभिगृहित, पकड़े गए या अर्पित किए गए आयुध और गोला बारूद को जमा करने तथा उनका निपटान करने के लिए उत्तरदायी है।

104. अग्न्यायुध और गोला बारूद को निष्ट किया जाना – (1) किसी अप्रयुक्त, अप्रचलित, निराकृत अथवा अप्रयोज्य अग्न्यायुधों, कब्जे में लिए गए, पकड़े गए या अर्पित किए गए अग्न्यायुध को, जिस पर विनिर्माता का क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान चिह्न नहीं है, संबद्ध केन्द्रीय या राज्य ब्यूरो द्वारा नियम 34 और नियम 58 में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार तुरंत चिह्नित किया जाएगा और ऐसे अग्न्यायुध के ब्यौरे एक पृथक रजिस्टर में लेखबद्ध किए जाएंगे तथा उन्हें एक विशिष्ट प्रवर्ग के अधीन एनडीएएल प्रणाली पर अपलोड किया जाएगा ।

(2) अग्न्यायुध ब्यूरो स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी को एक आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसमें नष्ट किए जाने वाले अग्न्यायुध के ब्यौरे अंतर्विष्ट होंगे, जिसमें अग्न्यायुध की मेक, किस्म, कैलिबर और साथ ही विनिर्माता के क्रम संख्यांक या अतिरिक्त पहचान चिह्न की विशिष्टियां प्रस्तुत की जाएंगी तथा अनुज्ञापन प्राधिकारी उसे अग्न्यायुध ब्यूरो द्वारा प्रदान की गई सूची में लेखबद्ध विशिष्टियों का सत्यापन करने के पश्चात अग्न्यायुध को नष्ट करने की अनुमति प्रदान करेगा ।

(3) इस नियम के अधीन अग्न्यायुधों को केवल गलन, संकुचन या अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अवधारित किसी अन्य रीति में ही नष्ट किया जा सकेगा और साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अग्न्यायुध या उसके किसी भाग के मूल आशय, डिजाइन और प्रयोजन को स्थायी रूप से या अप्रतिसंहार्य रूप से नष्ट किया जाता है:

परंतु अग्न्यायुध या गोला बारूद को स्थानीय अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा तैनात किए गए किसी पदाभिहित अधिकारी की उपस्थिति में ही नष्ट किया जाएगा ।

(4) उपनियम (3) के अधीन नष्ट किए गए अग्न्यायुधों या गोला बारूद की एक सूची, उपनियम (2) में निर्दिष्ट ऐसे अग्न्यायुधों की विशिष्टियों के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी को उन्हें इस प्रकार नष्ट किए जाने के चौदह दिन के भीतर प्रस्तुत की जाएगी ।

अध्याय 9

आयुध अधिनियम के अधीन अपीलें

105. अपील प्राधिकारी – (1) ऐसे अपील प्राधिकारी, जिन्हें नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (1) में विनिर्दिष्ट अनुज्ञापन या अन्य प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील की जाएगी, वे होंगे, जिन्हें उस सारणी के स्तंभ (2) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट किया जाएगा:

सारणी

प्राधिकारी		अपील प्राधिकारी
(1)		(2)
(क)	जिला मजिस्ट्रेट	प्रभाग का आयुक्त या कोई अन्य समतुल्य पद का अधिकारी या उस राज्य में जहां प्रभाग के आयुक्त का कोई पद नहीं है, राज्य सरकार
(ख)	पुलिस आयुक्त	राज्य सरकार
(ग)	किसी संघ राज्यक्षेत्र में केन्द्रीय सरकार द्वारा सशक्त अधिकारी	संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासक/उप-राज्यपाल
(घ)	भारतीय मिशन का प्रधान	केन्द्रीय सरकार
(ङ)	कोई विशेष रूप से सशक्त अन्य अधिकारी	वह प्राधिकारी, जिसने सशक्त किया है

(2) धारा 17 की उपधारा (6) के प्रयोजन के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को अपील प्राधिकारी के अधीनस्थ समझा जाएगा ।

(3) सभी अनुज्ञापन प्राधिकारी अपने संबद्ध अपील प्राधिकारी के निदेशन और नियंत्रण के अधीन कार्य करेंगे ।

106. कतिपय मामलों में अपील प्राधिकारी को संसूचित किए जाने वाले कारण – जहां किसी अनुज्ञापन प्राधिकारी की यह राय है कि किसी अनुज्ञप्ति से इनकार करने, उसका नवीकरण करने, उसकी शर्तों में परिवर्तन करने, उसका प्रतिसंहरण या उसे निलंबित करने हेतु आवेदक को कारण प्रस्तुत करना लोकहित में नहीं होगा, वहां उसके कारणों को लेखबद्ध किया जाएगा और मामले के तथ्यों की संसूचना उसके द्वारा अपील प्राधिकारी को दी जाएगी ।

107. अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (6) के अधीन अनुज्ञापन प्राधिकारी या किसी अनुज्ञप्ति को निलंबित या प्रतिसंहृत करने वाले प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील – किसी भी ऐसे मामले में, जिसमें कोई प्राधिकारी निम्नानुसार कोई आदेश जारी करता है –

(i) किसी अनुज्ञप्ति को मंजूर करने या उसका नवीकरण से इनकार करने वाला या ऐसी मंजूरी या नवीकरण के लिए "निराक्षेप प्रमाणपत्र" देने से इनकार करने वाला; या

(ii) किसी अनुज्ञप्ति की किसी शर्त में परिवर्तन करने वाला या अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) या उपधारा (3) या उपधारा (6) के अधीन किसी अनुज्ञप्ति को निलंबित या प्रतिसंहृत करने वाला,

वहां ऐसे किसी आदेश द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति, आदेश जारी करने की तारीख से तीस दिन के भीतर और धारा 18 की उपधारा (2) के परंतुक के अधीन रहते हुए संबद्ध अपील प्राधिकारी को उस आदेश के विरुद्ध अपील कर सकेगा ।

108. अपील प्राधिकारी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया –किसी अपील की प्राप्ति पर, अपील प्राधिकारी, उस प्राधिकारी से, जिसने वह आदेश, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, पारित करने वाले प्राधिकारी से मामले के अभिलेख मंगा सकेगा और उसके पश्चात् अपीलार्थी को सुनवाई की युक्तियुक्त अवसर प्रदान करने के पश्चात् अपील की प्राप्ति से साठ दिन के भीतर अंतिम आदेशों को पारित कर सकेगा ।

109. अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन की जाने वाली अपील की याचिका के संबंध में संदेय फीस – धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन अपील की प्रत्येक याचिका के साथ एक हजार रुपए की फीस लगी होगी ।

अध्याय 10

नेपाल से संबंधित उपबंध

110. नेपाल सरकार के लिए आयुध और गोला बारूद का आयात, परिवहन और निर्यात – (1) जहां किन्हीं आयुधों या गोला बारूद का आयात भारत में नेपाल सरकार को उनके प्रेषण के लिए किया जाता है, वहां उतराई के पत्तन पर सीमा शुल्क प्राधिकारी या अन्य स्थानों पर अनुज्ञापन प्राधिकारी केन्द्रीय सरकार से प्राप्त आयुध या गोला बारूद की सूची के प्रति परेषण की जांच करेगा और उसके पश्चात् पैकेजों को सीमा शुल्क जांचकर्ता या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किसी अन्य प्राधिकारी की उपस्थिति में सीलबंद किया जाएगा ।

(2) (क) जहां आयुधों या गोला बारूद का भारत में आयात या अर्जित, उन्हें नेपाल सरकार के लिए नेपाल को प्रेषण हेतु किया जाता है, वहां उनके साथ भारतीय सीमा शुल्क प्राधिकारी या संबद्ध क्षेत्र के अनुज्ञापन प्राधिकारी से इस प्रभाव का एक प्रमाणपत्र संलग्न किया जाएगा कि उसमें प्रत्येक पैकेज या पेटी पर लगे चिन्हों का ऐसा वर्णन अंतर्विष्ट होगा, जो उनकी तुरंत पहचान करने में समर्थ बनाने हेतु पर्याप्त हो और साथ ही ऐसे पैकेज या पेटी की अंतर्वस्तु का साधारण विवरण भी लगाया जाएगा;

(ख) यथास्थिति, निकासी अभिकर्ताओं या संबद्ध फर्म से अध्यपेक्षा प्राप्त होने पर जिला मजिस्ट्रेट रेलवे स्टेशन तक आवश्यक अनुरक्षक उपलब्ध कराएगा;

(ग) रेल प्राधिकारी, तब तक प्रेषण हेतु आयुध या गोला बारूद को अंतर्विष्ट करने वाले किसी पैकेज या पेटी को प्राप्त नहीं करेगा, जब तक कि उसके साथ खंड (क) के अधीन अपेक्षित प्रमाणपत्र न लगा हो ।

(3) जहां ऐसे किसी मामले में, -

(i) उपनियम (1) में निर्दिष्ट सूची केन्द्रीय सरकार को प्राप्त नहीं होती है, या

(ii) भारत में आयातित या भारत से प्रेषित किए जाने के लिए आशयित आयुध या गोला बारूद ऐसी सूची में दिए गए वर्णन के तत्समान नहीं हैं,

वहां संबद्ध प्राधिकारी परेषण को नेपाल प्रेषित किए जाने की अनुज्ञा नहीं देंगे और इसकी जानकारी तुरंत केन्द्रीय सरकार को देंगे ।

111. नेपाल में किसी स्थान से भारतीय राज्यक्षेत्र के माध्यम से नेपाल के किसी अन्य स्थान को आयुधों का परिवहन - (1) नियम 6 और नियम 87 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, नेपाल में भारत का राजदूत, नेपाल सरकार द्वारा किए जाने वाले किसी आवेदन पर तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा पुष्टि के अधीन रहते हुए, अनुसूची 1 के प्रवर्ग 1 और 2 में या अनुसूची 1 के किसी अन्य प्रवर्ग में विनिर्दिष्ट आयुध या गोला बारूद को नेपाल के राज्यक्षेत्र में किसी स्थान से भारत की सीमाओं से होते हुए नेपाल राज्यक्षेत्र के किसी अन्य स्थान को, यथास्थिति, नेपाल सरकार की सेना या पुलिस के द्वारा भेजे जाने के लिए भारत में उनके आयात, कब्जे में रखने, भारत के राज्यक्षेत्र से आर-पार गुजरने या भारत से उनके निर्यात करने के लिए प्ररूप 15 में अनुज्ञप्ति मंजूर कर सकेगा ।

(2) जहां उपनियम (1) के अधीन मंजूर की गई किसी अनुज्ञप्ति के प्राधिकार के अधीन आयुध या गोला बारूद को भारतीय राज्यक्षेत्र से होकर गुजरना है, -

(क) यदि ऐसा पूर्ण रूप से रेल द्वारा किया जाना है तो अनुज्ञप्ति की एक प्रति राजदूत द्वारा तुरंत उन जिला मजिस्ट्रेटों को भेजी जाएगी, जो ऐसे क्षेत्रों पर अधिकारिता रखते हैं, जहां से भारतीय सीमाओं के भीतर आयुध या गोला बारूद को होकर गुजरना है और साथ ही भारतीय राज्यक्षेत्र में ऐसे स्थानों के, जहां से परेषण गुजरेगा, रेल प्राधिकारियों को भी दी जाएगी;

(ख) यदि ऐसा परिवहन सड़क या नदी मार्ग द्वारा किया जाना है, तो अनुज्ञप्ति की एक प्रति राजदूत द्वारा तुरंत उन जिला मजिस्ट्रेटों को भेजी जाएगी, जो ऐसे क्षेत्रों पर अधिकारिता रखते हैं, जहां से भारतीय सीमाओं के भीतर आयुध या गोला बारूद को गुजर कर नेपाल जाना है ।

(3) केन्द्रीय सरकार या केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से नेपाल में भारत का राजदूत, इस नियम में उल्लिखित आयुध या गोला बारूद को भारत की सीमाओं से गुजर कर नेपाल को सुरक्षित परिवहन को विनियमित करने वाला कोई आदेश कर सकेगा ।

अध्याय 11

प्रकीर्ण

112. सभी किस्मों की अनुज्ञप्तियों को लागू समान शर्तें - (1) अनुज्ञप्तिधारी,-

IndiaCode

(क) नियम 2 के खंड (22) में यथापरिभाषित सरकारी आयुध और गोला बारूद को कब्जे में नहीं रखेगा:

परंतु उपरोक्त शर्त को, अनुज्ञप्ति जारी करने वाले ऐसे प्राधिकारी द्वारा रद्द किया जा सकेगा, जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसा करने के लिए सशक्त किया गया है और ऐसे सरकारी आयुध या गोला बारूद को, जिसे अनुज्ञप्तिधारी कब्जे में रखने के लिए प्राधिकृत है, दर्शित करने वाला पृष्ठांकन उसमें जोड़ा जाएगा;

(ख) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मांग किए जाने पर, अनुज्ञप्ति के अधीन उसके कब्जे में रखे गए अग्न्यायुधों को प्रस्तुत करेगा;

(ग) उसकी अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले किन्हीं अग्न्यायुधों या गोला बारूद या उनके किसी भाग को, किसी ऐसे व्यक्ति को विक्रय या अंतरण नहीं करेगा, जो उन्हें कब्जे में रखने के लिए विधिपूर्वक हकदार नहीं है;

(घ) इस अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले किन्हीं आयुधों या गोला बारूद के गुम हो जाने या चोरी होने की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाने को देगा ।

(2) अनुज्ञप्ति के जारी रहने के दौरान, अनुज्ञप्ति मंजूर या उसका नवीकरण करने वाले प्राधिकारी को किसी भी समय यह जांच करने का अधिकार होगा कि क्या ऐसे आयुध या गोला बारूद, जिनके लिए अनुज्ञप्ति मंजूर की गई है, अभी भी अनुज्ञप्तिधारी के कब्जे में हैं अथवा नहीं और वह ऐसी किसी जांच के प्रयोजन के लिए ऐसे आयुधों या गोला बारूद को प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(3) वहां के सिवाय, जहां वह संबद्ध जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त विशेष रूप से प्राधिकृत है, अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति के अधीन आने वाले किसी आयुध को किसी शैक्षणिक संस्था या इन नियमों के अधीन अग्न्यायुध मुक्त जोन के रूप में घोषित किसी क्षेत्र के परिसर या परिसीमा के भीतर अपने पास नहीं रखेगा ।

113. अनुसूची 1 के प्रवर्ग 6 में विनिर्दिष्ट गोला बारूद के घटकों के भंडारण के लिए सुरक्षा और पूर्वाविधानी संबंधी शर्तें –

(क) क्लोरेट्स को किसी ऐसे भवन में रखा जाएगा, जिसका संनिर्माण केवल अज्वलनशील सामग्रियों से हुआ है जो आवासीय गृहों, अन्य भवनों, राजमार्ग, गली, लोक आवाजाही के स्थानों या सार्वजनिक स्थानों से कम से कम 10 फुट की दूरी पर होगा:

परंतु जहां भंडारित की गई क्लोरेट की कुल मात्रा एक सौ किलो से अनधिक है, वहां क्लोरेट को अनन्य रूप से बंद और सुरक्षित पात्र में किसी ऐसे भवन में रखा जाएगा, जिसका उपयोग अन्य ऐसी वस्तुओं को रखने के लिए किया जाता है, जो विस्फोटक या अतिज्वलनशील प्रकृति की नहीं है ।

(ख) सल्फर को अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों में किसी कक्ष में साल्टपीटर के साथ नहीं रखा जाएगा:

परंतु जब सल्फर और साल्टपीटर में से प्रत्येक की मात्रा एक सौ किलोग्राम से अधिक न हो, तब उन दोनों को पृथक-पृथक बंद पात्रों में एक ही कक्ष में रखा जा सकेगा ।

(ग) अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों या खंड (क) और (ख) के परंतुकों में उल्लिखित पात्रों के आस-पास के क्षेत्र में किसी भी समय कोई व्यक्ति धूम्रपान नहीं करेगा और खुले में आग नहीं लगाएगा ।

(घ) जहां ऐसी सामग्रियों के भंडारण के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले किसी भवन में इलैक्ट्रिक लाइटिंग या विद्युत फिट की गई है, वहां अज्ञनुप्तिधारी वर्ष में कम से कम एक बार या अनुज्ञप्ति जारी रहने के दौरान एक बार ऐसे प्रतिष्ठापनों का परीक्षण विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) के अधीन नियुक्त किसी इलैक्ट्रिकल निरीक्षक से करवाएगा ।

(ङ) अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट परिसरों के भीतर किसी दुर्घटना, आगजनी या विस्फोट के संबंध में, जिसके परिणामस्वरूप किसी मानवीय जीवन की हानि हुई है या किसी व्यक्ति या संपत्ति को गंभीर क्षति पहुंची है, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा तुरंत, उसके कारबार या कारखाने के स्थान पर अधिकारिता रखने वाले निकटतम पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी और साथ ही संबद्ध सर्कल के विस्फोटक निरीक्षक को रिपोर्ट की जाएगी ।

(च) क्लोरेट के साथ मिश्रित करके सल्फर को विस्फोटकों में परिवर्तित करने की अनुमति केवल निम्नलिखित प्रयोजनों (और किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं) के लिए दी जाएगी, अर्थात्:-

(i) वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए लघु मात्राओं में; या

(ii) माचिस की तीलियों के शीर्ष भाग के विनिर्माण के प्रयोजनों के लिए; या

(iii) खिलौना एमोर्सिस में उपयोग के लिए (खिलौना पिस्तौलों के लिए कागज के आवरण)

अनुसूची—1

(नियम—3 देखें)

भाग—क

प्रवर्ग		आयुध		गोला बारूद
	(1)	(2)		(3)
I	(क)	**प्रतिषिद्ध आयुद्ध**		**प्रतिषिद्ध गोला बारूद**
		(i) अधिनियम की धारा—2(1)(i) में यथा परिभाषित प्रतिषिद्ध आयुद्ध ; (ii) सैनिक प्रयोग के लिए समनुरूप मदे ; (iii) हल्के शस्त्र ; (iv) प्रवर्ग I(ख), I(ग) और III में परिभाषित के अलावा लघु आयुध जिसके अंतर्गत स्वचालित और चयनीय फायर है ।		(i) अधिनियम की धारा—2(i)(ज) में यथा परिभाषित प्रतिषिद्ध गोला बारूद ; (ii) सैनिक प्रयोग के लिए समनरूप गोला बारूद्ध (iii) हल्के हथियारों के लिए गोला बारूद्ध (iv) प्रवर्ग I(ख), I(ग) और III में परिभाषित के अलावा लघु अयुध के लिए गोला बारूद्ध जिसके अंतर्गत स्वचलित और चयनीय फायर है ।
	(ख)	**निर्बंधित आयुध** अर्द्धस्वचालित अग्न्यायुध जिन्हें स्वचालित अग्न्यायुध और प्रवर्ग III(क), III(ख) और III(ग) में उनके अलावा परिभाषित अन्रू में संपरिवर्तित नहीं किया जा सकता है ; साफ नलवाली बंदूक जिसमें 20 ईच से कम लम्बा बैरल है ; किसी भी बैरल लम्बाई की सैन्टरफायर राईफल (अर्द्ध स्वचालित) ; पंद्रह फीट से अधिक की फायरिंग रेंज जिसमें इलेक्ट्रोनिक नि:शक्तता युक्ति हो ।		**निर्बंधित गोला बारूद** आयुध के प्रवर्ग I (ख) के लिए गोला बारूद
	(ग)	**निर्बंधित आयुध**		**निर्बंधित गोला बारूद**
		आयुध के प्रवर्ग (i) प्रवर्ग I(ख), III(ख) और III(ग) में उल्लिखित राइफलों से भिन्न राईफल	अधिव्यास/कोष्ठ विनिर्देश 7.62 एम.एम (7.62 एम.एम नाटो/7.62X51 नाटो) 5.56 एम.एम (5.56 एम.एम नाटो/5.56X45 एम.एम) 7.62 एम.एम X39 एम.एम .303 ब्रिटिश या 7.7X56 एम.एम.आर	प्रवर्ग I(ग) के आयुध के लिए गोला बारूद ।

			(i)	पिस्तोल	9 एम.एम पैराबेलम (9X19 एम.एम/9 एम.एम लूगर/9 एम.एम पैराबेलम प्लस/9 एम.एम पैराबेलम	
			(ii)	रिवॉल्वर	.38 रिवॉल्वर एम.के II जेड .38/200X20 आर, .380/200 रिवॉल्वर एम.के—II .455 वैब्ले आर	
II			अग्न्यायुध के विनिर्माण या प्रमाण परीक्षण के लिए मशीनरी			गोला बारूद के विनिर्माण के लिए मशीनरी
III			**अनुज्ञेय आयुध** प्रवर्ग I, II और IV में परिभाषित आयुध से भिन्न आयुध, अर्थात् :			**अनुज्ञेय गोला बारूद** प्रवर्ग I, II और IV में परिभाषित से भिन्न गोला बारूद, अर्थात् :
	(क)		हैन्डगन (रिवाल्वर और पिस्टल जिसके अंतर्गत अर्द्ध स्वचालित है)			प्रवर्ग III(क) के आयुध के लिए गोलावारूद
	(ख)		नालपृष्ठ भरण केन्द्रफायर राईफल (जो अर्द्ध-स्वचालित नहीं हैं)			प्रवर्ग III(ख) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(ग)		.22 बोर रिमफायर बंदूक (जिसके अंतर्गत अर्द्ध स्वचालित भी हैं)			प्रगर्व III(ग) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(घ)		साफ बोर नलपृष्ठ भरण शॉटगन्स (जिसके अंतर्गत अर्द्ध स्वाचालित भी है)			प्रवर्ग III(घ) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(ङ)		नालमुख—भरण गन्स			प्रवर्ग III(ङ) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(च)		वायु शस्त्र जिसके अंतर्गत एयर राईफल और एयर गन हैं ।			
		(i)	जिसमें 20 जूल या 15 फीट एल.बी.एस से अधिक नालमुख ऊर्जा हो और/या 0.177" या 4.5 एम.एम से कम बोर			प्रवर्ग (च)(i) के आयुध के लिए गोलाबारूद
		(ii)	जिसमें 20 जूल या 15 फीट एल.बी.एस से अधिक नालमुख ऊर्जा हो और/या 0.177" या 4.5 एम.एम से कम बोर			प्रवर्ग (च)(ii) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(छ)		अग्न्यायुध प्रविकृतियां			
		(i)	आधुनिक या समकालीन अग्न्यायुध			शून्य
		(ii)	नालमुख भरण प्राचीन शस्त्र			शून्य
	(ज)		इलेक्ट्रोनिक रूप से असमर्थ युक्तियां जिनकी गोली चलाने की रेंज पंद्रह फीट से कम है			प्रवर्ग (ज) के आयुध के लिए गोलाबारूद

IndiaCode

	(झ)	पेंटबाल मार्कर या पेंटबाल गन्स जिसमें 900 एम.एम या 300 फीट/एस (300 एफ.सी.एस) से अधिक नालमुख ऊर्जा हो।	शून्य
	(ञ)	खाली-गोलीबारी वाले अग्न्यायुध	प्रवर्ग III(ञ) के आयुध के लिए गोलाबारूद
	(ट)	किसी अग्न्यायुध के लिए उपसाधकों को इस तरह डिजाइन या परिस्थितियों के अनुकूल बनाया गया है जिससे गोलीबारी से होने वाले शोर या चमक को कम किया जा सके।	शून्य
IV		अधिनियम की धारा 45(ग) के अधीन उन अपवर्जित शस्त्रों के अतिरिक्त कलाकृतिक और ऐतिहासिक शस्त्र।	कलाकृतिक और ऐतिहासिक गोलाबारूद
V		अग्न्यायुध के अतिरिक्त आयुध तेजधार और घातक शस्त्र, अर्थात् तलवार (जिसके अंतर्गत तलवार छड़ें है) कटार, बेनट, भाला, (जिसके अंतर्गत वल्लम और बरछा है), युद्ध-कुल्हाड़ी, छुरा (जिसके अंतर्गत कृपाण और खुखरी है) और इसके अतिरिक्त घरेलू कृषि, वैज्ञानिक या औद्योगिक प्रयोजनार्थ उपयोग के लिए डिजाइन किए गए के अतिरिक्त अन्य ऐसे शस्त्र जिनकी धार 9 से लम्बी या 2 से चौड़ी हो, इस्पात, बेद्धन, "जिपो" और अन्य ऐसे शस्त्र जो जीव परिरक्षक आयुध बनाने के लिए मशीने जो प्रवर्ग II के अतिरिक्त है और अन्य काई आयुध जो केन्द्रीय सरकार अधिनियम की धारा 4 के अधीन अधिसूचित कर सके	शून्य
		भाग ख	
		अन्य मदों और आयुध के संघटक	
	प्रवर्ग	मदें	
VI	(क)	विस्फोटक या स्फूर्जनकारी माल युक्त वस्तुएं : खाली गोली बारी वाले कारतूस के अतिरिक्त पलीता और घर्षण नलिका	
	(ख)	अधिनियम की धारा 2(1)(ख)(vii) में यथा परिभाषित संघटक, जिसके अंतर्गत :—	
		(i) सीसा, सल्फर, शोश और सोडियम अजाइड ; (ii) क्लोरेट्स और प्रति कलोरेट्स ; (iii) विखंडनीय सामग्री ; और (iv) श्वासावरोधी, जहरीला, प्रवाहजनक था अन्य गैसें और सदृश दृव, सामग्री या यन्त्र, जो भारत में सद्भाविक औद्योगिक प्रक्रिया में प्रयोग नहीं होते हैं	

IndiaCode

अनुसूची II

(नियम 5 देखें)

अनुज्ञापन प्राधिकारी यदि

मद सं०	प्रयोजन	अनुसूची I में यथापरिभाषित आयुध/गोलाबारूद के प्रवर्ग	स्थान/वर्ग के व्यक्ति	अनुज्ञापन प्राधिकारी	क्षेत्र जिसके लिए अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जा सकती है	नवीकरण प्राधिकारी	प्ररूप सं०	शर्तें
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	अर्जन/कब्जा आयात और परिवहन	I (क) II	सम्पूर्ण भारत	केन्द्र सरकार गृह मंत्रालय	संपूर्ण भारत या कोई विनिर्दिष्ट भाग	केन्द्र सरकार या गृह मंत्रालय	I	—
2	अर्जन/कब्जा और उपयोग	III () III (ग) III (घ) III (ङ) V,VI	जिला	जिला मजिस्ट्रेट	सर्वत्र जिला	जिला मजिस्ट्रेट	II	—
3	अर्जन/कब्जा/ संरक्षण के लिए वहन और उपयोग/खेल/ लक्ष्य/पद्धति/ संप्रदर्शन	(i) I (ख) I (ग)	संपूर्ण भारत	केन्द्र सरकार का गृह मंत्रालय	संपूर्ण भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	जिला मजिस्ट्रेट	III	—
		(ii) III [च(ii) और (छ) (ii) के सिवाय], V, VII	(ii) जिला	जिला मजिस्ट्रेट	सर्वत्र जिला या उनका अधिकारिता क्षेत्र	जिला मजिस्ट्रेट	III/V	—
		III [च(ii) और (छ) (ii)] V,VI	(ii) संपूर्ण भारत	जिला मजिस्ट्रेट	संपूर्ण भारत	जिला मजिस्ट्रेट	III/V	—
		III [च(ii) और (छ) (ii)] V,VI	(ii) संपूर्ण भारत	जिला मजिस्ट्रेट	संपूर्ण भारत	जिला मजिस्ट्रेट	III/V	नियम 19 उप-नियम (2) में उल्लिखित अनुज्ञप्तिधारियों के प्रवर्गों के लिए जिला मजिस्ट्रेट संपूर्ण भारत में अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए सशक्त है
		(iii) I (ख), I (ग)	छूट प्राप्तकर्ता के प्रतिधारण की दशा में	केन्द्र सरकार का गृह मंत्रालय	भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	राज्य सरकार या राज्य सरकार द्वारा इस निमित विशेष रूप से सशक्त अधिकारी	III अ	—

IndiaCode

		III [(घ)(ii) और (छ)(ii) के सिवाय] V VI	(i) जिला	जिला मजिस्ट्रेट	सर्वत्र	जिला मेजिस्ट्रेट	III–अ	—
			(ii) राज्य	जिला मजिस्ट्रेट	संपूर्ण राज्य	जिला मेजिस्ट्रेट	III–अ	—
			(iii) संपूर्ण भारत	राज्य सरकार	संपूर्ण	जिला मेजिस्ट्रेट	III–अ	—
4.	अर्जन/कब्जा/ वन्य जीव, जंतुओं के विनाश के लिए उपयोग औश्र वहन, जो मनुष्य पालतु पशुओं को क्षति करना है और फसल को नुकसान पहुंचता है।	III(ख), III(ग), III(घ), III(ङ) V	जिला	राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त विशेष रूप से सशक्त जिला मेजिस्ट्रेट या कोई अधिकारी	सर्वत्र जिला	अनुज्ञापन प्राधिकारी के समान	IV	—
5(क)	खेल प्रतियोगिता/ आयोजन या खेल प्रतयोगिता श्रंख्ला/या पशिक्षण में भाग लेने के लिए भारत में दौरे पर आए अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ीयो द्वारा आयुध या गोलाबारूद का आयात, कब्जा, वहन और उपयोग	III [च(ii) और (छ)(ii) के सिवाय]	संपूर्ण भारत	उस देश का, जिससे खिलाड़ी संबंध रखते है भारतीय उच्च आयोग का प्रमुख या भारतीय दूतावास का प्रमुख या भारत में प्रवेश करने/पहुंचने वाले बंदरगाह का जिला मेजिस्ट्रेट या केन्द्रीय सरकार द्वारा विशेष रूप से सशक्त कोई अन्य अधिकारी	भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	अनवीकरणीय	VI	अनुज्ञप्ति, अधिकतम छह मास की अवधि या वीजा की वैद्यता की अवधि तक जो भी पूर्वतर हो के लिए विधिमान्य होगी और केवल निशाने -बाजी खेल के प्रयोजन के लिए अनुदत की जाएगी।
5(ख)	किसी पर्यटक द्वारा उसके ठहरने के अनुष्ठान के दौरान अर्जन, कब्जा (परंतु उपयोग नहीं) और भारत से बाहर निर्यात और में वहन	III [(च)(ii) और (छ)(ii) के सिवाय] IV,V (केवल भारत में निर्मित)	—	राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से सशक्त जिला मजिस्ट्रेट या कोई अधिकारी	—	अनवीकरणीय	VI	अनुज्ञप्ति अधिकतम छह मास की अवधि या वीजा की वैद्यता की अवधि तक जो भी पूर्वतर हो, के लिए विधिमान्य होगी और केवल भारत में निर्मित हथियारों के लिए अनुदत्त की जाएगी।

5(ग)	आयात/निर्यात अनुज्ञप्ति की अन्य अस्थाई प्रवर्ग	III	संपूर्ण	नियम 45(ii) में परिभाषित व्यक्ति जिस देश से संबंध रखते है का मुख्य भारतीय उच्च आयोग या भारतीय दूतावास	भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	—		अनुज्ञप्ति अधिकतम छह मास की अवधि या बीजा की वैद्यता की अवधि तक जो भी पूर्वतर हो, के लिए विधिमान्य होगी और नियम 45(1) में यथा उल्लिखित प्रयोजन के लिए अनुदत्त की जाएगी।
6(क)	विनिर्माण या प्रमाण परीक्षण या दोनों, अंतरण, विक्रय, विक्रय के लिए रखें या अंतरण	समस्त [III(च) के सिवाय]	सर्वत्र भारत	केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	केन्द्र सरकार का गृह मंत्रालय	VII	प्ररूप IX में अनुज्ञप्ति धारण करने वाले विद्यमान विनिर्माताओं के लिए नवीकरण प्राधिकारी राज्य सरकार होगी।
		III (च)	सर्वत्र भारत	राज्य सरकार	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VII	इन नियमों की अधिसूचना के एक वर्ष के भीतर सभी प्रकार के सभी वायु शस्त्र के सभी विनिर्माताओं को विनिर्माण अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करनी होगी।
6 (ख)	विनिर्माण, अंतरण, विक्रय, विक्रय के लिए रखे, या अंतरण	V	राज्य	जिला मेजिस्ट्रेट	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VII–अ	—
6 (ग)	विनिर्माण, अंतरण, विक्रय, विक्रय के लिए रखें या अग्नयायुध की अंतरित प्रतिकृति	III (छ)	राज्य	जिला मेजिस्ट्रेट	परिसर के भीरत जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VII–अ	इन नियमों की अधिसूचना के एक वर्ष के भीतर, अग्न्यायुध प्रतिकृतियां जिसके अंतर्गत प्राचीन हथियार भी हैं के सभी

IndiaCode

								विद्यमान विनिर्माताओं को विनिर्माण अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी है
7 (क)	विक्रय, अंतरण या परीक्षण (प्रमाण परीक्षण के अतिरिक्त) और विक्रय अंतरण या परीक्षण के लिए रखे	I (ख) I (ग)	राज्य	राज्य सरकार	परिसर के भीरत जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	राज्य सरकार	VIII	—
		III,V, VI	राज्य	राज्स सरकार	परिसर के भीरत जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VIII	—
7 (ख) सुरक्षित अभिरक्षा में रखे जाने के लिए		क्र.स. 7(क) के अधीन जारी अनुज्ञप्ति में आयुध और गोलावारूद के प्रवर्गों के लिए						
		I(ख), I(ग) III, V,VI	राज्य	राज्य सरकार	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VIII	—
7 (ग)	विक्रय, अंतरण और विक्रय के लिए रखे, अंतरण	III (च) (ii)	राज्य	जिला मेजिस्ट्रेट	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट किया जाए	जिला मजिस्ट्रेट	VII अ	इन नियमोंकी अधिसूचना के एक वर्ष के भीतर प्रवर्ग III (च)(ii) के वायु शस्त्रों के सभी विद्यमान, व्यवहारियों को वायु शस्त्र व्यवहारी अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी।
8(क)	अग्न्यायुध को, संपरिवर्तित, लघुतर, मरम्मत (मुख्य) या (प्रमाण) प्रशिक्षण के अतिरिक्तों या संपरिवर्त न के लिए रखे जाने के लिए मरम्मत (मुख्य) या प्रशिक्षण प्रमाण	I(ख), I(ग) III, V, (ख)	राज्य	राज्य सरकार	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट हो।	जिला मजिस्ट्रेट	IX	प्रवर्ग I(क) और II के अतिरिक्त

IndiaCode

	प्रशिक्षण के अतिरिक्त के अतिरिक्त के लिए बंदूक बनाने वाले को अनुज्ञप्ति							
8 (ख)	अग्न्यायुध को मरम्मत (लघु) या प्रशिक्षण (प्रमाण) प्रशिक्ष (प्रमाण प्रशिक्षण के अतिरिक्त) या मरम्मत में रखे जाने के लिए (लघु) या प्रशिक्षण के अतरिक्त के लिए बंदूक बनाने वाले को अनुज्ञप्ति ।	I (ख), I (ग), III	राज्य	जिला मेजिस्ट्रेट			IX अ	—
9 (क)	भारत में आयुध और गोला बारूद का आयात	(i) I (ख) I (ग)	(i) भारत में किसी सीमा शुल्क बंदरगाह पर	(क) केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय		अनवीकरणीय	I	—
		(i) III	(ii) भारत में किसी सीमा शुल्क बंदरगाह पर	(ख) केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय			X	—
	अप्रचलित आयुध गोला IV	बोर और जो भारत में विनिर्दिष्ट नहीं है के लिए व्यवहारियों द्वारा बारूद का आयात V VI	(ii) भारत में किसी सीमा शुल्क बंदरगाह पर	(ग) स्थान जहां पर आयातक स्थित है या जिसकी अधिकारिता में आयात बंदरगाह स्थित है के जिला मजिस्ट्रेट		अनवीकरणीय	X	—
		(iv) सल्फर	(vi) काकीनाड़ा, टूटीकोरीन औथ कोच्चि के बंदरगाह पर	(ग) आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु या केरला की राज्य राज्य सरकार		अनवीकरणीय	X	चिकित्सीय, कृषिय या औद्योगिक प्रयोजन के लिए उचित मात्रा
9 (ख)	(i) समस्त	(i) विदेशी क्षेत्र को आयात	(i) भारत में किस सीमा शुल्क बंदरगाह से विदेशी क्षेत्र के बंदरगाह में	केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय या केन्द्रीय सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से सशक्ता कोई अधिकारी	– –	अनवीकरणीय	X	—
		(ii) III(छ)(i), IV, V, VI		(ii) राज्य की सरकार जिसमें नियतिक स्थित है		अनवीकरणीय	X	—

9 (ग)	(i) अभिवहन अनुज्ञप्ति और निर्यात और पुन:निर्यात के लिए अनुज्ञप्ति	(i) समस्त	(क) भारत के एक बंदरगाह से दूसरे बंदरगाह के बीच	(क) केन्द्रीय सरकार का गृह मंत्रालय द्वारा प्रयोजन के लिए विशेष रूप से सशक्त कोई अधिकारी		अनवीकरणीय	X	—
		(ii) III IV V VI	(ख) नेपाल में किसी स्थान से	(ख) नेपाल में भारत का राजपूत		अनवीकरणीय		—
10.	भारत में किसी बंदरगाह में या से होकर यात्रा का वहन	समस्त [III (च) (ii), III (छ) (ii)के सिवाय]	सर्वत्र भारत	जिला मजिस्ट्रेट	भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	अनवीकरणीय	XII	—
11	परिवहन	I(ख), I(ग), III[(च) (ii) और (छ) (ii) के सिवाय] IV V VI	सर्वत्र भारत	जिला मजिस्ट्रेट	भारत या उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	अनवीकरणीय	XII	—
12	प्रमाण प्रशिक्षण के लिए गन वैरल/ पूर्ण अग्नयायुध के प्रेषण के लिए परिवहन अनुज्ञप्ति	III	सर्वत्र भारत	जिला मजिस्ट्रेट	-	अनवीकरणीय	XIII	-
13	परिवाहक को अनुज्ञप्ति	I(I), I(ग), III [(च) (ii) और (छ) (ii) के सिवाय] IV, V, VI	सर्वत्र भारत	राज्य सरकार	भारत का उसका कोई विनिर्दिष्ट भाग	जिला मजिस्ट्रेट	XIV	-
14	नेपाल सरकार की सेना और पुलिस द्वारा भारत से बाहर आयात में, कब्जा और परिवहन	समस्त	नेपाल	नेपाल में भारत के राजदूत	-	अनवीकरणीय	XV	केन्द्रीय सरकार के पुष्ट के अध्यधीन रहते हुए
15	अग्नायुध मुक्त ज़ोन	समस्त	जिला	जिला मजिस्ट्रेट	परिसर के भीतर जो अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट हो	जिला मजिस्ट्रेट	XVI	-

Indiacode

अनुसूची III

भाग-I

अनुज्ञप्ति प्ररूप

प्ररूप-I

निम्नलिखित के लिए अनुज्ञप्ति—

(अ) अनुसूची I [के प्रवर्ग I(क) और II में अग्न्यायुध या गोलाबारूद का अर्जन/कब्जा/ आयात और परिवहन ; और]

(आ) अनुसूची I [के प्रवर्ग I (ख) और I (ग) में अग्न्यायुध और गोलाबारूद का आयात]

यू०आई०एन०

अनुज्ञप्तिधारी और अभिकर्ता (यदि कोई है) का नाम, विवरण और निवास	पैकेज संख्या	तोप के केलिवर या अन्य वस्तुओं के विनिर्देश के सहित विवरण	वस्तुओं की संख्या	आयात या परिवहन की दशा में स्तंभों का भरा जाना			अवधि जिसके लिए अनुज्ञप्ति विधिमान्य है	उपयोग जिसके लिए वस्तुओं का रखा जाना
				प्रेषण का स्थान और मार्ग	गंतव्य स्थान	परेषिती का नाम, विवरण और निवास		
1	2	3	4	5	6	7	8	9

_____20 _____

नियम (7) के अधीन तारीख जिस पर निम्नलिखित को प्रति भेजी गई—

जिला मजिस्ट्रेट_____, जिला

_____20_____

(हस्ताक्षर)

सचिव/ संयुक्त सचिव
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

(मोहर)

या

नियम के अधीन हस्ताक्षर हेतु विशेष रूप से
सशक्त अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम

अनुज्ञप्ति के नवीकरण का प्ररूप			
नवीकरण की तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत का अवसान होता है	नवीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर और पदनाम	मोहर
1	2	3	4

शर्तें

इन नियमों के नियम 112 में अंतर्विष्ट साधारण शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्नलिखित अतिरक्त शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी जिसमें—

1. आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के सभी उपबंधों के अधीन रहते हुए, यह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है।

2. यह केवल स्तम्भ 2, 3 और 4 में विनिर्दिष्ट आयुध और गोलाबारूद और स्तम्भ 9 में दर्शित प्रयोजनों का समावेश करता है।

3. आयात और परिवहन की दशा में—

(क) प्रत्येक पैकेज को विषय-वस्तुओं का लेखा उस पर सुपाठ्य रूप से लिखा जाएगा ;

(ख) वस्तुओं के गंतव्य स्थान पर पहुंचने से पहले बल्क टूटेगा नहीं ;

(ग) वस्तुएं केवल उसी व्यक्ति को व्यक्ति परिदत्त की जाएंगी जो वैधानिक रूप से उन्हें प्राप्त करने का हकदार है।

IndiaCode

4. अनुज्ञप्तिधारी किसी अग्न्यायुध या गोलाबारूद या उसके किसी भाग के विघटन या निपटान के उसके आशय का संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी को पूर्व सूचना देगा ; जिसके न होने पर, वस्तुओं के विघटन या निपटान का प्रमाण अनुज्ञापन प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए उन्हें देना होगा ।

प्ररूप II

अनुसूची I के प्रवर्ग III (ख), III (ग), III (घ), III (ङ), IV या VI क के आयुध या गोलाबारूद के अर्जन, कब्जे और उपयोग के लिए अनुज्ञप्ति

यू०आई०एन०_____

अनुज्ञप्तिधारी और अभिकर्ता (यदि कोई है) का नाम, विवरण और निवास	आयुध का नाम और विवरण	गोला बारूद		स्थान (विवरण सहित) जहां वस्तुओं को रखा जाए	अवधि जिसके लिए अनुज्ञप्ति विधिमान्य है
		विवरण	परिमाण		
1	2	3	4	5	6

_____20_____

हस्ताक्षर

अनुज्ञापन प्राधिकारी_____

पदनाम_____

स्थान_____

अनुज्ञप्ति नवीकरण का प्ररूप			
नवीकरण की तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत अनुज्ञप्ति का अवसान होता है	नवीकरण प्राधिकारी का हस्ताक्षार और पदनाम	मोहर
1	2	3	4

शर्तें

नियम 112 में अंतर्विष्ट साधारण शर्तों और इन नियमों के नियम 113 में अंतर्विष्ट गोलाबारूद के संघटकों मे संबंधित विनिर्दिष्ट सुरक्षा शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्नलिखित साधारण शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी—

1. आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के सभी उपबंधों अधीन रहते हुए, यह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है ।

2. यह केवल स्तम्भ 2, 3 और 4 में विनिर्दिष्ट आयुध या गोलावारूद का तब तक समावेश करता है, जब तक कि वह स्तम्भ 5 में वर्णित स्थान पर रखा रहता है, लेकिन अनुज्ञप्ति धारक को निम्नलिखित के लिए प्राधिकृत नहीं करता है—

(i) आयुध का वहन करना ;

(ii) सरकारी आयुध या गोलावारूद को रखना ।

3. जहां शैक्षणिक संस्थान द्वारा पोटेशियम क्लोरेट का कब्जाधीन करने के लिए अनुज्ञप्ति इन प्ररूप में अनुदत्त की जाती है, निम्नलिखित अग्रिम शर्तें लागू होंगी :—

(क) प्रयोगशाला के प्रयोजन के लिए अपेक्षित भण्डारित क्लोरेट का परिमाण निम्नतम होना चाहिए जो कि अनुज्ञापन प्राधिकारी को संस्थान अध्यक्ष द्वारा यथाप्रमाणित किया गया हो ;

(ख) कब्जाधीन क्लोरेट स्टॉक को एक सुनिर्मित ताला व चाबी युक्त कप बोर्ड या अलमारी कर्मचारीवृंद के जिम्मेदार सदस्य के नियन्त्रण और पर्यवेक्षण के अधीन रखा जाना चाहिए और स्थान जहां रसायनों को रखा जाना है, पर्याप्त रूप से सुरक्षित होना चाहिए ;

(ग) कर्मचारिवृंद के जिम्मेदार सदस्यों द्वारा निरन्तर अंतराल पर कब्जाधीन क्लोरेट का जारी करने और बकाया के लेखों को रखा जाना चाहिए और वास्तविक स्टॉक के साथ जांच की जानी चाहिए । किसी मेजिस्ट्रेट या किसी पुलिस अधिकारी द्वारा या इंस्पेक्टर के टैंक से कम का न हो द्वारा मांग करने पर जांच के लिए लेखे उपलब्ध कराए जाने चाहिए ।

प्ररूप III

अनुसूची I के प्रवर्ग I (ख), I (ग), III, V, VI के खेल/ लक्ष्य पद्धति/ संरक्षण/ संप्रदर्शन हेतु आयुध या गोलाबारूद के अर्जन/ कब्जा/ वहन और उपयोग के लिए अनुज्ञप्ति

अनुसूची I

यूआईएन	अनुज्ञप्ति का क्रम सं०	अनुज्ञप्ति धारक का नाम जन्मतिथि और निवास	आयुध और गोलाबाररूद जिसे अनुज्ञप्ति धारक कब्जे के लिए हकदार है					
			ब्यौरे सहित प्रत्येक हथियार का संक्षिप्त विवरण उदारणर्थ पहचान चिह्न, विनिर्माता की क्रम सं० आदि	प्रत्येक तरह के गोलाबरूद का परिमाण और विवरण				
				किसी एक समय पर कब्जा किया जाना है	वर्ष के दौरान खरीद योग्य	क्षेत्र जिसमें अनुज्ञप्ति विधिमान्य है	तारीख जिस पर अनुज्ञप्तिका अवसान होता है	तारीख, जिस पर नियम 18 के अधीन अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष जांच हेतु अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों को प्रस्तुत जाएगा
1	2	3	4	5	6	7	8	

IndiaCode

_____200_____

(स्पष्ट अक्षरों में)/हस्ताक्षर

पदनाम_____

स्थान_____

अनुज्ञापन प्राधिकारी का नाम

या

मोहर

नियम 5 के अधीन हस्ताक्षर हेतु विशेष रूप से सशक्त अधिकारी के हस्ताक्षर

पदनाम_____

स्थान_____

प्रतिधारक की विशिष्टियां (कंपनियों की दशा में)			
1.	प्रतिधारक का नाम		
2.	पिता का नाम		
3.	जन्म की तारीख		
4.	स्थाई पता और नज़दीकी पुलिस थाना		
टिप्पण :– अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से सटांपित और हस्ताक्षरित अनुज्ञप्ति पर प्रतिधारक का फोटो चिपकाया जाए ।			

नवीकरण अनुज्ञप्ति का प्ररूप				
नवीकरण की तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत अनुज्ञप्ति का अवसान होता है	नवीकरण प्राधिकारी का नाम (बड़े अक्षरो में)/ हस्ताक्षर और पदनाम	नियम 5 के अधीन अनुज्ञप्ति को हस्ताक्षरित करने के लिए वेशेष रूप मे सशक्त अधिकारी के हस्ताक्ष और पदनाम	मोहर
1	2	3	4	5

शर्तें

इन नियमों के नियम 12 में अंतर्विष्ट साधारण शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्निलिखित अतिरिक्त शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी—

(1) आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के समस्त उपबंधों के अधीन रहते हुए अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है ।

(2) यह केवल इसमें वर्णित नामित व्यक्ति और आयुध या गोलाबारूद का समावेश करता है ।

(3) अनुज्ञप्ति धारक स्तम्भ 9 में यथाविनिर्दिष्ट अनुदत्त या विस्तारित समय सीमा के भीतर आयुध को अनुज्ञप्ति के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष अर्जित और प्रस्तुत करेगा । यदि विनिर्दिष्ट या विस्तारित अवधि के भीतर अनुज्ञप्तिधारी, आयुध अर्जित करने में और अनुज्ञप्ति या आयुध प्रस्तुत करने में या दोनों में असफल रहता है, यथास्थिति अनुज्ञप्ति की मान्यता समाप्त हो जाएगी ।

(4) अनुज्ञप्तिधारी, किसी आयुध या गोलाबारूद को खरीदते समय विक्रेता के हस्ताक्षरित निम्नलिखित विशिष्टियों को अपनी अनुज्ञप्ति पर, पृष्ठांकित करना होगा, अर्थात्—

(क) व्यक्ति, जो क्रय की गई वस्तुओं को प्राप्त करता है, का नाम, विवरण और विवास ;

(ख) क्रय की गई वस्तुओं की प्रकृति और परिमाण ; और

(ग) क्रय की तारीख,

और आयुध या गोलाबारूद, अनुज्ञप्तिधारी व्यवहारी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से क्रय किया गया है, ऐसे प्राधिकरण द्वारा इस प्रयोजन के लिए विहित ऐसी अवधि के भीतर प्राधिकारी जिसने अनुज्ञप्ति अनुदत्त की है, को खण्ड (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां लिखित रूप में प्रस्तुत करेगा ।

(5) अनुज्ञप्तिधारी, एक वर्ष में क्रय के लिए रकम और रकम और एक समय में कब्जाधीन किया सकने वाली रकम जैसा कि नियम 23 में अधिकथित है अधिकतम विहित से अधिक किसी प्रकार के गोलाबारूद की खरीद नहीं करेगा । यदि, तथापि, कोई अनुज्ञप्तिधारी वर्ष के अंत से पूर्व ही उसे क्रय योग्य गोलाबारूद के कुल परिमाण का नि:शेष कर देता है, तो उसे अनुज्ञापन प्राधिकारी के विवेक पर क्रय योग्य कुल परिमाण में अच्छे और पर्याप्त कारणों से अस्थाई वद्धौतरी दी जा सकती है :

परंतु यह कि अनुज्ञप्तिधारी को संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा समझे गए समुचित पड़ोसी राज्य के किसी प्राधिकृत आयुध और गोलाबारूद व्यवहारी से गोलाबारूद क्रय करने की अनुज्ञा दी जा सकती है और ऐसे अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इसके प्रभाव में अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकन किया जाएगा ।

(6) किन्हीं पूर्वगामी शर्तों के उल्लंघन के लिए इस अनुज्ञप्ति के अमान्यकरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यह शून्य होगी, यदि—

(क) अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु हो जाती है ; या

(ख) उसके अंतर्गत कोई हथियार—

(i) विक्रित या अतरित है ; या

(ii) डिक्री के निष्पादन में संलग्न है ;

परंतु यह कि जहां हथियार विक्रित या अंतरित किया गया है, अनुज्ञापन प्राधिकारी, उपर लिखित शर्त (3) की पूर्ति के अध्यधीन रहते हुए और अनुज्ञप्ति धारक को उसके द्वारा इस निमित विनिर्दिष्ट ऐसी अवधि के भीतर समान विवरण के नए हथियार अर्जित करने की अनुज्ञा दे सकता है।

(7) अनुज्ञप्तिधारी, इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त अग्नयायुध मुक्त ज़ोन में किसी अग्न्यायुध का वहन नहीं करेगा। आगे, अनुज्ञप्तिधारी सार्वजनिक स्थान पर अग्न्यायुध का वहन नहीं करेगा जब तक कि—

(क) हैन्डग्न की दशा में—

(i) हैन्डग्न के वहन और अपने शरीर से लगाकर रखने के लिए में अग्न्यायुध डिजाइन, विनिर्मित या उपयुक्त का वहन न किया गया हो ; या

(ii) रकसैक या समान पकड़ में अग्न्यायुध का वहन न किया गया हो ; या

(ख) किसी अन्य अग्न्यायुध की दशा में, अग्न्यायुध लाने ले जाने के लिए डिजाइन, विनिर्मित या उपयुक्त पकड़ का वहन न किया गया हो।

आगे अग्न्यायुध–पूरी तरह से ढका होना चाहिए और अग्न्यायुध का वहन करने वाला व्यक्ति ऐसे अग्न्यायुध पर प्रभावशाली नियंत्रण का प्रयोग करने में समर्थ होना चाहिए।

(8) अनुज्ञप्तिधारी सार्वजनिक स्थान पर अग्न्यायुध की ब्रांडिंग के लिए नहीं घुमाएंगा, न ही किसी विवाह के अवसर पर जन सभा, या जलूस या किसी पब्लिक समारोह या निर्मित क्षेत्र में अग्न्यायुध का वहन या निर्वहन करेगा।

(9) अनुज्ञप्तिधारी किसी अग्न्यायुध को चिह्नित नहीं करेगा, चाहे वह उचित कारण बिना किसी के किसी अन्य व्यक्ति पर भरा गया हो या नहीं या निर्वहन के योग्य है।

(10) अनुज्ञप्तिधारी, जब ऐसे अग्न्यायुध, अपने पास वहन नहीं कर रहा हो या उसके सीधे नियन्त्रण में न हो, तो वह अपने कब्जाधीन अग्न्यायुध को ताला और चाबी लगाकर सुरक्षित स्थान पर रखना सुनिश्चित करेगा।

(11) अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति या अग्न्यायुध के हानि चोरी या नष्ट होने के जानकार होने के पश्चात् 24 घण्टे के भीतर आयुध अनुज्ञप्ति या अग्न्यायुध के किसी हानि ; चोरी या नष्ट होने पर ऐसी घटना के बारे में नजदीकी पुलिस थाने में रपट करेगा।

(12) अनुज्ञप्तिधारी, अनुसूची IV के अधीन लागू फीस के संदाय के साथ संबद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी के पास अपनी अनुज्ञप्ति की विधिमान्य अवधि के अवसान से निम्नतम 60 दिन पूर्व अनुज्ञप्ति नवीकरण का आवेदन जमा करेगा।

(13) सरकारी आयुध या गोलाबारूद को कब्जे में रखने की अनुज्ञा अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा जी सकती है, यदि ऐसा करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा, अनुज्ञप्तिधारी की अनुज्ञप्ति जिसे वह रखने के लिए प्राधिकृत है पर सरकारी आयुध या अग्न्यायुध को दिखा कर पृष्ठांकन करते हुए, मशक्त किया जाता है।

<u>अतिरिक्त अनुज्ञप्ति के अधीन नियम 20 के लिए शर्तें : —</u>

(14) अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी, अतिरिक्त अनुज्ञप्ति के अनुदत्त के लिए आवेदन करने के समय पर अपने नाम पर कोई वैयक्तिक अनुज्ञप्ति नहीं धारण करेगा। आगे, अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी, अवधि जिसके दौरान वह अतिरिक्त अनुज्ञप्तिधारी है किसी वैयक्तिक अनुज्ञप्ति के आवेदन हेतु पात्र नहीं होता है।

(15) अतिरिक्त अनुज्ञप्ति धारक अपनी अतिरिक्त अनुज्ञप्ति पर किसी आयुध और गोलाबारूद के अर्जन या क्रय, विक्रय या अंतरण करने के लिए प्रतिषिद्ध है। केवल मूल अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध और गोलावारूद को अतिरिक्त अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित करवाया जा सकता है।

(16) अतिरिक्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि और विधिमान्यता का क्षेत्र मूल अनुज्ञप्ति के समरूप दर्जे का होगा। अतिरिक्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता के समरूप दर्जे का होगा। अतिरिक्त अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता मूल अनुज्ञप्ति के साथ व्यपगत हो जाएगी और यदि किसी संभाव्यता मूल अनुज्ञपति निलंबित, प्रतिसंहित या रद्द हो जाती है, तो अतिरिक्त अनुज्ञप्ति समान परिणाम के अध्ययधीन होगी।

(17) अतिरिक्त अनुज्ञप्ति धारित व्यक्ति का मूल अनुज्ञप्तिधारी के परिसर से अस्थाई या स्थाई तौर पर स्थानान्तरित हो जाने की दशा में अतिरिक्त अनुज्ञप्ति स्वत: व्यपगत हो जाएगी और ऐसी अतिरिक्त अनुज्ञप्ति को अनुज्ञापन के पास तुरंत अभ्यर्पित किया जाएगा।

प्ररूप III-अ

खेल/संरक्षण/संप्रदर्शन के प्रयोजन हेतु आयुध या गोलाबारूद के एक छूटप्राप्तकर्ता के प्रतिधारक द्वारा कब्जे और वहन के लिए अनुज्ञप्ति

यू आई एन	अनुज्ञप्ति क्रम सं०	अधिनियम की धारा 41 के अधीन छूट प्राप्त व्यक्ति का नाम, विवरण और निवास, जिसने अनुज्ञप्ति को नामनिर्दिष्ट किया है	अनुज्ञप्तिधारी का नाम और निवास	अनुज्ञप्तिधारी के माता-पिता का नाम और निवास	आयुध और गोलाबारूद जिनका अनुज्ञप्तिधारी कब्जा करने और वहन करने का हकदार है	अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता का क्षेत्र अर्थात् सर्वत्र भारत या जिला है		तारीख जिस पर अनुज्ञप्ति का अवसान होता है या अधिनियम की धारा 41 के अधीन तारीख जिस पर स्तंभ 3 में विनिर्दिष्ट व्यक्ति को छूट प्राप्त होना समाप्त होती है (जो भी पहले हो)
					व्यौरे सहित प्रत्येक हथियार का संक्षिप्त विवरण उदाहरण के लिए पहचान चिह्न, विनिर्माता की क्रम सं० आदि	प्रत्येक किस्म के गोलाबारूद का परिमाण और विवरण		
1	2	3	4	5	6	7	8	9

अनुज्ञापन अधिकारी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)/हस्ताक्षर
पदनाम
स्थान

...../...../20 (मोहर)

या

नियम 5 के अधीन अनुज्ञप्ति हस्ताक्षर करने के लिए विशेष रूप से सशक्त अधिकारी के हस्ताक्षर
पदनाम
स्थान

अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु प्ररूप				
नवीकरण का तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत अनुज्ञप्ति का अवसान हुआ	अनुज्ञापन प्राधिकारी का नाम (पूरे अक्षरों में)/हस्ताक्षर और पदनाम	नियम 5 के अधीन हस्ताक्षर हेतु विशेष रूप से सशक्त अधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम	मोहर
1	2	3	4	5

शर्तें

इन नियमों के नियम 112 में रखी गई साधारण शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी :—

1. आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के समस्त उपबंधों के अधीन रहते हुए यह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है।

2. यह केवल इस अनुज्ञप्ति के स्तंभ 4 में नामित व्यक्ति और स्तंभ 6 और 7 में वर्णित गोलाबारूद के अंतर्गत आता है ।

3. यह अनुज्ञप्ति उस व्यक्ति को, जो उसकी ओर से नामनिर्दिष्ट है और अधिनियम की धारा 41 के अधीन छूट प्राप्त व्यक्ति जिसने स्वयं को ही अपना प्रतिधारक प्रमाणित किया है, को अनुदत्त होगी और केवल इसकी ओर से ऐसे छूट प्राप्त व्यक्ति की संपत्ति के रूप में विनिर्दिष्ट गोला बारूद के संदर्भ में अनुदत्त होगी ।

4. इस अनुज्ञप्ति का अनुदत्त/नवीकरण उस शर्त के अध्यधीन है कि अधिनियम की धारा 41 के अधीन तारीख, जिस पर अनुज्ञप्ति के स्तंभ 3 में विनिर्दिष्ट व्यक्ति को प्राप्त छूट समाप्त होती है, को इसका अवसान होगा, जहां ऐसी तारीख उस तारीख से पूर्वतम है अनुक्रम में अन्यथा अवसान हो गई होती ।

5. अनुज्ञप्तिधारी, इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले किसी आयुध का वहन नहीं करेगा अन्यथा खेल/संरक्षण/संप्रदर्शन के प्रयोजन के लिए सद्भाव के अंतर्गत हो ।

प्ररूप III-आ

कंपनियों के प्रतिधारक को अनुज्ञापत्र

कंपनी द्वारा सत्यापित प्रतिधारक का पासपोर्ट आकार फोटो

अनुज्ञप्तिधारी की विशिष्टियां		
1.	कंपनी का नाम	
2.	अनुज्ञप्ति पर वर्णित पता	
3.	अनुज्ञप्ति संख्या और यू आई एन	
4.	अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि	
5.	अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता का क्षेत्र	
6.	जिम्मेदार व्यक्ति का नाम, पदनाम सहित	
व्यक्ति जिसकी विशिष्टियां नीचे ब्यौरेबद्ध हैं, एतदद्वारा कंपनी के आयुध प्रतिधारक के रूप में नियुक्त हुआ है, उसे कंपनी स्तंभ 3 में उल्लिखित कंपनी की अनुज्ञप्ति के अंतर्गत स्तम्भ 10 और 11 में उल्लिखित आयुध या गोलाबारूद के जिम्मेदार व्यक्ति के तौर पर मेरे द्वारा जारी समस्त विधिपूर्ण आदेशों के कब्जे, वहन और उपयोग की हकदारी दी जारी है		
प्रतिधारक की विशिष्टियां		
7.	प्रतिधारक का नाम	
8.	पिता का नाम	
9.	प्रतिधारक का नाम और नजदीकी पुलिस थाना	
10.	प्रतिधारक को न्यस्त शस्त्र के ब्यौरे	
	प्रकार	
	केलिबर/बोर	
	हथियार संख्या	
11.	प्रतिधारक को न्यस्त गोला बारूद का परिमाण	
12.	अनुज्ञापन की विधिमान्यता	दिन/माह/वर्ष
13	प्रतिधारक के हस्ताक्षर	
स्तंभ 7 में उल्लिखित प्रतिधारक अपने साथ यह अनुज्ञापन आयुध और गोलाबारूद के वहन पर ले कर जाएगा और अनुज्ञप्ति के अंतर्गत नहीं आने वाले क्षेत्र में आयुध या गोला बारूद का वहन नहीं करेगा		

अनुज्ञापन प्राधिकारी की स्टेम्प और मोहर

कंपनी की ओर से हस्ताक्षर करने वाले जिम्मेदार व्यक्ति के हस्ताक्षर स्टेम्प सहित

IndiaCode

प्ररूप IV

जंगली जानवर, जो मनुष्यों या पशुओं को हानि और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, के विनाश हेतु आयुध या गोला बारूद के अर्जन/कब्जे/वहन और उपयोग के लिए सम्मिलित अनुज्ञप्ति

यू आई एन	अनुज्ञप्ति संख्या	अनुज्ञप्तिधारी का नाम, विवरण और निवास	आयुध और गोला बारूद			स्थान और क्षेत्र जिसके भीतर अनुज्ञप्ति विधिमान्य है	अवधि जिसके लिए अनुज्ञप्ति विधिमान्य है	नियम 18 के अधीन तारीख जिस पर अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों को निरीक्षण हेतु अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध कराबाया जाएगा।
			प्रत्येक हथियार की ब्यौरे सहित संक्षिप्त विवरण, उदारहण, के लिए विनिर्माता का क्रमांक सं० और पहचान चिन्ह यदि कोई है	प्रत्येक प्रकार के गोला बारूद का परिमाण और विवरण				
				किसी एक समय पर अधिकतम कब्जाधीन	वर्ष के दौरान अधिकतम क्रय योग्य			
1	2	3	4	5	6	7	8	9

जंगली जानवर जो मनुष्यों या पशुओं को हानि पहुंचाते हैं, के विनाश की दशा में	फसलों के नुकसान के विरूद्ध संरक्षण
अनुज्ञप्तिधारी को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) के अधीन अनुदत अनुज्ञा-पत्र के अनुसार इस अनुज्ञप्ति के अधीन जंगली जानवरों का विनिर्देश जो विनाश हेतु अनुज्ञाप्राप्त हैं	मैजिस्ट्रेट की उपाधि और निवास जिसे प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर और 31 दिसम्बर के बीच अनुज्ञप्ति और हथियार दिखाए जाने चाहिए
10	11

(हस्ताक्षर)
अनुज्ञापन प्राधिकारी
पदनाम
स्थान

...../...../20 (मोहर)

IndiaCode

अनुज्ञप्ति नवीकरण का प्ररूप			
नवीकरण की तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत अनुज्ञप्ति का अवसान होगा	नवीकरण प्राधिकारी का हस्ताक्षर और पदनाम	मोहर
1	2	3	4

शर्तें

इन नियमों के नियम 112 में रखी गई साधारण शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी—

1. यह अनुज्ञप्ति—

(क) आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के सभी उपबंधों के अधीन अनुदत की जाती है ;

(ख) यथास्थिति, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के संदर्भ में जहां उक्त अधिनियम लागू है, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के उपबंध 11 और 39 (1972 का 53) या अन्य सुसंगत धाराओं के अध्यधीन अनुदत है।

2. अनुज्ञप्तिधारी स्तम्भ 7 में अंतर्विष्ट स्थान या क्षेत्र के अलावा अन्य स्थान या क्षेत्र में, जंगली जानवर, जो मनुष्यों या पशुओं को हानि और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, के सद्भावपूर्वक विनाश से अन्यथा इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले किसी आयुध का वहन नहीं करेगा।

3. अनुज्ञप्तिधारी, नियम 23 में दी गई अधिकतम सीमाओं के अध्यधीन रहते हुए, अनुज्ञप्ति के स्तम्भ 5 और 6 के अधीन अधिकतम अनुज्ञात से अधिक किसी प्रकार के गोला बारूद का क्रय या कब्जा नहीं करेगा।

4. अनुज्ञप्तिधारी किसी आयुध या गोलाबारूद की खरीद के समय विक्रेता के हस्ताक्षर अधीन अपनी अनुज्ञप्ति पर निम्नलिखित विशिष्टियों को पृष्ठांकिक करेगा, अर्थात् :—

(क) व्यक्ति, जो क्रय की गई वस्तुओं का परिदान करता है, का नाम, विवरण और निवास ;

(ख) क्रय की गई वस्तुओं की प्रकृति और परिमाण, और

(ग) क्रय की तारीख ;

और यदि आयुध अनुज्ञप्त व्यवहारी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से क्रय किया जाता है, तो वह प्राधिकारण के समक्ष जिसने उसे अनुज्ञप्ति अनदत्त की थी, को खंड (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों को लिखित रूप में ऐसे प्राधिकरण द्वारा इस प्रयोजन के लिए विहित अवधि के भीतर देगा।

5. अनुज्ञप्तिधारी स्तम्भ (9) में विनिर्दिष्ट अनुदत्त या विस्तारित समय सीमा के भीतर, अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष, अनुज्ञप्ति के साथ आयुध को अर्जित और प्रस्तुत करेगा। यदि अनुज्ञप्तिधारी विनिर्दिष्ट या विस्तारित अवधि के भीतर आयुध अर्जित करने और आयुध या अनुज्ञप्ति या दोनों को प्रस्तुत करने में असफल रहता है, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति प्रकृत नहीं रहेगी।

6. जंगली जानवर, जो मनुष्यों या पशुओं को हानि और फललों को नुकसान पहुंचाते हैं के लिए अनुदत्त इस अनुज्ञप्ति और इसके अंतर्गत आने वाले हथियारों को अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक वर्ष में एक बार 15 वर्ष नवंबर और 31 दिसम्बर के बीच स्तम्भ 11 में निर्दिष्ट मेजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

7. आगे,

(क) अनुज्ञप्तिधारी, इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले किसी आयुध या गोला बारूद को किसी व्यक्ति को उधार नहीं देगा

(ख) जहां, किसी फसल के मौसम को समाप्ति के पश्चात्, राज्य सरकार के विचार से यह समीचीन है कि किसी क्षेत्र में वन्य जीव के संरक्षण के लिए इस प्रकार का कोई अनुज्ञप्त आयुध या गोला बारूद पुलिस थाने में या अनुज्ञप्त व्यवहारियों के पास जमा करना चाहिए, जो आदेश द्वारा ऐसी अवधि के लिए किसी अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ऐसे अग्न्यायुध या गोलाबारूद को जमा करने की अपेक्षा करता है जिसमें फसलों के संरक्षण और जैसा इसमें विनिर्दिष्ट हो सके के लिए आयुध अपेक्षित नहीं है, और ऐसा होने पर अनुज्ञप्तिधारी ऐसे आदेश की अनुपालन के लिए बाध्य होगा।

8. किन्हीं पूर्वगामी शर्तों के उल्लंघन के लिए इस अनुज्ञप्ति के अमान्यकरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यह शून्य होगी, यदि—

(क) अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु हो जाती है ; या

(ख) इसके कोई हथियार—

(i) विक्रित या अंतरित है ; या

(ii) डिक्री के निष्पादन में संलग्न है ;

परन्तु यह कि जहां हथियार विक्रित या अंतरित किया गया है, अनुज्ञापन प्राधिकारी, अनुज्ञप्तिधारी को उसके द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट ऐसी अवधि के भीतर समान विवरण के नए हथियार अर्जित करने की अनुज्ञा दे सकता है।

IndiaCode

प्ररूप V

अग्न्यायुध या गोलाबारूद के, खेल/लक्ष्यित अभ्यास के प्रयोजन के लिए अनुज्ञप्ति का अर्जन/कब्जा और उपयोग

यू आई एन	अनुज्ञप्ति का क्रमांक सं०	मैस, क्लब या संगम या फायरिंग रेंज का नाम, विवरण और स्थान	आयुध और गोलाबारूद जिनको अनुज्ञप्ति धारक कब्जा करने का हकदार है		स्थान जिसके भीतर अनुज्ञप्ति विधिमान्य है	तारीख जिसपर अनुज्ञप्ति अवसान होता है	नियम 18 के अधीन तारीख जिस पर अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष जांच के लिए प्रस्तुत की जाएगी
			किसी एक समय में अधिकतम कब्जाधीन	वर्ष के दौरान अधिकतम क्रय योग्य			
1	2	3	4	5	6	7	8

अनुज्ञापन प्राधिकारी का नाम (बड़े अक्षरों में)/हस्ताक्षर
पदनाम
स्थान
या
नियम 5 के अधीन अनुज्ञप्ति हस्ताक्षर करने के लिए विशेष रूप से सशक्त अधिकारी के हस्ताक्षर
पदनाम
स्थान

मोहर

IndiaCode

अनुज्ञप्ति के नवीकरण का प्ररूप

नवीकरण की तारीख और वर्ष	तारीख जिस पर नवीकृत अनुज्ञप्ति का अवसान हुआ	नवीकरण प्राधिकारी का नाम (बड़े अक्षरों में) हस्ताक्षर और पदनाम	नियम 5 के अधीन अनुज्ञप्ति को हस्ताक्षरित करने के लिए विशेष रूप से सशक्त अधिकारी का हस्ताक्षर और पदनाम	मोहर
1	2	3	4	5

शर्तें

इन नियमों के नियम 112 में रखी गई साधारण शर्तों के अतिरिक्त, यह अनुज्ञप्ति निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगी—

(1) आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के सभी उपबंधों के अधीन रहते हुए यह अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है ।

(2) इसके अंतर्गत केवल नामित मैस, क्लब, संगम या फायरिंग रेंज और इसमें वर्णित आयुध और गोला बारूद आते हैं ।

(3) अनुज्ञप्ति धारक स्तम्भ 8 में यथाविनिर्दिष्ट अनुदत्त या विस्तारित समय सीमा के भीतर, अनुज्ञप्ति सहित आयुध का अर्जन और उत्पादन एक साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष करेगा । यदि अनुज्ञप्ति धारक विनिर्दिष्ट या विस्तारित समय के भीतर आयुध को अर्जित और अनुज्ञप्ति या आयुध या दोनों को प्रस्तुत करने में असफल रहता है, यथास्थिति अनुज्ञप्ति प्रकृत नहीं रहेगी ।

(4) अनुज्ञप्तिधारी, किसी आयुध या गोलाबारूद के क्रय के समय, विक्रेता के हस्ताक्षर के अधीन अपनी अनुज्ञप्ति पर निम्नलिखित विशिष्टियों को पृष्ठांकित करेगा, अर्थात्

(क) व्यक्ति जो मैस, क्लब या संगम की ओर से क्रय की गई वस्तुओं का परिदान करता है, का नाम, विवरण और निवास ;

(ख) क्रय की गई वस्तुओं की प्रकृति और परिमाण ; और

(ग) क्रय करने की तारीख ;

और यदि आयुध या गोलाबारूद, अनुज्ञप्त व्यवहारी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से क्रय करता है, तो इस प्रयोजन के लिए उस प्राधिकरण द्वारा विहित ऐसी अवधि जिसके भीतर प्राधिकारी जिसने यह अनुज्ञप्ति अनुदत की है को खंड (ख) और (ग) में विनिर्दिष्ट विशिष्यियों को लिखित में प्रस्तुत किया जाएगा।

(5) अनुज्ञप्तिधारी का लिखित प्रमाणपत्र जो प्रस्तावित क्रय की रकम को प्रमाणित करता हो के सिवाय गोलाबारूद का क्रय तथापि अनुज्ञात नहीं है, उसके कब्जाधीन गोलाबारूद का कुल परिमाण, जो वह एक समय में कब्जा करने का हकदार है या 2 वर्ष के लिए उसके कुल भत्ते से, अधिक नहीं होगा।

(6) मैस, क्लब या संगम या फायरिंग रेंज अनुज्ञप्ति के स्तम्भ 4 और 5 के अधीन अनुज्ञात परिमाण से अधिक या अधिकतम गोला बारूद का क्रय का कब्जा नहीं करेगा, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा एक वर्ष में क्रय योग्य रकम और किसी एक समय में रखी जा सकने वाली रकम, का समय समय पर निर्धारण कर जा सकता है। स्वयं के उपयोग हेतु उपयुक्त गोलाबारूद और ऐसी मैस, कल्ब, संगम या फायरिंग रेंज के रजिस्ट्रीकृत सदस्यों द्वारा उपयुक्त को अंतर्विष्ट करने के लिए अर्जित और उपयुक्त गोला बारूद की तालिक पोषित की जाएगी।

प्ररूप V-अ

प्राधिकार पत्र [नियम 36 (4) के अधीन उधारदाता द्वारा जारी किया जाना है]		
उधारदाता की विशिष्टियां		
1.	उधारदाता का नाम, जो समर्पित खिलाड़ी है	
2.	यू आई एन	
3.	अनुज्ञप्ति संख्या	
4.	अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि	
5.	अनुज्ञप्ति में यथा उल्लिखित पता	
6.	दूरभाष/मोबाईल संख्या	
ऋणी की विशिष्टियां		
1.	ऋणी का नाम, जो समर्पित खिलाड़ी है	
2.	माता-पिता/पति-पत्नी का नाम	
3.	सदस्यता संख्या (ऋणी के राईफल क्लब या संगम का रजिस्ट्रीकृत सदस्य होने की दशा में)	
4.	निवास का पता	
5.	दूरभाष/मोबाइल संख्या	
6.	प्राधिकरण के अनुदत्त का प्रयोजन (प्रशिक्षण/लक्ष्य/अभ्यास/खेल आयोजन)	
7.	अवधि जिसके हेतु प्राधिकार को जारी किया जा रहा है (अधिकतम अवधि : 3 मास)	
8.	क्षेत्र जिसके भीतर प्राधिकरण विधिमान्य है	
9.	शूटिंग रेंज का नाम और पता जहां अग्न्यायुध और गोला बारूद का वहन किया जाना है	

आयुध और गोलाबारूद, जिसे ऋणी प्रशिक्षण/लक्ष्य अभ्यास के लिए वहन और उपयोग करने का हकदार है, का ब्यौरा			
विशिष्टियां	अग्न्यायुध-1	अग्न्यायुध-2	अग्न्यायुध-3
अग्न्यायुध का ब्यौरा			
प्रकार			
बोर			
संख्या			
गोला बारूद			
कारतूस की संख्या			
उपसाधन			

(उधारदाता का नाम और हस्ताक्षर)

प्ररूप V-आ

राईफल क्लब/संगम के सदस्य को पास (क्लब/संगम के मुद्रित लेटरहैड पर जारी किया जाए)		
अनुज्ञप्तिधारी की विशिष्टियां		
1.	राईफल क्लब/संगम का नाम	
2.	यू आई एन	
3.	अनुज्ञप्ति संख्या	
4.	जिम्मेदार व्यक्ति का नाम	
5.	रजिस्ट्रीकृत पता	
6.	दूरभाष/मोबाईल संख्या	
सदस्य जिसे पास जारी किया जा रहा है, की विशिष्टियां		
1.	सदस्य का नाम	
2.	माता-पिता/पति-पत्नी का नाम	
3.	सदस्यता संख्या	
4.	निवास पता	
5.	दूरभाष/मोबाइल संख्या	
6.	पास के अनुदत्त का प्रयोजन (मरम्मत/प्रशिक्षण/लक्ष्य/अभ्यास/खेल आयोजन)	
7.	अवधि जिसके पास जारी किया जा रहा है	
8.	क्षेत्र जिसके भीतर पास विधिमान्य है	
9.	शूटिंग रेंज का नाम और पता जहां अग्न्यायुध और गोला बारूद का वहन किया जाना है	

IndiaCode

आयुध और गोलाबारूद, जिसे पास धारक मरम्मत/प्रशिक्षण/लक्ष्य अभ्यास के लिए वहन करने का हकदार है, का ब्यौरा			
विशिष्टियां	अग्न्यायुध-1	अग्न्यायुध-2	अग्न्यायुध-3
अग्न्यायुध का ब्यौरा			
प्रकार			
बोर			
संख्या			
गोला बारूद			
कारतूस संख्या			
उपसाधन			

शूटिंग क्लब/संगम की ओर से जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित/स्टांपित

प्ररूप VI

अस्थाई आयात/निर्यात अनुज्ञप्ति

अनुज्ञप्ति संख्या_____

*अनुज्ञप्तिधारी का प्रवर्ग जैसा लागू हो	अनुज्ञप्तिधारी का नाम और विवरण, अनुज्ञप्तिधारी की राष्ट्रीयता और पासपोर्ट संख्या या खेलने वाली टीम/समूह का समूह नेता या प्रबंधक	आयुध या गोलाबारूदज जो प्रवर्ग (1) में उल्लिखित अनुज्ञप्तिधारी कब्जा करने और वहन करने का हकदार है		भारत में आगमन का स्थान	भारत में प्रस्थान का स्थान	अवधि जिसके लिए अनुज्ञप्ति विधिमान्य है
		प्रत्येक हथियार का संक्षिप्त विवरण	प्रत्येक तरह के गोलाबारूद का परिमाण और विवरण			
1	2	4	5	6	7	8

मोहर (हस्ताक्षर)
अनुज्ञापन प्राधिकारी
पदनाम
स्थान

* ऊपर दिए गए स्तम्भ 1 के अनुसार अनुज्ञप्तिधारी का प्रवर्ग

प्रवर्ग	अनुज्ञप्ति का प्रकार	अनुसूची I में विनिर्दिष्ट आयुध का प्रवर्ग
(क)	खिलाड़ी, शूटिंग खेल आयोजन के दौरान या विज़ा की विधिमान्यता तक, जो भी पहले हो, के लिए भारत में आयात करने कब्जाधीन, उपयोग (शूटिंग खेल आयोजन हेतु), यात्रा, आर-पार परिवहन और भारत से बाहर निर्यात का हकदार है	III
(ख)	पर्यटक, भारत में अपने ठहरने के दौरान, अर्जन, कब्जा (परंतु उपयोग नहीं) करने का वहन/निर्यात भारत के बाहर करने का हकदार है	III, IV, V
(ग)	विदेशी आगंतुक, आयात, कब्जा, व्यापार या खेल शो परसंप्रदर्शन करने और भारत से बाहर निर्यात करने का हकदार है	III
(घ)	विदेशी सरकार का कोई अधिकारी या विख्यात विदेशी आगंतुक या विदेशी विधि प्रवर्तन अधिकारी, विदेश मंत्रालय के पूर्विक अनुमोदन के साथ आयात, कब्जा, वहन और भारत से बाहर निर्यात करने का हकदार है	III
(ङ)	एक विधिसम्मत व्यक्ति, केन्द्रीय सरकार के पूर्विक अनुमोदन के साथ आयात, कब्जा, वहन और भारत से बाहर निर्यात करने का हकदार है	III

IndiaCode

शर्तें

1. यह अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम 2016 के सभी उपबंधों के अधीन प्रदान की जाती है ।

2. इसके अंतर्गत केवल वे व्यक्ति जिनके नाम और वह आयुध और गोला-बारुद जो इसमे विहित है, आते है।

3. किसी भी भारतीय बन्दरगाह पर पहुँचने पर, पासपोर्ट/वीजा के साथ अनुज्ञप्ति पहुँच के बन्दरगाह के अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा, इसके साथ अनुज्ञप्तिधारी से एक वचनबंध लिया जाएगा कि भारत में उसके प्रवास की अवधि में अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकित आयुध या गोला-बारुद को किसी अन्य व्यक्ति विक्रय या अन्तरण नहीं करेगा जिसके लिए इस संबंध में अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा उस पासपोर्ट /वीजा में जिसमें, उस आयुध और गोला-बारुद जिसके लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है, की पूर्ण विशिष्ट्या दी गई है, पृविष्टि की जाएगी।

4. भारत में प्रवास की अवधि में अनुज्ञप्तिधारी, जब तक कि अनुज्ञप्ति प्रदान करने वाले प्राधिकारी द्वारा इस निमित विशेष रुप से सशक्त किया गया हो, आयुध या गोला-बारुद को किसी मेले के धार्मिक जलूस में या अन्य किसी पब्लिक संग्रह में या निवेश के अन्दर या किसी शैक्षणिक संस्थान के परिवेश में या किसी अगन्यायुध मुक्त क्षेत्र में नहीं ले जा सकेगा।

5. अनुज्ञप्ति

(क). किसी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी या किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मांग करने पर इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले अगन्यायुध को प्रस्तुत करेगा।

(ख) इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले आयुध या गोला-बारुद के खो जाने पर या चोरी हो जाने पर तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचना देगा।

6. अनुज्ञप्तिधारी द्वारा, जब वह भारत में होगा, इस अनुज्ञप्ति के अंतर्गत आने वाले किसी आयुध या गोला-बारुद या उसके किसी भाग को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय किया जाना या अन्तरण किया जाना प्रतिषेध होगा।

7. अनुज्ञप्तिधारी भारत को छोड़ते समय अगन्यायुध को प्रस्तुत करेगा और बन्दरगाह पर या भारत मे प्रस्थान के अन्य स्थान पर इस निमित्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सशक्त पासपोर्ट जांच प्राधिकारी या अन्य अधिकारी को अपनी अनुज्ञप्ति वापिस करेगा।

8. श्रेणी IV आयुध का नियति केवल जब अनुज्ञात किया जाऐगा यदि आवेदन के साथ केन्द्रीय सरकार के पुरातत्व विज्ञान के महा-निदेशक का यह प्रमाण- पत्र कि नियति किया जाने वाला आशयित आयुध पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम,1972 (1972 का 52) के अधीन पुरावशेष की परिभाषा में नहीं आता है, लगा हुआ है।

प्ररुप VII

यू आई एन———————— अनुज्ञप्ति संख्या————————

अगन्यायुध/गोला-बारुद

के

विनिर्माण ————प्रमाण————————————विनिमार्ण और प्रमाण परीक्षण के लिए अनुज्ञप्ति

अनुज्ञप्ति	विनिर्माण किए जाने वाले अनुज्ञात अगन्यायुध का विवरण		गोला बारुद का विवरण		प्रमाण परीक्षण किए जाने वाले अग्न्यायुध का प्रति वर्ग	उस रेंज या अन्य स्थान का नम जहां परीक्षण को अनुज्ञात किया गया है	अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीख
	प्रवर्ग	वार्षिक उत्पादन (संख्या)	प्रवर्ग	वार्षिक उत्पादन (संख्याक या किग्रा में भार			
1	2	3	4	5	6	7	8

----------20----------

तारीख जब एक प्रति नियम 7 (2) के द्वारा ----------राज्य सरकार के ---------जिले के जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई है।

----------20----------

(मोहर)

(हस्ताक्षर)
सचिव/संयुक्त सचिव
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
या
नियम 5 के अधीन अनुज्ञप्ति पर
हस्ताक्षर करने के लिए विशेष रुप से
सशक्त अधिकारी का हस्ताक्षर और
पदनाम

अनुज्ञप्ति के नवीकरण का प्ररुप			
नवीकरण की तारीख और वर्ष	नवीकृत अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीख	नवीकरण करने वाले प्राधिकारी का हस्ताक्षर	मोहर
1	2	3	4

शर्तें

1. (क) यह अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम, 1959 और आयुध नियम, 2016 के सभी उपबंधों के अधीन प्रदान की जाती है।

   (ख) यह अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्तिधारी को क्रमशः स्तंभ 3 और स्तंभ 5 में यथाविनिर्दिष्ट अग्न्यायुध या गोला बारुद के विनिर्माण, या प्रमाण परीक्षण का हक देता है

2. अनुज्ञप्तिधारी से अनुज्ञप्ति प्रदान किए जाने के 7 वर्ष के अन्दर कारखाना परिसर का सनिर्माण करना, संयत्र और मशीनरियों को स्थापित करना अपेक्षित होगा।

3. अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति की आरम्भिक विधि मान्य अवधि के अन्दर परीक्षण करना और आदिप्ररुप विकसित करना अनुज्ञात है।

4. अनुज्ञप्तिधारी को अधिमानतः उत्पाद डिजाईन और विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए और विनिर्मित प्रमाण परीक्षण किये जाने वाले उत्पाद के अनुरक्षण और जीवन चक्र सहायता की सुविधा होना चाहिए।

5. विदेशी सहयोगी से या देशी अनुसंधान और विकास से अनुज्ञप्ति के अधीन उत्पादित किए जाने वाले अग्न्यायुध और गोला बारुद के लिए मानक और परीक्षण प्रक्रियाओं को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा सरकार नामित गुणवत्ता आश्वासन एंजेसी को उपलब्ध कराया जायेगा, जो अनुज्ञप्तिधारी के वाणिज्यिक उत्पादन को प्रारम्भ करने की अनुज्ञा के लिए आवेदन करने से पहने तैयार उत्पाद का परीक्षण और निगरानी द्वारा और गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रिया की संपरीक्षा करके निरीक्षण करेगी।

6. किसी नई विनिर्माण या प्रमाण परीक्षण सुविधा की स्थापना करने वाला अनुज्ञप्तिधारी, अग्न्यायुध और गोला बारुद के विनिर्माण हेतु वाणिज्यिक उत्पादन के लिए सूचना फाईल करने से पहले, रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा तैयार सुरक्षा निर्देशिका में अन्तर्विष्ट सुरकषा शर्तों का पूर्ण रुप से अनुपालन करेगा।

   (क) अनुज्ञप्ति, अनुज्ञप्तिधारी को, अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से किसी प्रत्यायित शूटिंग रैंज में परीक्षण के लिए किसी अग्न्यायुध या गोला बारुद को ले जाने का हकदार बनाती है।

   (ख) अनुज्ञप्ति, केवल तब तक विधि मान्य है जब तक अनुज्ञप्तिधारी उसके स्तंभ 1 में दर्शित जारी रखता है और यदि कारबार लगातार छः मास की अवधि से अधिक जारी नहीं रहता है तो यह स्वमेव ही व्यपगत हो जायगा।

   (ग) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति प्राधिकारी की मंजूरी के बिना इस अनुज्ञप्ति से संबंधित कोई भागीदारी नहीं करेगा।

7. अनुज्ञप्तिधारी सभी विनिर्मित या प्रमाण परीक्षित अग्न्यायुध का विर्निमित या अन्तरित सभी गोला बारुद का हाथ में सभी स्टाक का, और सभी क्रिक्रय का, ऐसे प्ररुपो में जो नियमों में विहित किए है विरि-------- को दर्शाते हुए रजिस्ट्र का अनुरक्षण करेगा, और अनुज्ञप्तिधारी उन अग्न्यायुध पर जिन्हे इन नियमों के नियम 59 के अनुसार प्रमाणित किया गया है प्रमाण परीक्षण और स्टाम्प परीक्षण-चिन्ह के कार्य को जारी रखेगा।

IndiaCode

8. अनुज्ञप्तिधारी, किसी मजिस्ट्रेट या केन्द्रीय सरकार ऐसी निदेश करती है, पुलिस अधिकारी निरिक्षक या कोई उप-निरिक्षक पक्ति से अन्युन रैक का कोई मांग करने पर अपने स्टांक और अपने रजिस्ट्रर को निरीक्षण हेतु उपलब्ध करायेगा।

9. अनुज्ञप्तिधारी अपने कारबार के स्थान और कारखाने के उस भाग पर जो सहदृशयमान हो पर कोई ऐसा साइन बोई लगायेगा जिस पर अंग्रेजी/हिंदी और जिले की भाषा में उसका नाम और अग्न्यायुध तथा गोला बारुद के विनिर्माण और /या प्रमाण परीक्षण के लिये अनुज्ञप्त शब्द बडे अक्षरों में लिखे होंगे।

10. अनुज्ञप्तिधारी स्तंभ 2 और 4 के अधीन विनिर्माण किए जाने वाने अग्न्यायुध और गोला-बारुद का विनिर्माण नहीं करेगा, केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना और ऐसो शर्तों के अधीन जिन्हे केन्द्रीय सरकार द्वार विहित किया जाए के सिवाय अपने कारबार का विस्तार नहीं करेगा।

11. अनुज्ञप्तिधारी उसके द्वारा विनिर्मित किसी अग्न्यायुध का किसी को तब तक नहीं विक्रय नहीं करेगा जब तक कि ------

(क) ऐसे अग्न्यायुध को किसी सरकारी स्थापन या इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त किसी प्रमाण गृह या संयुक्त अनुज्ञप्ति की दशा में गृह में प्रमाण परीक्षित द्वारा सम्यक रुप से प्रमाण परीक्षित नहीं किया गया है।

(ख) ऐसे अग्न्यायुध पर प्रमाण-चिन्ह न लगा हो और

(ग) ऐसे अग्न्यायुध पर नियम 58 द्वारा अपेक्षित पहचान चिन्ह नहीं लगा है।

12. अनुज्ञप्तिधारी अग्न्यायुध या गोला-बारुद का स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट कारबार या कराखाने के स्थान से अन्यत्र कही विक्रय नहीं करेगा।

13. अनुज्ञप्तिधारी विनिर्माण के समय अग्न्यायुध पर स्टाम्प किये गए या अन्यथा विनिर्माता क्रम संख्याक और अन्य पहचान चिन्हों की, यदि कोई हो, अपने रजिस्टर में प्रविष्ट करेगा।

14. अनुज्ञप्तिधारी अग्न्यायुध और गोला बारुद के सभी विक्रय और अन्तरण की जानकारी ऐसी व्यक्तियो को और ऐसी रीति में देगा जैसा केन्द्रीय सरकार निदेश कर देगा ।

